

कांग्रेस नेता राहुल बोले-जुबिन गर्ग की तरह कांग्रेस भी लोगों को एकजुट करने का काम करती है- 12




मौद्रिक समीक्षा और पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच शेयर बाजार में रहेगा उतार-चढ़ाव - 12




ईरान युद्ध से अमेरिका में बढ़ी महंगाई, अमेजन वसूल करेगी ईंधन अधिभार - 13




शमी की करिश्माई गेंदबाजी के बाद पंत के अर्धशतक से लखनऊ जीता - 14


आज का मौसम
26.0° अधिकतम तापमान
14.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.56
सूर्यास्त 06.33

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्थी 02:10 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 6 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 40, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# ईरानी क्षेत्र में जीवन-मरण मिशन में अमेरिका ने अपने पायलट को बचाया

## होर्मुज खेलने का अल्टीमेट आज होगा समाप्त, ट्रंप बोले- न खोला तो ईरान को नरक बना देंगे

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका ने अपने उस पायलट को दो दिन तक चले 'जीवन-मरण' वाले मिशन में सुरक्षित बचा लिया, जो तेहरान के हमले में अपने लड़ाकू विमान को निशाना बनाये जाने के बाद लापता हो गया था। अमेरिकी सेना ने इस अभियान को ईरान में घुसकर अंजाम दिया। ईरान द्वारा विमान को मार गिराए जाने के बाद अमेरिकी वायुसेना का अधिकारी दुश्मन से बचने के लिए पहाड़ों की एक दरार में छिप गया और 7,000 फुट की ऊंचाई तक चढ़ाई की। दो दिन तक चले इस मिशन में अमेरिकी सेना उसे सुरक्षित ले आई।

ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर अपने पोस्ट में, बचाए गए अधिकारी को एक अत्यंत सम्मानित कर्नल बताया। उन्होंने कहा, हमने ईरान के पहाड़ों के बीच से, गंभीर रूप से घायल और अत्यंत साहसी एफ-15 चालक दल के सदस्य/अधिकारी को बचा लिया है। व्हाइट हाउस ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर घोषणा की, हम किसी भी अमेरिकी सैनिक को कभी संकट में नहीं छोड़ेंगे। विमान के चालक दल के दो सदस्य बाहर निकलने में सफल रहे थे। इनमें से एक पायलट को तुरंत बचा लिया गया था, जबकि दूसरे पायलट की तलाश में अमेरिका ने ईरान में उतरकर दिन-रात एक कर दिया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि अगर अवरुद्ध होर्मुज को नहीं खोला गया, तो ईरान के ऊर्जा संयंत्रों और पुलों पर हमले किए जाएंगे। संयुक्त अरब अमीरात के एक पेट्रो-रसायन संयंत्र में रविवार को हुए हमले के बाद आग लग गई। वहीं, होर्मुज खोलने के लिए ईरान को 48 घंटे का अल्टीमेटम देने के कुछ ही घंटों बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार को फिर दावा किया कि तेहरान में एक भीषण हमले में ईरान के कई शीर्ष सैन्य अधिकारियों को खत्म कर दिया गया है।



### कुवैत में वित्त मंत्रालय व तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमले

**दोहा।** कुवैत में रविवार को वित्त मंत्रालय पर ड्रोन से हमला किया गया जिससे इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है जबकि शुवैख जिले में एक तेल रिफाइनरी में आग लग गई। हमले में मंत्रालय की इमारत को हुए भारी नुकसान के बाद कर्मचारियों को घर से काम करने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले, बुधवार को कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाया था।

### यह इतिहास का सबसे साहसिक रेस्क्यू ऑपरेशन

शनिवार देर रात 'ट्रुथ सोशल' पर ट्रंप ने घोषणा की कि अमेरिकी सेना ने अमेरिकी इतिहास के सर्वाधिक साहसिक खोज और बचाव अभियानों में से एक को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। उन्होंने कहा, यह बहादुर योद्धा ईरान के खतरनाक पहाड़ों में दुश्मन की सीमा में था, जहां हमारे दुश्मन उसकी तलाश कर रहे थे तथा हर गुजरते पल के साथ वे उसके और करीब आते जा रहे थे।



### ईरान के खिलाफ इस्तेमाल की आपत्तिजनक भाषा

**वाशिंगटन।** ईरान के खिलाफ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आपत्तिजनक का इस्तेमाल किया है, जिसकी अमेरिकी नेताओं ने आलोचना की है। ट्रंप ने रविवार सुबह एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अगर अवरुद्ध होर्मुज को नहीं खोला गया, तो ईरान के ऊर्जा संयंत्रों और पुलों पर हमले किए जाएंगे। ट्रंप ने अत्यंत आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए ईरान को चेतावनी दी कि अगर जलमार्ग को समुद्री यातायात के लिए नहीं खोला गया, तो ईरान को नरक बना दिया जाएगा।

# उत्तराखंड के मौसम प्रभावित किसानों को मिलेगी केंद्र से राहत

प्रमुख संवाददाता, देहरादून



- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ओलावृष्टि के कारण रबी फसलों को हुए नुकसान का लिया संज्ञान
- अधिकारियों को नुकसान का आकलन करने, राज्य सरकारों के साथ मिलकर सर्वे करने के निर्देश

**अमृत विचार :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उत्तराखंड सहित कई राज्यों में असामयिक वर्षा और ओलावृष्टि से रबी फसलों को हुए नुकसान का संज्ञान लिया है। उन्होंने अधिकारियों को नुकसान का आकलन करने, राज्य सरकारों के साथ मिलकर सर्वे करने और किसानों को पीएम फसल बीमा योजना के तहत राहत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

केन्द्रीय मंत्री ने रविवार को उत्तराखंड सहित अन्य प्रभावित राज्यों में फसलों (विशेषकर गेहूं) के नुकसान का तत्काल और सटीक आकलन करने को कहा है। साथ ही शिवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट किया है कि संकट की इस घड़ी में केंद्र सरकार किसानों के साथ खड़ी है और उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है।

केन्द्र सरकार की ओर से इसी क्रम में ओला, पाला और भारी बारिश से प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए पीएम फसल बीमा योजना के तहत सर्वेक्षण के निर्देश भी दिए गए हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री की ओर से मंत्रालय के अधिकारियों को जारी निर्देशों में कहा गया कि, कई राज्यों में भारी बारिश और ओलावृष्टि के मद्देनजर फसल के नुकसान की व्यापक समीक्षा की जाए और जमीनी स्तर की जानकारी जुटायी जाए।

इतना ही नहीं, कृषि मंत्री ने केन्द्रीय विभागीय अफसरों को उत्तराखंड राज्य के अधिकारियों के साथ समन्वय रखने का निर्देश भी दिया। कृषि मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि मंत्री ने संबंधित राज्य सरकार से संपर्क कर नुकसान का आकलन तैयार करने को कहा है। मंत्री बाद में प्रभावित राज्य के कृषि मंत्री के साथ बैठक कर स्थिति की समीक्षा करेंगे।

### चेतावनी : 7 से लेकर 10 अप्रैल के बीच पुनः ओलावृष्टि और थंडरस्टॉर्म

**देहरादून।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने चेतावनी दी है कि सात अप्रैल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा, जिससे 10 अप्रैल तक जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में व्यापक बारिश, आंधी और ओलावृष्टि हो सकती है। कुछ क्षेत्रों में तेज हवाएं चल सकती हैं। फसलों के नुकसान का मुख्य कारण ओलावृष्टि है। इसी के साथ मौसम विभाग ने 7-10 अप्रैल के बीच उत्तराखंड में पुन: ओलावृष्टि और थंडरस्टॉर्म की चेतावनी दी है, जिसके चलते कृषि विभाग अलर्ट पर है।

## ब्रीफ न्यूज

### एअर इंडिया ने इजराइल के लिए 31 मई तक उड़ानें निलंबित कीं

**यरूशलम।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच एअर इंडिया ने इजराइल के लिए अपनी उड़ानें 31 मई तक निलंबित कर दी हैं। एअर इंडिया के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। तेल अवीव मार्ग पर अधिकतर प्रमुख विमानन कंपनियों ने अपनी सेवाएं निलंबित कर दी हैं और केवल इजराइली विमानन कंपनियां जैसे एल अल, इस्रायर, अर्किया और एअर हैफा कड़ी पाबंदियों के बीच परिचालन कर रही हैं। उड़ानों का निलंबित होना वहां रह रहे 40,000 भारतीयों के लिए चिंता का विषय है, जो निजी या पेशेगत कारणों से क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण निकलना चाहते हैं।

### ईंधन संकट के बीच नेपाल में सप्ताह में दो दिन अवकाश की घोषणा

**काठमांडू।** ईंधन आपूर्ति संकट के मद्देनजर नेपाल ने सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए सप्ताह में दो दिन अवकाश की रविवार को घोषणा की। मंत्रिपरिषद ने रविवार को सिंहदरबार सचिवालय में हुई बैठक में शनिवार और रविवार को साप्ताहिक अवकाश देने का फैसला किया। सरकार के प्रवक्ता सस्मित पोखरेल ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा, मंत्रिमंडल ने सोमवार यानी छह अप्रैल से सभी सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए शनिवार और रविवार यानी दो दिन साप्ताहिक अवकाश देने का फैसला किया है।

# न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाना तृणमूल का महाजंगलराज

कोलकाता, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदा में भीड़ द्वारा न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने की घटना को लेकर रविवार को तृणमूल कांग्रेस पर तीखा निशाना साधा और इसे सत्ताधारी पार्टी की सरकार के महाजंगलराज का उदाहरण बताया। मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस बंगाल में कानून-व्यवस्था का जनाजा निकालने पर तुली हुई है। यहां घुसपैठियों को सीधा टीएमसी का समर्थन है।

मोदी ने पिछले महीने चुनाव की घोषणा के बाद कूचबिहार जिले में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश ने देखा है कि मालदा में न्यायिक अधिकारियों को कैसे बंधक बनाया गया था और सवाल किया कि यह किस तरह की सरकार है जो न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा और संवैधानिक प्रक्रियाओं को सुनिश्चित नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, हम ऐसी सरकार से बंगाल की जनता की सुरक्षा की उम्मीद नहीं कर सकते। मोदी ने कहा, जब न्यायिक अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं तो आप तृणमूल शासन में आम लोगों की सुरक्षा की उम्मीद कैसे कर सकते हैं? मालदा में जो हुआ वह तृणमूल के महाजंगलराज का एक उदाहरण है। ममता बनर्जी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार किसी भी संवैधानिक संस्था को महत्व नहीं देती। प्रधानमंत्री ने कहा, क्रूर तृणमूल कांग्रेस प्रशासन के तहत बंगाल की पवित्र भूमि पर लोकतंत्र प्रतिदिन रक्तपात का शिकार हो रहा है। मोदी ने कहा कि यहां स्थिति इतनी खराब है कि उच्चतम न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस कानून-व्यवस्था की हत्या करने पर तुली हुई है।



- प्रधानमंत्री मोदी बोले- बंगाल में टीएमसी कानून-व्यवस्था की हत्या करने पर तुली
- कहा- घुसपैठियों को सीधा टीएमसी का समर्थन

### बंगाल के भविष्य और उसकी अस्मिता को खतरे में डाला

भाजपा ने मालदा की घटना को लेकर पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ दल पर अपना हमला तेज किया और आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार ने तुष्टीकरण की राजनीति और घुसपैठ के माध्यम से बंगाल के भविष्य और उसकी अस्मिता को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया, तृणमूल कांग्रेस शासन के तहत, बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में खतरनाक जनसांख्यिकीय परिवर्तन हुआ है। इन घुसपैठियों को तृणमूल कांग्रेस के सिंडिकेट से सीधा संरक्षण मिलता है, जिससे राज्य के लोगों का जीवन खतरे में पड़ जाता है।

# मौत की रफ्तार..बेकाबू बोलेरो टैंकर में घुसी, 5 की गई जान

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दिल्ली-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार शाम बाइक को टक्कर मारते हुए बेकाबू बोलेरो सड़क किनारे खड़े एक टैंकर से टकरा गई। भीषण हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो बच्चों सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना सीबीगंज क्षेत्र में परधौली गांव के पास हुए एक्सीडेंट की वजह ओवरस्पीड और गलत ओवरटेक और हाईवे किनारे खड़ा टैंकर माना जा रहा है। मृतकों में दो बरेली और दो पीलीभीत के रहने वाले थे, जबकि एक की पहचान के प्रयास जारी हैं। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, गोरखपुर नंबर यूपी53ईएन/6693 बोलेरो लखनऊ की तरफ से आ रही थी। शाम 4 बजे के करीब बड़ा बाईपास पर तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर शनिवार रात से सड़क किनारे खड़े शीरा से लदे टैंकर में पीछे से घुस गई। इस दौरान बोलेरो ने एक बाइक को भी चपेट में ले लिया। हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। बोलेरो व बाइक सवारों को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला। हादसा इतना भयानक था कि बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उसमें फंसे लोगों को बोलेरो की बॉडी काटकर बाहर निकाला जा सका। बोलेरो सवार प्रिंस व दो बच्चों को पुलिस ने शहर में मिनी बाईपास स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया है। तीनों की हालत नाजुक बताई गई है। हादसे का पता होते ही एसपी सिटी मानुष पारिक, एसडीएम प्रमोद मौके पर पहुंचे और हादसे की जानकारीजुटाई। एसपी सिटी ने बताया कि खराबी की वजह से टैंकर रोड किनारे खड़ा था। अचानक उससे टकरा गई।

### बरेली में दिल्ली हाईवे पर ओवरटेकिंग के दौरान हादसा



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन।

- हाईवे किनारे खड़ा था टैंकर, बाइक को टक्कर मार टैंकर में घुसी बोलेरो, मृतकों में तीन कार यात्री और दो बाइक सवार शामिल, इनमें 4 लोग बरेली के

### इन लोगों ने गंवाई जान

बोलेरो सवार मनमोहन सिंह निवासी नगरिया विक्रम थाना फरीदपुर, बरेली, सिकंदर निवासी कल्याणपुर चकतीर्थ, पीलीभीत और एक अज्ञात की मौके पर ही जान चली गई। बाइक सवार ग्राम अटाकायस्थान थाना सीबीगंज निवासी साहबजाद खान और मुमताज ने भी दम तोड़ दिया।

# बागेश्वर में 3.7 तीव्रता का भूकंप, जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं

**बागेश्वर।** जिले में रविवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। झटके महसूस होते ही लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। जानकारी के अनुसार, सुबह 11 बजकर 47 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए।

जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय ने भूकंप की पुष्टि करते हुए बताया कि इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.7 मापी गई। भूकंप के कारण कहीं से किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# इजराइल में सुरक्षित हैं यूपी के 6000 श्रमिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी सरकार ने लगातार संपर्क बनाए रखने का किया दावा

**अमृत विचार:** इजराइल में जारी तनावपूर्ण हालात के बीच उत्तर प्रदेश के छह हजार से अधिक श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित हैं। योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और भारतीय दूतावास के माध्यम से नियमित अपडेट ले रही है।

प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ. शन्मुगा सुंदरम इजराइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह से लगातार संपर्क में हैं। दूतावास की ओर से स्पष्ट किया गया है कि सभी भारतीय श्रमिक, विशेषकर यूपी के कामगार, पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी बड़े खतरे या आपात स्थिति की सूचना नहीं है। हालात चुनौतीपूर्ण जरूर हैं, लेकिन नियंत्रण में हैं।

राजदूत के साथ हुई बातचीत में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी श्रमिक की ओर से भारत लौटने का कोई विशेष दबाव या मांग सामने नहीं आई है। सभी श्रमिक स्थानीय सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सामान्य जीवन जी रहे हैं। प्रदेश सरकार और भारतीय दूतावास के समन्वय से इजराइल में कार्यरत यूपी के श्रमिकों की स्थिति सामान्य बनी हुई है और हर संभावित परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखी गई है।

# मूडीज ने भारत की वृद्धि दर घटाकर 6% की

नई दिल्ली, एजेंसी

- पश्चिम एशिया संकट के बीच 2026-27 के लिए जारी किया नया अनुमान
- कहा- महंगाई का जोखिम बढ़ेगा आने वाले दिनों में परिवारों के लिए एलपीजी की होगी कमी



मूडीज रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.8 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण भारत की वृद्धि की रफ्तार घटेगी और इससे महंगाई का जोखिम भी बढ़ेगा।

भारत पर अपनी साख परिदृश्य रिपोर्ट में मूडीज ने कहा कि लंबे समय तक व्यवधान से आने में दिनों में परिवारों के लिए खासकर रसोई गैस की कमी हो जाएगी। इसके अलावा ईंधन और परिवहन की लागत बढ़ेगी। ऐसे में जबकि भारत उर्वरकों के लिए आयात पर निर्भर है इसका प्रभाव खाद्य मुद्रास्फीति तक फैलेगा। यह क्षेत्र भारत के कच्चे तेल के आयात का लगभग 55 प्रतिशत और एलपीजी का लगभग 90 प्रतिशत से ज्यादा पूरा करता है।

कहा, हालांकि महंगाई अभी नियंत्रण में है, लेकिन भूराजनीतिक जोखिमों ने मुद्रास्फीति के परिदृश्य को ऊपर की ओर कर दिया है। 2026-27 में औसत मुद्रास्फीति 2025-26 के 2.4 प्रतिशत से बढ़कर 4.8 प्रतिशत हो जाएगी। महंगाई का जोखिम फिर से बढ़ने और वृद्धि के मजबूत बने रहने के साथ 2026-27 में नीतिगत दर रेपो को या तो स्थिर रखा जाएगा।

### औद्योगिकी गतिविधियों में रहेगी सुस्ती

रिपोर्ट में कहा गया, निजी उपभोग में कमी, औद्योगिकी गतिविधियों में सुस्ती, सकल निश्चित पूंजी सृजन में कमी, दाम बढ़ने तथा लागत बढ़ने से भारत की वृद्धि दर प्रभावित होगी। पिछले महीने आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने अनुमान लगाया था कि भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2025-26 के 7.6 प्रतिशत से घटकर 2026-27 में 6.1 प्रतिशत रह जाएगी।

**सीजेआई बोले** | जब न्यायपालिका और कार्यपालिका उद्देश्य में एकजुट होती हैं, तो संविधान वास्तव में जीवंत हो उठता है

# न्यायिक ढांचे को मजबूत करना वैकल्पिक नहीं, बल्कि अनिवार्य

हैदराबाद, एजेंसी

सीजेआई सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों की राज्य सरकारें यह मानती हैं कि न्यायिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करना वैकल्पिक नहीं, बल्कि एक अनिवार्य है। तेलंगाना उच्च न्यायालय जोन-2 का शिलान्यास करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब न्यायपालिका और कार्यपालिका उद्देश्य में एकजुट होती हैं, तो संविधान वास्तव में जीवंत हो उठता है।

उन्होंने कहा, देश भर में बना यह माहौल मुझे बहुत आत्मविश्वास देता है। पिछले कुछ महीनों में ही मुझे उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, असम और अब तेलंगाना में न्यायिक परिसर के शिलान्यास का अवसर मिला है। उन्होंने कहा, सभी राजनीतिक दलों की राज्य सरकारें यह मान रही हैं कि न्यायिक ढांचे को मजबूत करना वैकल्पिक नहीं, बल्कि अत्यंत आवश्यक है। प्रस्तावित परियोजना के नक्शों और मॉडल को देखने के बाद प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि 100 एकड़ में बनने वाला नया उच्च न्यायालय परिसर देश के सर्वश्रेष्ठ परिसरों में से एक होगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के साथ चर्चा के दौरान उन्हें आश्वासन दिया गया कि पूरे उच्च न्यायालय परिसर का निर्माण दो वर्षों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा, जिसमें आवासीय और अन्य बुनियादी ढांचा शामिल है। उन्होंने इस प्रतिबद्धता के लिए राज्य सरकार को बधाई दी।



तेलंगाना में एक समारोह के दौरान प्रदर्शनी का अवलोकन करते सीजेआई सूर्यकांत।

### सीजेआई ने फोटो प्रदर्शनी का किया अवलोकन

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने उच्च न्यायालय भवन के डिजाइन मॉडल को प्रदर्शित करने वाली एक फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के कई न्यायाधीश, वरिष्ठ अधिकारी और कानून जगत से जुड़ी हस्तियां मौजूद रहीं। इससे पहले स्वागत भाषण में तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अपरेश कुमार सिंह ने कहा कि जोन-II का विकास पूरी परियोजना में महत्वपूर्ण चरण है, जिसे न्यायपालिका की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए चरणों में लागू किया जा रहा है। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां, न्यायमूर्ति एस वी भट्टी, न्यायमूर्ति आलोक अराधे और तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अर्पेश कुमार सिंह ने भी सभा को संबोधित किया।

## स्टेट ब्रीफ

### उत्तराखंड में 11और नए जिलों का हो गठन

**देहरादून :** उत्तराखंड में जिला बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक प्रकाश कुमार डबराल ने कहा कि प्रदेश में 11 और नए जिलों का गठन होना चाहिए। डबराल ने रविवार को यहां उत्तरांचल प्रेस क्लब में रविवार को पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि उत्तराखंड राज्य में विकास की गति को बेहतर बनाने के लिए, राज्य से पलायन रोकने हेतु व बेरोजगारों को रोजगार प्रदान किए जाने के लिए ग्यारह और नए जिले बनने बेहद जरूरी हैं। उन्होंने उत्तराखंड के प्रत्येक जनपद के विभिन्न क्षेत्रों को नए जिलों के रूप में गठित करने की मांग उठाते हुए कहा कि राज्य में नए जिले न बनने के कारण ढेर सारी समस्याएं खड़ी हो गई है। उन्होंने कहा कि इन्हीं समस्याओं का समाधान करने के लिए ही ग्यारह और नए जिले बने चाहिए और सरकार को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना होगा।

### पांच हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**हरिद्वार :** हरिद्वार में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत कोतवाली रुड़की पुलिस ने वर्ष 2024 से फरार चल रहे 5000 रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, 01 मई 2024 को वादी विशु वर्धधाना राव, स्टेशन हेडक्वार्टर रुड़की द्वारा सतपाल सिंह पुत्र हरफूल सिंह निवासी 442, आवास विकास, रुड़की (कोतवाली गंगनहर) के विरुद्ध 3,83,438 रुपये के गबन के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक ध्वजवीर सिंह पवार द्वारा की जा रही थी। घटना के बाद से आरोपी फरार था, जिस पर कोतवाली रुड़की पुलिस द्वारा 5000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

### महासंघ की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

**नैनीताल :** राजकीय वाहन चालक महासंघ की आम बैठक कलेक्ट्रेट स्थित संगठन भवन में आयोजित की गई। बैठक में जनपद भर से आए वाहन चालकों ने अपनी समस्याएं प्रमुखता से उठाईं और संगठन को सशक्त बनाने पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष रमेश लाल ने 14 मार्च की प्रांतीय बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि चालकों को एकजुट होकर उन्हें लागू कराने का प्रयास करना होगा। बैठक में नियमितीकरण, पदोन्नति, वेतन विसंगति, जोखिम भत्ता, सुरक्षा व्यवस्था, संसाधनों की कमी और अत्यधिक कार्यभार जैसे मुद्दे उठाए गए। इस दौरान जिला विकास अधिकारी कार्यालय में कार्यरत हीरा सिंह रावत के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।


### सूर्य की निगरानी कर रहे नासा की सोहो ऑब्जरवेटरी को अब धूमकेतु के मलबे का है इंतजार

# सूर्य की लपटों में समा गया दुर्लभ धूमकेतु एमएपीएस

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** दुर्लभ धूमकेतु सी/2026 ए 1एमएपीएस सूर्य के भीषण ताप से बच न सका और लपटों के बीच समाकर रह गया। सूर्य की निगरानी कर रहे नासा के सोहो ऑब्जरवेटरी को इसके मलवे का इंतजार है। पिछले एक माह से यह धूमकेतु नैनीताल स्थित एरीज के वैज्ञानिकों के बीच भी सुर्खियों के केंद्र में रहा था।

शनिवार को धूमकेतु एमएपीएस की सूर्य के लपटों के बीच से गुजरने की अग्नि परीक्षा देनी थी। मगर यह सूर्य के इतने करीब जा पहुंचा भीषण ताप के बीच खुद को खत्म होने से रोक न सका। सोहो सैटलाइट का कैमरा इस पर नजर रखे हुए थे, जिसने सूर्य के भीतर जाने तक की वीडियो बनाई।



सूर्य की ओर जाते धूमकेतु एमएपीएस की तस्वीर घेरे में।

वैज्ञानिकों के अनुसार सूर्य के बेहद करीब पहुंचने पर विस्फोट के साथ खत्म हो गया। विस्फोट में तेज रोशनी निकली और फिर दिखाई न दिया। वैज्ञानिकों का मानना है कि शायद धूमकेतु का नाभिक सूर्य की अत्यधिक गर्मी के कारण फट गया।

अंदर जाने के बाद सिर्फ धूल और मलबे का बादल बाहर निकला, जो भाप बनकर गायब हो गया। यह धूमकेतु इसी वर्ष जनवरी में खोजा गया था। यह बहुत दूर से आया धूमकेतु था। इसे इतिहास का सबसे दूर से खोजा गया धूमकेतु संग्रेज़र कहा जा रहा था।

वैज्ञानिकों को उम्मीद थी कि ये काफी बड़ा होगा और शायद बच भी जाएगा, बल्कि दिन के उजाले में भी दिख सकता था। लेकिन सूरज की गर्मी और गुरुत्वाकर्षण ने इसे बिल्कुल नष्ट कर दिया। वैज्ञानिकों का अब इसके बचे हुए मलवे की तलाश है, जो अगले कुछ दिन बाद नजर आ सके।

### धूमकेतुओं के अंत को लेकर मिलेगी जानकारी

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे के कहना है कि इसके सुरक्षित बच निकलने की आशंका बनी हुई थी, थी लेकिन सोहो ने इसके खत्म होने की जानकारी दी है। अधिकांश धूमकेतुओं का अंत सूर्य के तेज गर्म आंच के साथ हो जाता है। इस घटना से धूमकेतुओं के अंत की वैज्ञानिक जानकारी मिल सकेगी।

# दून मेडिकल कॉलेज की छात्राओं ने जीता पुरस्कार

संवाददाता, देहरादून

- एनाटॉमी विभाग की पीजी रेजिडेंट्स डॉ. शिवांगी व डॉ. कृतिका को क्लिनिकल एनाटॉमिस्ट्स कांग्रेस में श्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति का पुरस्कार

**अमृत विचार:** राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग की पीजी रेजिडेंट्स डॉ. शिवांगी ठाकुर एवं डॉ. कृतिका ने जयपुर के विश्व क्लिनिकल एनाटॉमिस्ट्स कांग्रेस में सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति का पुरस्कार प्राप्त कर संस्थान एवं प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है।

यह कार्यक्रम राजस्थान के जयपुर स्थित एनआईएमएस यूनिवर्सिटी में दो से चार अप्रैल तक आयोजित हुआ था। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर गीता जैन ने रविवार को बताया कि यह उपलब्धि न केवल एनाटॉमी विभाग बल्कि पूरे राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। दोनों रेजिडेंट्स ने अपने उत्कृष्ट शोध कार्य, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से यह सम्मान अर्जित किया। उन्होंने कहा कि राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के छात्र लगातार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं, जो संस्थान में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शोध को मिल रहे प्रोत्साहन को दर्शाता है।

# ओलों के साथ हुई बारिश में डूबी नैनीताल की शाम

### मुक्तेश्वर में हुई ओलावृष्टि से सड़कें सफेद चादर में तब्दील, सर्द हवाओं से मौसम हुआ ठंडा, मौसम देख पर्यटक हुए रोमांचित

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** सरोवर नगरी रविवार को घने बादल पूरे दिन घिरी रही और देर शाम को ओलो के साथ बारिश हुई। मुक्तेशर की वादियों में जमकर ओले बरसे हैं। सर्द हवाओं से मौसम ठंडा हो चला है। इस बीच सैलानियों को जहां बारिश में परेशानी का सामना करना पड़ा वहीं मौसम का सर्द मिजाज देख रोमांचित भी नजर आए।

नैनीताल में मौसम का मिजाज सुबह से ही बादलों के साथ बना रहा। साथ ही ठंडी हवाएं चलती रही। जिस कारण नगर में खासी ठंड महसूस हुई। मगर शाम सात बजे बारिश शुरू हो गई। साथ ही ओले भी गिरने शुरू हो गए।

उधर मुक्तेश्वर में पूरे दिन रुक-रुक कर ओले बरसते रहे। जिस कारण सड़कों में ओलों की सफेद चादर बिछ गई। मौसम का यह मिजाज लगभग पूरे दिन रहा तो शाम को बारिश शुरू हो गई। विभिन्न नगरों से भ्रमण पर आए सैलानियों को बदला मौसम काफी भाया। पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव आया है। मौसम विभाग के अनुसार एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। जिसका असर आने वाले दिनों में बना रहेगा। ओलावृष्टि, तेज हवाएं और बिजली गिरने की संभावना रहेगी। इस बीच हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी रहेगी, जबकि 3000 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात होगा। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया और न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस रहा।



नैनीताल में रविवार देर शाम ओलावृष्टि से सफेद हुई सड़क।



रविवार देर शाम नैनीताल में बारिश में भीगते सैलानी।



धानाचूली के एक खेत में हुई ओलावृष्टि। ● अमृत विचार

### हल्द्वानी का मौसम भी बदला, पारा गिरा

**हल्द्वानी :** रविवार को हल्द्वानी में मिला जुला मौसम रहा। धूप खिली तो बादल भी छाए रहे। पहाड़ों में हुई बारिश की वजह से हवा में नमी थी। जिसके चलते तापमान में गिरावट आई। अधिकतम तापमान 30 .7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 2 .2 डिग्री कम था जबकि तीन दिन पहले तक हल्द्वानी में पारा 36 डिग्री को भी पार कर गया था। न्यूनतम तापमान 17 .2 डिग्री रहा। मुक्तेश्वर में भी दिन के समय तापमान में कमी आई है। अधिकतम तापमान 18 .1 डिग्री रहा। रात को पारा 7 .4 डिग्री दर्ज किया गया। यहां रात को कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार नैनीताल जिले में सात अप्रैल को यलो और आठ अप्रैल को ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अंधड़ और ओलावृष्टि होने की आशंका है।

# बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि की मार

संवाददाता, धानाचूली

- धारी-रामगढ़ क्षेत्र में फसलों को भारी नुकसान, किसानों ने की मुआवजे की मांग

**अमृत विचार:** भीमताल के धारी और रामगढ़ ब्लॉक क्षेत्र में बेमौसमी बारिश, तेज अंधड़ और भारी ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। रविवार शाम करीब पांच बजे अचानक मौसम बदलने के साथ हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि से धानाचूली, सुनकिया, बना सहित कई गांवों में खेती को व्यापक नुकसान पहुंचा है।

किसानों के अनुसार आलू, मटर, गेहूं और धनिया की फसलें बुरी तरह बर्बाद हो गई हैं। वहीं आड़ू, प्लम, खुबानी और सेब के बौर व फलों को भी भारी क्षति पहुंची है। फलदार पेड़ों पर आए बौर झड़ने से आगामी सीजन की पैदावार पर भी संकट गहरा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि धारी और ओखलकांडा क्षेत्र में कई स्थानों पर ओलावृष्टि इतनी तेज थी कि खेत सफेद चादर से ढक गए। अचानक आई इस प्राकृतिक आपदा से किसान हताश हैं और सरकार से राहत की मांग कर रहे हैं। मनोज शर्मा ने सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व में हुए नुकसान का मुआवजा अभी तक नहीं दिया गया है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति और खराब हो गई है। उन्होंने प्रभावित किसानों को बाजार मूल्य के आधार पर तत्काल मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए विशेष कृषि नीति बनाने की भी मांग की। वहीं प्रभावित किसानों ने प्रशासन से शीघ्र राहत प्रदान करने की अपील की है।

# महिला के पेट से बीस गांठें निकाल कराया सुरक्षित प्रसव

**देहरादून:** राजधानी देहरादून स्थित ग्राफिक एरा अस्पताल की विशेषज्ञ चिकित्सक ने एक गर्भवती महिला के पेट से 20 फाइब्रॉइड्स (गांठें) निकाल कर सुरक्षित प्रसव कराने का नया कीर्तिमान बनाया है। माना जाता है कि यह चिकित्सा क्षेत्र में देश भर में अपनी तरह का पहला मामला है। जिसमें इतनी ज्यादा गांठें एक साथ निकालने के साथ ही मरीज को खतरे से बचा लिया गया है।

मरीज के परिजनों ने चिकित्सकों का आभार जताया है। इधर चिकित्सकों का कहना है कि इस तरह के जटिल ऑपरेशन काफी चुनौती पूर्ण होते हैं। ग्राफिक एरा समूह के निदेशक सुभाष गुप्ता ने रविवार को बताया कि ह्रदय और ब्रेन से जुड़े जटिल व दुर्लभ मामलों में बिना आपरेशन इलाज करने और अवरुद्ध आहार नली को बिना आपरेशन खोलने जैसे अनेक बड़े कीर्तिमान कायम करने के बाद अब ग्राफिक एरा अस्पताल में यह नया और गौरवान्वित करने वाला रिकार्ड बनाया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राफिक एरा अस्पताल की कंसल्टेंट गायनेकोलॉजिस्ट व लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. दिव्या मिश्रा ने देहरादून निवासी 34 वर्षीय महिला एम. रावत का यह आपरेशन करने में सफलता हासिल की है।

# टेंपो-ट्रैवलर पलटा, 11 पर्यटक घायल

- चार गंभीर घायल एसटीएच रेफर नैनीताल-कालाढूंगी रोड पर ब्रेक फेल होने से हुआ हादसा

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** नैनीताल-कालाढूंगी मोटर मार्ग पर घटगढ़ और प्रिया बैंड के बीच पर्यटकों से भरा टेंपो-ट्रैवलर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में 11 पर्यटक घायल हो गए, जिनमें 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। कालाढूंगी थाना पुलिस ने घायलों को 108 एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया।

रविवार को मोदीनगर, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) के पर्यटक दो टेंपो-ट्रैवलर में नैनीताल से घूमकर लौट रहे थे। प्रिया बैंड से करीब दो किलोमीटर ऊपर चालक ने ब्रेक फेल होने पर नियंत्रण खो दिया और वाहन पैराफिट से टकराकर पलट गया। वाहन में चालक सहित 17 लोग सवार थे। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों और पुलिस ने घायलों को बाहर निकालकर सीएचसी कालाढूंगी पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल कैलाश उर्फ गिरीश (37) और सतीश कुमार (60) को प्राथमिक उपचार के बाद एसटीएच रेफर किया गया। अन्य घायलों में कृष्णा (15), उमा बंसल (55), देवेंद्र गुप्ता (60) और सृष्टि (23) शामिल हैं।

कोतवाल अरुण सैनी ने बताया कि सात पर्यटक घायल हुए हैं, जिनमें दो को गंभीर हालत में रेफर किया गया है।



घायल को अस्पताल लाते पर्यटक। ● अमृत विचार

# अवैध खनन रोकने को चेक गेट, मिनी कमांड सेंटर बनेगा

संवाददाता, देहरादून/बरेली

**अमृत विचार:** अवैध खनन और बिना परिवहन शुल्क के खनिज लाने पर रोक लगाने के लिए उत्तराखंड-यूपी सीमा पर चेक गेट बनेगा। इसकी निगरानी के लिए कलेक्ट्रेट में मिनी कमांड सेंटर बनेगा। इनकी स्थापना के लिए धनराशि जारी कर दी गयी है। यूपी डेस्को को जिम्मेदारी दी गयी है।

बरेली जिला खनन अधिकारी मनीश कुमार ने बताया कि खनन निदेशालय की टीम के निरीक्षण के बाद कार्यदायी संस्था यूपी डेस्को चेक गेट लगाने का काम शुरू करेगी। कलेक्ट्रेट में मिनी कमांड सेंटर बनाने के लिए एडीएम प्रशासन से एक कक्ष की मांग की गयी है। जिला खनन अधिकारी ने बताया कि 53 लाख 81508 रुपये की धनराशि यूपी डेस्को को आवंटित कर दी है। कार्यदायी संस्था माई मित्रा चेक गेट व मिनी कमांड सेंटर बनवाएगी। चेक गेट पर वेरी फोकल के दो कैमरे और चार एएनपीआर (स्वचालित नंबर प्लेट पहचान) कैमरे लगेंगे। आरएफआईडी रीडर भी लगेगा। वेरी फोकल कैमरे डंपरों में भरे उप खनिज की दूर से पहचान करने में समक्ष होंगे और एएनपीआर कैमरे वाहनों की नंबर प्लेट को स्वचालित रूप से स्कैन करके उन्हें डिजिटल टेक्स्ट में बदलने का कार्य करेंगे। इन कैमरों की मॉनीटरिंग मिनी कमांड सेंटर में तैनात कर्मचारी करेंगे।

# टॉपर्स को दी जाएगी स्किल ट्रेनिंग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कुमाऊं मंडल के आईटीआई के टॉपर छात्र-छात्राओं का एक दल शैक्षिक भ्रमण के लिए हरियाणा रवाना किया गया। यह दल नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन कुरुक्षेत्र और इंटरनेशनल स्किल सेंटर कुरुक्षेत्र का भ्रमण करेगा। छात्रों के दल की बस को कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत के प्रतिनिधि विकास भगत, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष गणेश शाह, निदेशक प्रशिक्षण संजय कुमार, अपर निदेशक अनिल कुमार त्रिपाठी और संयुक्त निदेशक मयंक अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दल का नेतृत्व आईटीआई टनकपुर के प्रधानाचार्य लोकेश भट्ट और आईटीआई सितारगंज के कार्यदेशक मनोज जोशी कर रहे हैं। दल में विभिन्न आईटीआई के कुल 19 छात्र शामिल हैं। शैक्षिक भ्रमण के दौरान छात्रों को अन्य राज्यों में अपनाई जा रही आधुनिक स्किल तकनीक, प्रशिक्षण वातावरण और एडवांस मशीनों के उपयोग की जानकारी दी जाएगी। विकास भगत ने बताया कि इस तरह के शैक्षिक भ्रमण से छात्र-छात्राओं में कौशल विकास के प्रति आत्मविश्वास बढ़ने के साथ ही स्थानीय उद्योगों को स्किल्ड मैनपावर उपलब्ध होगा। वहीं, निदेशक प्रशिक्षण संजय कुमार ने बताया कि गढ़वाल मंडल में भी आईटीआई टॉपर्स के एक दल को देहरादून से मंत्री सौरभ बहुगुणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




आईटीआई के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए निदेशक संजय कुमार।

# ऋषिकेश की बेटियों ने चेन्नई में लहराया परचम

संवाददाता, ऋषिकेश

**अमृत विचार:** तीर्थनगरी ऋषिकेश की बेटियों ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धि हासिल की है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा 25 से 28 मार्च तक चेन्नई में आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया किकबॉक्सिंग लीग में ऋषिकेश की रेनबुकई कराटे एकेडमी की छात्राओं ने कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया।

गीता नगर एवं रायवाला की दीया बिष्ट, काजल चौधरी और सलोनी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किए, जबकि आरोही ने भी प्रतियोगिता में भाग लेकर दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। रविवार को राष्ट्रीय प्रतियोगिता से लौटने पर खिलाड़ियों और कोच कमल सिंह बिष्ट का देहरादून रोड स्थित अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा कार्यालय में जोरदार स्वागत किया गया। महासभा अध्यक्ष डॉ. राजे नेगी और उपाध्यक्ष वीरेंद्र नोटियाल ने माल्यार्पण, शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर खिलाड़ियों का सम्मान किया।

कोच कमल सिंह बिष्ट ने कहा कि आज के दौर में किकबॉक्सिंग जैसी विधाएं केवल खेल नहीं बल्कि महिलाओं और बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा का मजबूत हथियार हैं। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है और वे हर परिस्थिति का सामना करने के लिए सक्षम बनती हैं। लीग का आयोजन देश के 150 जिलों में किया गया था, जिसके बाद चार जोन बनाकर अंत में चेन्नई में राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित हुई।

**ऑपरेशन प्रहार** | पुलिस टीमों ने नगर व देहात क्षेत्र के होटल, पब, बार व रेस्टोरेंट का किया निरीक्षण

# बिना लाइसेंस पिला रहे थे शराब, पकड़े गए

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में अभियान ऑपरेशन प्रहार जारी है। इसी क्रम में शनिवार-रविवार रात एसएसपी देहरादून के निर्देशों पर एसपी ऋषिकेश के नेतृत्व में पुलिस की टीमों ने नगर तथा देहात क्षेत्र में होटल, पब, बार व रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रेमनगर क्षेत्र में 02 होटल व रेस्टोरेंट पर कार्रवाई की गई।

इनमें संघरिलाल होटल बंसी वाला तथा संगम होटल एंड रेस्टोरेंट प्रेमनगर शामिल रहे। इनके संचालकों द्वारा लोगों को बिना लाइसेंस के अवैध रूप से शराब परोसने पर संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया। मौके पर शराब पी रहे 8 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर थाने लाया गया।

इसके अतिरिक्त जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रो में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पी रहे 36 अन्य व्यक्तियों को पुलिस द्वारा थाने लाया गया, जिनके विरुद्ध पुलिस एक्ट में कार्रवाई करते हुए उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई। वहीं, ऋषिकेश तथा विकासनगर क्षेत्र में पुलिस द्वारा रात्रि चेकिंग के दौरान अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के 02 अभियुक्तों सहित कुल 03 वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया। वाहन चोरी की घटना में शामिल एक किशोर को संरक्षण में लिया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के 03 दो-पहिया वाहन बरामद हुए, जिनमें से एक वाहन उनके द्वारा हिमाचल प्रदेश से चोरी किया गया था।

### हुड़दंग कर रहे 10 व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग कर शांति व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास कर रहे 10 व्यक्तियों को पुलिस द्वारा कैंट, क्लेमेंटाउन तथा डोईवाला क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। रात्रि में घूम रहे 657 व्यक्तियों से मौके पर पूछताछ करते हुए 67 संदिग्ध व्यक्तियों को थाने लाया गया, जिसे आवश्यक पूछताछ करते हुए उनके सत्यापन की कार्रवाई कर 81 पुलिस एक्ट में चालान किए गए। रात्रि चेकिंग के दौरान पुलिस टीमों द्वारा अलग-अलग थाना क्षेत्र में कुल 115 संदिग्ध व्यक्तियों के 81 पुलिस एक्ट में चालान कर कुल 28750 रु. का जुर्माना वसूला गया।

### रुड़की में एक स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**हरिद्वार :** कोतवाली रुड़की पुलिस ने रविवार को एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 .87 ग्राम स्मैक बरामद की, जबकि उसका एक साथी फरार हो गया। कोतवाली रुड़की प्रभारी निरीक्षक द्वारा टीम गठित कर कार्रवाई की गई। उपनिरीक्षक चन्द्रमोहन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक युवक को पकड़कर तलाशी ली, जिसमें उसके पास 10 .87 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी की पहचान आरिफ (25), निवासी खेमपुर लण्ढौरा, थाना मंगलौर, जनपद हरिद्वार के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली रुड़की में एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अनुबंध के विरोध में उतरे उपनल कर्मचारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड उपनल संविदा कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की ऑनलाइन बैठक हुई। बैठक में हाल ही में जारी अनुबंध पर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में इसका कड़ा विरोध दर्ज कराया।

प्रदेश उपाध्यक्ष पूरन भट्ट ने कहा कि वर्षों के संघर्ष के बाद उपनल कर्मचारियों ने जो अधिकार प्राप्त किए थे, नया अनुबंध उन्हें फिर से अस्थायी और असुरक्षित स्थिति में धकेलने का प्रयास है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सलाहकार मनोज जोशी ने कहा कि वर्ष 2018 से शुरू हुई कानूनी लड़ाई का उद्देश्य अनुबंध आधारित शोषणकारी व्यवस्था से मुक्ति पाना था, लेकिन वर्तमान अनुबंध उसी व्यवस्था को नए रूप में लागू करने का प्रयास है, जो न्याय के खिलाफ है। प्रदेश कोषाध्यक्ष तेजा बिष्ट ने कहा कि इसमें वेतनमान के स्थान पर फिक्स मानदेय का प्रावधान किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष रमेश शर्मा ने कहा कि 12 नवंबर 2018 के निर्णय के बाद से यह मामला उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है तथा वर्ष 2024 से अवमानना याचिका पर भी कई बार सुनवाई हो चुकी है। इसके बावजूद 2 अप्रैल को जारी अनुबंध कर्मचारियों को आठ वर्ष पीछे ले जाने की साजिश है। बैठक में गणेश गोस्वामी, राकेश जोशी, मनोज गड़कोटी, प्रमोद गुसाईं, नीतिन कुमार, विनोद बिष्ट, त्रिभुवन बसेड़ा, नरेश थपलियाल, अचल वर्मा, कमल गढ़िया रहे।

## सिटी इंवेंट्स

- पहाड़ी आर्मी की ओर से बुद्ध पार्क में विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन 11 बजे
- अखिल भारतीय किसान महासभा का तराई पूर्वी वन डिवीजन कार्यालय में घेराव 11 बजे
- भाजपा स्थापना दिवस पर मुखानी स्थित कार्यालय में कार्यक्रम 11:30 बजे

## सिटी ब्रीफ

### मुखानी से युवती लापता, गुमशुदगी दर्ज

**हल्द्वानी :** मुखानी थानाक्षेत्र से एक युवती लापता हो गई। पुलिस को दी तहरीर में गली नंबर दो ऊंचापुल निवासी कांति देवी पत्नी मोतीलाल सहनी ने लिखा, उनकी बेटी रबीता 18 वर्ष की है। बीती 4 मार्च को वह घर से निकली और फिर लौट कर वापस नहीं आई। परिजनों ने हर संभावित स्थान पर उसकी तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर लापता युवती की तलाश की जा रही है।

### नगर निगम बनाएगा वेस्ट टू वंडर पार्क

**हल्द्वानी :** नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने रविवार को पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पार्क को पुराने और बेकार सामान से सजाया जाएगा। पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए पुराने टायर, प्लास्टिक की बोतलों, टिन आदि में पेंट कर आकर्षक बनाया जाएगा।

# 'प्राइवेट प्रैक्टिस' में लिप्त निजी स्कूल, चल रहा 'कमीशन' का खेल

## प्रशासन, शिक्षा, राज्य कर विभाग ने रविवार को संयुक्त रूप से किताब की दुकानों की चेकिंग की तो खुली पोल, अब नोटिस थमाने की हो रही तैयारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अभी तक मैराथन बैठकें करने के बाद सूचनाएं जारी कर सरकारी जिम्मेदारी की इतिश्री कर रहे अफसर जब हकीकत समझने ग्राउंड जीरो पर उतरे तो उनके ही होश उड़ गए। किताबों की दुकानों पर सरकारी नियमों का मखौल और अफसरों के निर्देशों की धज्जियां उड़ाई जा रही थीं। इसके बाद अब शिक्षा विभाग निजी स्कूलों को नोटिस देने की तैयारी में हैं।

ऐसा लगता है कि कई निजी स्कूल 'प्राइवेट प्रैक्टिस' यानि सरकारी मानकों को दरकिनार कर अपना स्वार्थ साधने की व्यवस्था अभिभावकों पर थोप रहे हैं। वहीं, जिस तरह स्कूल के जिम्मेदार कुछ खास दुकानों का कार्ड पैरेंट्स को सौंप रहे हैं, कमीशनखोरी के खेल को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

ऐसी ही सूचनाओं का संज्ञान लेते हुए रविवार को सिटी मजिस्ट्रेट अब्ज प्रसाद बाजपेयी, उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार व तहसीलदार कुलदीप पांडेय के नेतृत्व में प्रशासन, राज्य कर और शिक्षा विभाग की अलग-अलग टीमें गठित की गईं। इन टीमों ने शहर की अलग-अलग किताबों की दुकानों पर जाकर औचक निरीक्षण किया। सिटी मजिस्ट्रेट बाजपेयी के नेतृत्व में टीम ने कालाढूंगी रोड स्थित वर्धमान बुक डिपो, पूरनमल एंड संस बुक डिपो एवं करियर जोन का निरीक्षण किया। एसडीएम कुमार ने पूरनमल एंड संस मंगल पड़ाव, दीक्षा बुक सेलर्स, टुडे बुक डिपो, पी. कुमार और तहसीलदार पांडे की टीम ने कंसल बुक डिपो, प्रीत बुक डिपो का निरीक्षण किया।

सभी टीमों ने किताबें खरीदने के लिए पसीना बहा रहे अभिभावकों से फीडबैक ली। इसमें सामने आया कि निजी स्कूलों ने 'विशेष' दुकान की स्लिप लेकर अभिभावकों को थमाई है। यानी, किताबें उसी दुकान से ही खरीदनी है। टीम ने सभी बुक डिपो से विभिन्न क्लासों की किताबों तथा रेट सूची भी ली।

इसी दौरान जब निजी स्कूलों की किताबों की जांच की गई तो पता चला कि कई स्कूलों ने एनसीईआरटी के अलावा भी किताबों की सूची थमाई है। इन किताबों के रेट एनसीईआरटी की किताबों से दो से लेकर छह गुना तक ज्यादा है। ऐसे में इन किताबों को एनसीईआरटी के समान नहीं माना जा सकता है। अब शिक्षा विभाग की ओर से विशेष दुकान, निजी प्रकाशकों के किताबों की सूची थमाने वाले निजी स्कूलों को नोटिस भेजने की तैयारी कर रहा है। इस दौरान किताबों के जीएसटी बिल व अन्य ब्योरे की भी जांच की गई। टीम में खंड शिक्षा अधिकारी गीतिका जोशी, सहायक आयुक्त अश्वनि सिंह, गौतम भंडारी, कुंदन पांगती, प्रधानाचार्य आशीष शर्मा व राजेन्द्र सिंह आदि थे।


किताब की दुकान का निरीक्षण करते एसडीएम प्रमोद कुमार व अन्य। ● अमृत विचार


किताब की दुकान का निरीक्षण करते सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी व अन्य। ● अमृत विचार

### प्ले ग्रुप, प्री-नर्सरी चलाने वाले स्कूलों की होगी जांच

**हल्द्वानी :** जब प्रशासनिक टीमें बुक डिपो में जांच कर रही थीं तो सामने आया कि प्ले-ग्रुप, प्री-नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी की किताबों की सूची है। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने शिक्षा विभाग को इन स्कूलों की मान्यता एवं पंजीयन वगैरह की जांच के निर्देश दिए ताकि अभिभावकों से कोई धोखाधड़ी नहीं हो। इस मुद्दे को अमृत विचार ने अपने शनिवार के अंक में प्रमुखता से छापा था

### ग्राहकों के लिए पानी, वेटिंग चेयर्स का करें इंतजाम

**हल्द्वानी :** सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि सभी बुक सेलर्स को निर्देश दिए गए हैं कि दुकानों में ग्राहकों के लिए पीने के पानी, वेटिंग चेयर्स, शेड आदि की व्यवस्था भी करें। साथ ही शिक्षा विभाग की ओर से निर्गत सर्कुलर जिसमें यूनिफॉर्म व किताबों के लिए 20 अप्रैल तक अनिवार्यता से छूट प्रदान करने तथा पठन-पाठन को बाधित नहीं करने के नोटिस भी चस्पा करवाए गए।

### एनसीईआरटी की किताबों के लिए सैंपल


**हल्द्वानी :** सिटी मजिस्ट्रेट बाजपेयी ने बताया कि रुद्रपुर में एनसीईआरटी की 10 लाख से अधिक फर्जी किताबें पकड़ी गई थीं। इन किताबों की सप्लाई नैनीताल जिले में लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। अलग-अलग दुकानों से एनसीईआरटी की अलग-अलग छह-सात किताबों के सैंपल लिए गए हैं। इन किताबों के आईएसबीएन नंबर व अन्य ब्योरा लेकर शिक्षा विभाग को भेजा जाएगा। शिक्षा विभाग इनकी विस्तृत जांच करेगा ताकि तस्दीक हो सके कि एनसीईआरटी की असली किताबें हैं या नहीं। यदि किसी दुकान पर नकली किताबें मिलती हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बदलते मौसम और प्रदूषण से बढ़ रहा है बीमारियों का खतरा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मौसम में अचानक बदलाव और बढ़ते प्रदूषण के कारण इन दिनों विभिन्न प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। विशेष रूप से सर्दी-खांसी, बुखार, एलर्जी एवं श्वसन संबंधी रोगों के मामलों में तेजी देखी जा रही है, जिससे स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी के जनरल मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. परमजीत सिंह ने सचेत करते हुए कहा कि बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति विशेष सजगता बरतना जरूरी है। सलाह दी कि लोग मौसम के अनुरूप कपड़े पहनें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और शरीर को हाइड्रेट रखें। साथ ही संतुलित आहार लें तथा ताजे फल और हरी सब्जियों का नियमित सेवन करें।



उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी व्यक्ति को सर्दी, खांसी, बुखार या सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें और स्वयं दवा लेने से बचें, क्योंकि इससे समस्या बढ़ सकती है।

वहीं, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी के प्राचार्य डॉ. जीएस तितियाल ने बताया कि डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में मेडिसिन ओपीडी सहित विभिन्न विभागों में वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा मरीजों को उचित परामर्श और आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। संस्थान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण जोशी ने भी आमजन से अपील की कि बदलते मौसम में लापरवाही न बरतें और किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर स्वयं दवा लेने के बजाय चिकित्सक से सलाह अवश्य लें, ताकि समय रहते सही उपचार मिल सके।

## नैनीताल में 40 वाहनों का चालान, 10 सीज

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में पुलिस ने सख्त चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान तेज गति, बिना वैध दस्तावेज और यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की।

शनिवार को चलाए गए विशेष अभियान के तहत पुलिस टीमों ने मॉल रोड, तल्लीताल, मल्लीताल, ज्योलिकोट मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में सघन चेकिंग की। अभियान के दौरान 40 से अधिक दोपहिया वाहनों के चालान किए गए। वहीं, नियमों की अनदेखी कर चल रहे टीबी पंजीकरण सीरीज के वाहनों पर भी विशेष नजर रखी गई। डॉ. जगदीश चंद्रा ने बताया कि जांच के दौरान कई वाहन चालक बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस और वैध कागजात के बिना वाहन चलाते पाए गए। इसमें 10 दोपहिया वाहनों को सीज किया गया है।

# मारपीट के बाद खनन ठप फिर सुलझा मामला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- डंपर का वजन कराए बिना गौला नदी में प्रवेश को लेकर हुआ विवाद, बाद में हुई सुलह

**अमृत विचार :** गौला नदी में खनन वाहन के वजन मापने को लेकर डंपर स्वामियों और गेट इंचार्ज के बीच तीखी झड़प हो गई। आरोप है कि डंपर स्वामी ने इंचार्ज के साथ मारपीट कर दी। गुस्साए कर्मियों ने गौला नदी के सभी गेटों पर वाहनों की निकासी ठप कर दी। बाद में दोनों पक्षों में सुलह हो गई।

अधिकारियों के अनुसार, गौला नदी में शीशमहल से शांतिपुरी तक 11 गेटों से 7452 वाहनों से उपखनिज निकासी होती है। इधर, रविवार को लालकुआं डिवीजन के अंतर्गत देवरामपुर गेट पर वन विकास निगम के गेट इंचार्ज सौरभ मराठा का डंपर स्वामियों से वाहनों की तुलाई को लेकर विवाद हो गया। आरोप था कि डंपर स्वामी ने खाली वाहनों का वजन कराए बिना ही वाहन नदी में आरबीएम भरने के लिए उतार दिए।


प्रतीकात्मक फोटो।

जब गेट इंचार्ज ने तुलाई के लिए जोर दिया तो वाहन स्वामियों ने वाहनों में आरबीएम भरा होने की बात की। इसको लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि वाहन स्वामी ने गेट इंचार्ज का मोबाइल छीनकर तोड़ दिया और मारपीट कर दी। वन निगम कर्मी से मारपीट की खबर आग की तरह फैल गई। गौला नदी के सभी गेटों पर खनन काम ठप कर दिया।

पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की। सूचना पर पुलिस, प्रशासन, वन व वन निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। वन निगम अधिकारियों के अनुसार, मारपीट करने वाले पूर्व सैनिक ने गेट इंचार्ज से माफी मांग ली। वहीं देवरामपुर गेट के डंपर यूनियन ने भी भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं होने का लिखित आश्वासन दिया। जिसके बाद दोनों पक्षों में सुलह हो गई। इसके बाद गौला नदी के सभी गेटों पर निकासी शुरू हो गई।

> देवरामपुर गेट पर गेट इंचार्ज से मारपीट का प्रकरण सामने आया था। आरोपी वरिष्ठ नागरिक एवं पूर्व सैन्य कर्मी हैं। उन्होंने चिकित्सकीय हवाला देते हुए पीड़ित से माफी मांग ली और भविष्य में ऐसा नहीं करने का शपथ पत्र दिया है। डंपर यूनियन ने भी ऐसा ही शपथ पत्र दिया है जिसके बाद दोनों पक्षों में विवाद सुलझ गया है। इस प्रकरण की जानकारी आला स्तर पर दी गई है, जो भी निर्देश मिलेंगे उसी अनुसार कार्रवाई की जाएगी। **-धीरेश बिष्ट**, डीएलएम वन विकास निगम

# मंदिर में प्रसाद चढ़ा कर घर लौट रहे युवक को लूटा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- रात करीब डेढ़ बजे लुधियाना हौजरी के पास लूटा मोबाइल और नगदी
- पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लुटेरों की तलाश में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** कालू सिद्ध मंदिर से प्रसाद चढ़ा कर घर लौट रहे युवक को लुटेरों ने घेर लिया। उसे पीटा और जबरन उसकी जेब से मोबाइल और हजारों रुपए की नगदी लेकर फरार हो गए। हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गली नंबर 5 रामपुर रोड निवासी गोविंद सिंह पुत्र जागेश्वर सिंह ने पुलिस को बताया कि बीते गुरुवार की रात करीब एक बजे वह प्रसाद चढ़ाने और पूजा करने के लिए नैनीताल रोड स्थित कालू सिद्ध मंदिर गए थे। पूजा-पाठ के बाद रात करीब डेढ़ बजे वह घर की ओर लौट रहे थे। गोविंद अभी लुधियाना हौजरी के पास ही पहुंचे थे कि तभी अचानक गली से चार लड़के निकल कर आए और उन्हें घेर लिया। वह कुछ समझ पाते, इससे पहले ही लड़कों ने मारपीट शुरू दी और उनकी जेब से 8 हजार रुपए और मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही शातिरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कॉर्बेट में 37 जिप्सियों पर रोक

संवाददाता, रामनगर

- लॉटरी सिस्टम पर उठे सवाल, जिप्सी स्वामियों ने हाईकोर्ट जाने की दी चेतावनी

**अमृत विचार:** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में जिप्सी संचालन को लेकर बड़ा फैसला सामने आया है। लॉटरी प्रक्रिया अपनाते हुए 37 जिप्सियों को एक साल के लिए बाहर कर दिया गया है। इस निर्णय के बाद जिप्सी स्वामियों ने लॉटरी सिस्टम पर सवाल उठाते हुए हाईकोर्ट जाने की चेतावनी दी है।

कोसी रेंज स्थित वन विश्राम गृह में लॉटरी सिस्टम के माध्यम से चयन प्रक्रिया पूरी की गई। कुल 130 जिप्सियों में से 93 को संचालन की अनुमति मिली, जबकि 37 जिप्सियां बाहर हो गईं। इनमें ईडीसी श्रेणी की 66 में से 50 और खुली श्रेणी की 64 में से 43 जिप्सियों को लॉटरी के जरिए चयनित किया गया। नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी के मानकों के अनुसार कॉर्बेट के विभिन्न जोनों में अधिकतम 385 जिप्सियों के संचालन की अनुमति है, जबकि वर्तमान में 400 से अधिक जिप्सियां पंजीकृत हैं। क्षमता संतुलन बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया।

उपनिदेशक राहुल मिश्रा ने बताया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से की गई और जिप्सी स्वामियों से ही पर्चियां निकलवाई गईं। चयनित न होने वाली 37 जिप्सियों को अगले एक वर्ष तक संचालन की अनुमति नहीं मिलेगी। जिप्सी स्वामी अमित अग्रवाल ने लॉटरी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि कुछ श्रेणियों को बाहर रखकर निष्पक्षता नहीं बरती गई।



उन्होंने आरोप लगाया कि 3 और 5 वर्ष वाले जिप्सी स्वामियों को प्राथमिकता दी गई है। वह इस मामले को हाईकोर्ट में ले जाएंगे और सभी जिप्सियों के लिए समान लॉटरी की मांग करेंगे। नमित अग्रवाल ने भी प्रशासन पर नियमों की अनदेखी का आरोप लगाया। सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र शर्मा ने कहा कि बाहर हुई 37 जिप्सियों के स्वामियों को वैकल्पिक रोजगार से जोड़ने के लिए प्रशासन से बातचीत की जाएगी। वहीं कॉर्बेट के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने स्पष्ट किया कि पूरी लॉटरी प्रक्रिया नियमों और कानूनी प्रावधानों के तहत संपन्न कराई गई है और आगे भी सभी निर्णय नियमानुसार लिए जाएंगे।

## जलवायु परिवर्तन पर कार्यशाला आज से

**नैनीताल:** एरोसोल और जलवायु परिवर्तन समेत प्रदूषण को लेकर सोमवार से एरीज में पांच दिवसीय कार्यशाला शुरू होने जा रही है। यह आयोजन आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) और इंडियन एरोसोल साइंस एंड टेक्नोलॉजी एसोसिएशन (आइएएसटीए) दका संयुक्त प्रयास से हो रहा है। एरीज निदेशक डॉ. मनीष नाजा ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि पिछले कई वर्षों से वायु गुणवत्ता में निरंतर कमी हो रही है। पर्यावरण के लिए यह बेहद गंभीर समस्या है। जिसके निदान के लिए ठोस प्रयास किए जाने की सख्त जरूरत है। कार्यशाला में मुंबई, दिल्ली, उत्तराखंड के वैज्ञानिक शामिल होंगे। साथ ही देश के कई हिस्सों से शोध छात्र व पर्यावरण संबंधित विद्यार्थी शामिल होने जा रहे है।

# लालकुआं से कई ट्रेनों के रूटों में हुआ बदलाव

संवाददाता, हल्द्वानी

- प्री-नॉन इंटर लॉकिंग की वजह से 6-7 अप्रैल को लागू होगा परिवर्तन

**अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के अंतर्गत लालकुआं रेलवे स्टेशन यार्ड में प्री-नॉन इंटरलॉकिंग और नॉन इंटरलॉकिंग के चलते आगामी दिनों में कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।

रेलवे प्रशासन ने कई ट्रेनों का निरस्तीकरण, रीशेड्यूलिंग, शॉर्ट-टर्मिनेशन और शॉर्ट-ओरिजिनेशन किया है। रेलवे की ओर से जारी सूचना के अनुसार 6 और 7 अप्रैल को लालकुआं-मुरादाबाद-लालकुआं, लालकुआं-काशीपुर-लालकुआं और काशीपुर-रामनगर-काशीपुर सवारी गाड़ियां निरस्त रहेंगी।

वहीं, कासगंज-रामनगर सवारी गाड़ी 6 अप्रैल को 165 मिनट देरी से चलाई जाएगी। इसके अलावा कासगंज-लालकुआं एक्सप्रेस 6 अप्रैल को इज्जतनगर तक ही चलेगी।

शॉर्ट-ओरिजिनेशन के तहत लालकुआं-कासगंज एक्सप्रेस 6 अप्रैल को पंतनगर से चलाई जाएगी, जबकि लालकुआं-कासगंज सवारी गाड़ी 6 व 7 अप्रैल को इज्जतनगर से चलाई जाएगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, इज्जतनगर संजीव शर्मा ने यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेनों की स्थिति की जानकारी लेने की अपील की है।

**सख्ती** | अनुशासनहीनता पर उठाया कदम, तबादला सूची में सबसे ज्यादा 357 कांस्टेबल और लांस कांस्टेबल

# आईजी ने दरोगा-कांस्टेबल समेत 526 का किया तबादला

- 23 एसआई, 9 एएसआई, 6 सीएमटी और 6 एम स्टाफ भी शामिल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पूर्व आईजी कुमाऊं डॉ.निलेश आनंद भरणे के बाद एक बार फिर बड़े स्तर पर कुमाऊं में तबादले किए गए हैं। इस बार आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने दरोगा और कांस्टेबल समेत कुल 526 लोगों को इधर से उधर किया है। खास बात यह है कि इस बार आईजी के तबादला पत्र में बेहद सख्त लहजे का इस्तेमाल हुआ है। वजह ये कि तमाम लोग तबादलों के बाद भी अपनी जगह से हिल नहीं रहे हैं।


आईजी रिद्धिम अग्रवाल।

आईजी द्वारा तबादला सूची के मुताबिक 23 दरोगा, 9 एएसआई, 92 हेड कांस्टेबल, 357 कांस्टेबल, 33 सीएपी, 6 सीएमटी और 6 एम स्टाफ शामिल है। बता दें कि नैनीताल जिले में मौजूदा वक्त में जरूरत के मुताबिक लगभग आधे दरोगा ही काम करने के लिए मौजूद हैं और इनमें से कई छुट्टी पर रहते हैं। तबादला सूची जारी होने के बाद उम्मीद जगी है कि नैनीताल जिले में कम चल रहे दरोगाओं की कुछ हद तक पूर्ति हो सकती है। आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर और चम्पावत के एसएसपी को निर्देशित किया है कि 10 अप्रैल तक हर हाल में दरोगाओं को कार्यमुक्त करते हुए रवाना किया जाए और इसकी रिपोर्ट उनके कार्यालय को भेजी जाए।

### 124 दरोगा नहीं छोड़ पा रहे मोह, एसएसपी को फटकार

**हल्द्वानी :** पुराने जिलों का मोह न छोड़ पाने वाले दरोगाओं से आईजी बेहद खपा हैं। वजह यह है कि इन दरोगाओं पर पहले भी तबादला आदेश जारी हो चुका है, लेकिन फिर भी इन्होंने जिला नहीं छोड़ा या यूं कहें कि एसएसपी ने इन्हें रीलीफ नहीं किया। एसएसपी के रवैये पर भी आईजी ने नाराजगी जताई है और ऐसे चार सूची जारी करते हुए ऐसे 124 दरोगाओं के नाम जारी किए हैं। इसमें एक दरोगा है ललित मोहन रावत, जो ऊधमसिंह नगर में तैनात हैं और अब उन्हें पिथौरागढ़ भेजा गया है। ऊधमसिंह नगर में इनका स्थानांतरण सत्र 2021 है। जबकि बाकी वर्ष 2024 और 2025 वाले हैं। आईजी ने दिए निर्देश पत्र में लिखा है अत्यधिक समय गुजर जाने के बावजूद जनपद प्रभारियों ने दरोगाओं को उनके स्थानांतरित जनपद के लिए कार्यमुक्त नहीं किया गया और यह अत्यंत खेदजनक है। यदि अब भी शिथिलता बरती गई तो जनपद प्रभारी खुद उत्तरदायी होंगे। यदि दरोगा निर्धारित तिथि को रवाना नहीं होता तो उसे अनुशासनहीनता मालते हुए उसके वेत रोकने के आदेश पारित किए जाएंगे।

### इन दरोगाओं को किया गया इधर से उधर

**हल्द्वानी :** जिन दरागाओं के तबादले किए गए हैं उनमें अल्मोड़ा से ऊधमसिंह नगर जाने वालों में राजेंद्र कुमार, दिनेश नाथ, अवनीश कुमार, संजय जोशी, अजेंद्र प्रसाद, मीना आर्या हैं। जबकि निर्मल सिंह लटवाल, दिलवर सिंह, देवेंद्र सिंह बिष्ट, सुरेंद्र सिंह कोरंगा, कैलाश चंद्र, जितेंद्र बिष्ट को चम्पावत से ऊधमसिंह नगर भेजा गया है। इसी तरह लक्ष्मण सिंह जगवाण, भुवन चंद्र आर्य, देवनाथ को चम्पावत से नैनीताल भेजा गया है। पिथौरागढ़ से ऊधमसिंह नगर जाने वालों में अंबी राम, मनोज पांडेय, मदन सिंह बिष्ट, बसंत बल्लभ पंत और प्रदीप कुमार को नैनीताल भेजा गया है। बागेश्वर से नैनीताल जाने वालों में मनवर सिंह, प्रताप सिंह नगरकोटी और विवेक हैं।




# समाज हो संगठित, राष्ट्र बने सशक्त

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एमबीपीजी कॉलेज के लाल बहादुर शास्त्री सभागार में प्रमुख जन संगोष्ठी हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांत संघचालक प्रो. बहादुर सिंह बिष्ट, प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेंद्र और जिला संघचालक डॉ. नीलांबर भट्ट ने किया। मुख्य वक्ता प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेंद्र ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष के तहत देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि गृह संपर्क अभियान के माध्यम से संघ कार्यकर्ता 10 करोड़ से अधिक परिवारों तक पहुंचे हैं, जबकि उत्तराखंड में आयोजित हिंदू सम्मेलनों में लाखों लोगों की भागीदारी रही। उन्होंने डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के विचारों पर बोलते हुए कहा कि संघ का उद्देश्य समाज को संगठित कर राष्ट्र को सशक्त बनाना है।


एमबीपीजी कॉलेज में हुए आरएसएस के कार्यक्रम में मौजूद प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेंद्र व अन्य।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने संघ, समाज और राष्ट्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका जवाब प्रांत प्रचारक ने दिया। संचालन जिला संपर्क प्रमुख डॉ. नंदन डसीला ने किया। इस दौरान प्रांत सह विभाग प्रचारक डॉ. नरेंद्र, सह प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ. बृजेश बनकोटी, राजेश जोशी, मनोहर, भगवान सहाय, उमेश शाह, गोधन, राहुल जोशी, राजकुमार, जिला प्रचारक जितेंद्र, प्रदीप लोहनी, भुवन, कमलेश, तनुज, डॉ. नवीन शर्मा रहे।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# ढिकुली में शराब की दुकान खोलने का विरोध ग्रामीणों ने नारेबाजी के साथ जताया आक्रोश

## विधायक कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन, दुकान न खुलने देने का ऐलान, निरस्त करने की उठाई मांग

संवाददाता, रामनगर

- वर्ष 2027 के चुनाव में विरोध करने की चेतावनी
- ग्राम प्रधान ने सरकार पर नशे को बढ़ावा देने का लगाया आरोप

**अमृत विचार:** ढिकुली ग्रामसभा में प्रस्तावित शराब की दुकान को लेकर ग्रामीणों में रोष देखा गया। दर्जनों ग्रामीण एकजुट होकर विधायक दीवान सिंह बिष्ट के कार्यालय पहुंचे और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि वे किसी भी कीमत पर गांव में शराब की दुकान नहीं खुलने देंगे।

विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही ग्राम प्रधान खष्टी देवी ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि जहां एक ओर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए जाने चाहिए, वहीं सरकार शराब की दुकान खोलकर नशे को बढ़ावा दे रही है।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह दुकान खोली गई तो आने वाले 2027 के चुनाव में इसका विरोध किया जाएगा। क्षेत्र पंचायत सदस्य सुमन रावत ने भी सरकार की नीति पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि गांव में रोजगार की समस्या पहले से ही गंभीर है, लेकिन सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाने के बजाय नशे को बढ़ावा देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इस फैसले के खिलाफ किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।


रामनगर मे विधायक प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

भाजपा के पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने भी ग्रामीणों का समर्थन करते हुए कहा कि आबकारी विभाग द्वारा ढिकुली में शराब की दुकान खोलने का प्रस्ताव रखा गया है, लेकिन स्थानीय जनभावना इसके पूरी तरह खिलाफ है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते जनता की आवाज सरकार तक पहुंचाना उनकी जिम्मेदारी है। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी इस मुद्दे को विधायक के समक्ष रखा जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी के चलते सभी लोग एकजुट होकर ज्ञापन देने पहुंचे हैं।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दुकान खोलने का निर्णय वापस नहीं लिया गया तो धरना-प्रदर्शन और भूख हड़ताल जैसे लोकतांत्रिक तरीके अपनाए जाएंगे।

विधायक दीवान सिंह बिष्ट के कार्यालय में मौजूद न होने पर उनके पुत्र जगमोहन सिंह बिष्ट ने ग्रामीणों से ज्ञापन लिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस मुद्दे को विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा और ग्रामीणों की भावनाओं का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि विधायक के लेटर पैड के जरिए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा जा रहा है।

# चित्रकला प्रतियोगिता में सादिया मलिक अव्वल

संवाददाता, रामनगर


विजेता छात्रा को सम्मानित करते अतिथि।

- संवेदना फाउंडेशन ने आयोजित की प्रतियोगिता, आटिज्म को लेकर किया जागरूक

**अमृत विचार:** पीरूमदारा स्थित किसान इंटर कॉलेज में संवेदना फाउंडेशन की ओर से आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में सादिया मलिक ने प्रथम, प्रियांशु ने द्वितीय और हिमांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का आयोजन 2 अप्रैल को "मेरा गांव, स्वस्थ गांव" विषय पर किया गया। प्रतियोगिता के बाद आयोजित गोष्ठी में स्कूली बच्चों को दिव्यांगता के विशेष प्रकार आटिज्म के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार राहुल सिंह दर्मवाल रहे। संवेदना फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल भंडारी ने बच्चों को आटिज्म के विषय में विस्तृत जानकारी दी। वहीं विशेष शिक्षिका प्रतिभा रावत ने दिव्यांगता की विभिन्न श्रेणियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में किसान इंटर कॉलेज पीरूमदारा के प्रधानाचार्य हरेंद्र सिंह चौहान ने अतिथियों का स्वागत किया और विद्यार्थियों को जागरूक किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को संस्था की ओर से पुरस्कृत किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हरेंद्र सिंह चौहान, अध्यापिका सीता रावत, राहुल सिंह दर्मवाल, अनिल भंडारी, प्रकाश भट्ट, तनुजा पांडेय, प्रतिभा रावत, विमला अधिकारी, कुंदन सिंह भंडारी, गौरव मंदोलिया, गौरव कुमार, करन बिष्ट, करन नेगी, केशव बिष्ट, सौरभ छिम्वाल, पारस बिष्ट, रवि तिवारी, नीरज रावत और अनुज अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# ईस्टर पर विश्व शांति के लिए की प्रार्थना

**नैनीताल:** यहां रविवार को ईस्टर पर्व के अवसर पर शहर के विभिन्न चर्चों और चैपल में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। इस दौरान मैथोडिस्ट चर्च, सेंट फ्रांसिस कैथोलिक चर्च, प्रोटेस्टेंट चर्च सूखाताल और सेंट निकोलस चर्च समेत कई चर्चों में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

इसके अलावा सेंट मेरी कॉन्वेंट, सेंट जोसेफ कॉलेज, शेरवुड कॉलेज, ऑल सेंट्स कॉलेज और सेंट फ्रांसिस होम के चैपलों में भी विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। फादर शेखर ने बताया कि प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान के उपलक्ष्य में ईस्टर पर्व मनाया जाता है। प्रातः विशेष प्रार्थना सभा आयोजित कर विश्व शांति की कामना की गई। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु का पुनरुत्थान मानवता को नए जीवन का संदेश देता है।

# हाथियों को भगाने के लिए ग्रामीणों ने किया रतजगा

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** कालाढूंगी रेंज में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार देर शाम दो टस्कर हाथियों के आबादी क्षेत्र में पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ रात भर पहरेदारी कर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा।

बताया जा रहा है कि शनिवार शाम करीब सात बजे कालाढूंगी बंदोबस्ती क्षेत्र में दो टस्कर हाथियों के पहुंचने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर के साइलेंसर निकालकर और लाइट की मदद से हाथियों को भगाने का प्रयास किया, लेकिन हाथी टस से मस नहीं हुए। इसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर हवाई फायर और पटाखों की मदद से हाथियों को खदेड़ने का प्रयास किया। भय के माहौल के बीच ग्रामीणों ने भी वन कर्मियों के साथ पूरी रात पहरा दिया। देर रात करीब दो बजे हाथियों को जंगल की ओर भगाने में सफलता मिली, जिसके बाद वन विभाग ने राहत की सांस ली। शुक्रवार को कालाढूंगी बंदोबस्ती निवासी भूपेंद्र सिंह बिष्ट पर हाथी ने हमला कर दिया था, जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। जिपंस पति अरविंद कुमार ने ग्रामीणों डीएम ललित मोहन रयाल को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में सोलर फेंसिंग और सुरक्षा दीवार निर्माण की मांग की है।

# महंगाई और बेरोजगारी से लोग परेशानः खष्टी

**नैनीताल:** महिला कांग्रेस नैनीताल जिला अध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल रही है। कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार तय है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राजनीतिक परिस्थितियों के चलते देश में अस्थिरता का माहौल बन रहा है। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से आम नागरिक परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रूस-यूक्रेन युद्ध तथा अमेरिका और इजरायल के साथ ईरान के तनावपूर्ण हालातों के बीच उत्पन्न संकटों से निपटने में केंद्र सरकार असमर्थ साबित हो रही है। खष्टी बिष्ट ने आरोप लगाया कि राजनीतिक संरक्षण प्राप्त अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे जनता में भय का माहौल बना हुआ है।

# आदमखोर को पकड़ने की मांग

- वन्यजीव प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर पीड़ित परिवारों से मिले नीरज

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** नीरज तिवारी ने बाघ प्रभावित सूर्याजाला गांव का दौरा कर वन्यजीव हमले में जान गंवाने वाली हंसी देवी के परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया।

इस दौरान उन्होंने जनहित को सर्वोपरि बताते हुए प्रभागीय वनाधिकारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने आदमखोर वन्यजीव को तत्काल पकड़ने अथवा आवश्यक कार्रवाई करने, गांव में सौर ऊर्जा लाइट लगाने तथा सौर ऊर्जा आधारित फेंसिंग कर गांव को सुरक्षित करने की मांग उठाई।


प्रभावित गांव का दौरा करते नीरज तिवारी। ● अमृत विचार

इसके अलावा कालाढूंगी क्षेत्र में हाथी के हमले में हुई भूपेंद्र सिंह की मृत्यु पर भी उन्होंने शोक व्यक्त किया।

नीरज तिवारी पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे और रामनगर प्रभागीय वनाधिकारी से वार्ता कर तत्काल मुआवजा दिलाने, क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करने की मांग की। नीरज तिवारी ने कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस विषय में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रशासन से त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपेक्षा जताई, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# मंत्री राम सिंह कैड़ा ने दी योजनाओं की जानकारी

संवाददाता, धानाचूली

**अमृत विचार:** राम सिंह कैड़ा के कैबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली बार क्षेत्र पहुंचने पर धानाचूली, मनाघेर, चौरलेख और पहाड़पानी में ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जगह-जगह फूलमालाओं और जयकारों के बीच मंत्री का अभिनंदन किया गया।



धानाचूली में ग्राम प्रधान हंसा लोधियाल ने पुष्पगुच्छ और शॉल ओढ़ाकर मंत्री कैड़ा का स्वागत किया। इसके बाद धानाचूली स्थित जनमिलन केंद्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और ग्रामीणों से उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। मंत्री कैड़ा ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

इस दौरान उन्होंने धारी–कौल–धानाचूली–परबड़ा सड़क के जल्द मिलान और डामरीकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए धनराशि स्वीकृत हो चुकी है और जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। साथ ही क्षेत्र की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने की बात भी कही। मंत्री ने धानाचूली, मनाघेर, चौरलेख और पहाड़पानी में जनसंपर्क करते हुए वर्ष 2027 की तैयारियों के तहत जनता से आशीर्वाद भी मांगा।

# लोगों को अपनी माटी से जोड़ने के लिए होगा कंकलासों महोत्सव

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** भाबर क्षेत्र में जाकर बस गए परिवारों को अपनी माटी और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के उद्देश्य से कंकलासों एकता मंच द्वारा दो दिवसीय कंकलासों महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यहां बैठक में महोत्सव की रूपरेखा तय की गई।

क्षेत्र के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता राम सिंह जमनाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समिति के अध्यक्ष बलराज सिंह नेगी ने बताया कि महोत्सव 30 और 31 मई को राजकीय इंटर कॉलेज चौनलिया में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों की सहभागिता पर विशेष जोर दिया। बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। बताया गया कि कंकलासों पट्टी के स्थायी निवासी जो तराई-भाबर क्षेत्र में रह रहे हैं, उन्हें महोत्सव से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। महोत्सव को सफल बनाने के लिए प्रशासन और पुलिस से सहयोग लेने का भी निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को पूर्ण रूप से गैर-राजनीतिक रखने पर सहमति बनी। आयोजन की सफलता के लिए विभिन्न सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। बैठक में अध्यक्ष बलराज सिंह नेगी, उपाध्यक्ष सुंदर डंगवाल, संयोजक आनंद सिंह कडाकोटी, संरक्षक शिवदत्त पंत, राम सिंह जमनाल, नारायण दत्त पंत, नंदन सिंह नेगी, एसएस डंगवाल, दया कृष्ण सती, दिनेश रावत, मदन राम, इंद्र सिंह मनराल, सुंदर सिंह आदि रहे।


बैठक में मौजूद कंकलासों महोत्सव समिति के लोग। ● अमृत विचार


शपथ लेते शांतिकुंज कल्याण समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## पंकज सती अध्यक्ष, आनंद पांडे सचिव बने

**रामनगर:** शांतिकुंज कल्याण समिति, लखनपुर की वार्षिक बैठक में मोहल्ले की आम समस्याओं के समाधान का संकल्प लिया गया। बैठक की शुरुआत कोषाध्यक्ष द्वारा वार्षिक आय–व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करने से हुई। इसके बाद बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। बैठक में महिलाओं की भी सक्रिय भागीदारी रही। बैठक के दौरान नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इसमें अनूप सिंह बिष्ट को संरक्षक, पंकज सती को अध्यक्ष, आनंद पांडे को सचिव, जगत पांडे को उपाध्यक्ष, हेम चंद्र पांडे को कोषाध्यक्ष और शंकर पांडे को उपसचिव चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष पंकज सती ने कहा कि नई कार्यकारिणी शांतिकुंज मोहल्ले की समस्याओं के समाधान के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य करेगी। कार्यक्रम में रमेश बिष्ट, भुवन शर्मा, पूरन पांडे, तारा घिल्डियाल, चंद्रशेखर पंत, नवेन्दु जोशी, के.एन. जोशी, प्रदीप पांडे, रोहित बिष्ट, धर्मपाल डंगवाल, संतोष पपनै, नवीन तिवारी, मनोज मनराल, जितेंद्र पांडे, अनूप बिष्ट और लक्ष्मण जोशी सहित कई लोग मौजूद रहे।

आयोजन | ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल में 'माइल्स फॉर स्माइल्स' थीम पर हिल मैराथन 2 .0 का आयोजन

# देश–विदेश से आए प्रतिभागियों ने लिया मैराथन में भाग

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर में 'हिल मैराथन 2.0 – माइल्स फॉर स्माइल्स' के तहत भव्य एथलेटिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश-विदेश से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ परिसर के निदेशक ने सुबह 6 बजे 21 किमी दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया। इसके बाद सुबह 7 बजे भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने 5 किमी दौड़ को रवाना किया। वहीं 'रन फॉर फन' की शुरुआत क्षेत्रीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बॉबी भाकुनी ने की। मैराथन में सेना, वायुसेना, एनसीसी के प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। रंग-बिरंगी टी-शर्ट में सजे प्रतिभागियों ने सुरम्य पहाड़ी मार्गों पर दौड़ लगाकर आयोजन को आकर्षक बना दिया। घुड़सवारों और बाइक राइडर्स ने मार्ग पर झंडे लहराकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।



ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल में हिल मैराथन में भाग लेता प्रतिभागी।

यह आयोजन प्रो. (डॉ.) कमल घनशाला के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य, कल्याण और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। करीब 5 लाख रुपये की कुल पुरस्कार राशि वाली इस मैराथन में 21 किमी ओपन, 21 किमी वेटरन्स, 5 किमी स्कूल वर्ग, 5 किमी ग्राफिक एरा छात्र वर्ग और 2 किमी 'रन फॉर फन' जैसी श्रेणियां शामिल रहीं। सभी प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। मैराथन के दौरान प्रतिभागियों के लिए वार्म-अप, जुम्बा सत्र और प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी से पूरा परिसर उत्साह से सराबोर रहा।

### ये रहे प्रतियोगिता के विजेता

21 किमी ओपन पुरुष वर्ग: एसमंड चेपक्वोनी (प्रथम), बिपिन जोशी (द्वितीय), फारूक चौधरी (तृतीय)

21 किमी ओपन महिला वर्ग: अंजली (प्रथम), अर्पिता सैनी (द्वितीय), उषा थ्वाल (तृतीय)

21 किमी वेटरन्स पुरुष: समीर कोल्या, घनश्याम पांडे, नंदन सिंह

21 किमी वेटरन्स महिला: कृष्णा चौहान, दुर्गा पिरसाली, नीमा भंडारी

5 किमी स्कूल बालक: पुष्कर चंद, हर्षित यादव, महेंद्र सिंह

5 किमी स्कूल बालिका: प्रिया, दीपा नेगी, उषा भंडारी

5 किमी ग्राफिक एरा छात्र: लवकेश सिंह, रोहित सिंह, प्रथमेश मेहरा

5 किमी छात्रा वर्ग: प्रिया मेहरा, अंशिका मेहता, तन्नू चंदोला

रन फॉर फन: मोहन आर्य, मोहित सिंह और बबीता बिष्ट


भीमताल में संविधान सम्मान रैली में शामिल लोग। ● अमृत विचार

## युवाओं ने लगाए संविधान जिंदाबाद के नारे

**भीमताल:** संविधान सम्मान रैली उत्साह और जोश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। रैली में युवाओं का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रतिभागियों ने हाथों में नीले झंडे लेकर जय भीम, जय संविधान, संविधान जिंदाबाद, लोकतंत्र जिंदाबाद और डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर जिंदाबाद के नारों से पूरे वातावरण को ऊर्जावान बना दिया। रैली के दौरान जगह–जगह पटाखे फोड़कर आतिशबाजी के माध्यम से लोगों ने संविधान के प्रति सम्मान व्यक्त किया। सह संयोजक मुकेश चंद्र बौद्ध ने बताया कि रैली भारतीय संविधान के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि रैली ने समाज में एकता, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जन–जागरूकता का मजबूत संदेश दिया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष दीप दर्शन समेत कई लोग मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### डीजी ने एनबीपीजीआर केन्द्र का निरीक्षण किया

**नैनीताल :** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीआरआई) के महानिदेशक एवं सचिव डॉ. एमएल जाट के नेतृत्व में रविवार को एक उच्चस्तरीय दल ने राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो के क्षेत्रीय केंद्र भवाली का दौरा किया। दल ने केंद्र के फार्म एवं फील्ड जीन बैंक का निरीक्षण कर पादप आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन से जुड़ी गतिविधियों का जायजा लिया।डॉ. डीके यादव (उप महानिदेशक, फसल विज्ञान एवं निदेशक डॉ. राजवीर सिंह (उप महानिदेशक, प्रसार) और डॉ. लक्ष्मीकांत (निदेशक, विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान) भी मौजूद रहे। महानिदेशक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने कठिन पर्वतीय परिस्थितियों में मूल्यवान जर्मप्लाज्म के संरक्षण के लिए केंद्र की ओर से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। यह दौरा केंद्र के वैज्ञानिकों और कर्मचारियों के लिए उत्साहवर्धक रहा।



उत्तराखंड में इन दिनों रामलीला मंचन के माध्यम से भी महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया जा रहा है। इस संदेश को और व्यापक बनाने के उद्देश्य से गढ़वाल हो या कुमाऊं क्षेत्र, रामलीला में राम से लेकर रावण हर एक किरदार महिलाएं निभा रही हैं। खास बात है कि यह सभी महिलाएं गृहिणी हैं जो सुबह घर का कामकाज निबटाने के बाद दोपहर से शाम तक मंचन करती हैं। यहां तक कि कई मंच पर तो कई महिलाएं पर्दे के पीछे साज-सज्जा व मंचन की अन्य तैयारियों में अपनी भूमिका निभा रही हैं।

### महिला रामलीलाः सुप्रभा राम, लक्षिता लक्ष्मण, रिद्धि भरत और शत्रुघ्न बनीं दिव्यांशी, निभाई भूमिका

# सगी बहनें बनीं राम व सुमंत, भावुक दिखे दर्शक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पुनर्नवा महिला समिति की ओर से पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर में चल रही महिला रामलीला के पांचवें दिन रविवार को दशरथ मरण व भरत मिलाप की तैयारी समेत अन्य प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया। इस अवसर पर राम के मुख से निकले संवाद अवध में कहां मुख ले जाऊं, कहूं क्या पूछे सुनकर मौजूद दर्शक भावुक हो उठे।

दरअसल, यह पंक्तियां तुलसीदास रचित रामचरितमानस ली गई हैं। जब श्रीराम दुखी होकर कहते हैं कि मैं अवध (अयोध्या) जाकर किस मुख से लोगों को जवाब दूंगा? वहां लोग मुझसे क्या पूछेंगे?



रामलीला मंचन देखने के लिए पहुंचे दर्शक। ● अमृत विचार

यह उनके मानवीय दुख और भाई के प्रति प्रेम को दर्शाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। संस्था के पदाधिकारियों ने भी मंच पर उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

रविवार को मंचन में सभी पात्रों की भूमिकाएं महिलाओं ने निभाईं, जिसने रामलीला को एक नई पहचान दी। राम की भूमिका सुप्रभा, लक्ष्मण की लक्षिता, भरत की रिद्धि और शत्रुघ्न की दिव्यांशी ने निभाई।

सीता के रूप में सौम्या, राजा दशरथ के रूप में विनीता व मंथरा की भूमिका में रितु ने सशक्त अभिनय किया। कैकेयी का पात्र मीना, सुमित्रा का हनी और कौशल्या का सुनीता ने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। सुमंत की भूमिका मेघा और वशिष्ठ की भूमिका लता ने निभाई। केवट परिवार में जानकी सामंत, रंजना जोशी, सोना तिवारी और हेमा पतलिया ने सराहनीय प्रस्तुति दी।

राम और सुमंत की भूमिका निभाने वाली दोनों कलाकार सगी बहनें हैं, वहीं सुमित्रा और कौशल्या भी बहनें हैं। लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की भूमिकाएं भी तीन बहनों ने निभाकर मंच पर पारिवारिक समरसता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे, जिन्होंने कलाकारों के अभिनय की सराहना करते हुए तालियों से उत्साहवर्धन किया।

### दिव्यांशी को राज्यपाल करेंगे सम्मानित

**हल्द्वानी :** राजकीय महिला पीजी कॉलेज की एनएसएस स्वयंसेवी छात्रा दिव्यांशी मिश्रा को गणतंत्र दिवस परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अगले सप्ताह देहरादून में राज्यपाल की ओर से सम्मानित किया जाएगा।



कॉलेज की प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने बताया कि दिव्यांशी की उपलब्धि कॉलेज के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि छात्रा की मेहनत के साथ एनएसएस इकाई के मार्गदर्शन का परिणाम है।

एनएसएस प्रभारी डॉ. रितुराज पंत ने बताया कि दिव्यांशी कुमाऊं मंडल से एकमात्र प्रतिभागी रहीं। कॉलेज के सभी शिक्षकों सहित समस्त स्टाफ ने दिव्यांशी को बधाई दी है।

# खनन से बाढ़ का खतरा, मानसून से पहले करें समाधान : जिलाधिकारी

### नंधौर नदी में 10 अप्रैल से शुरू की जाएगी रिवर ट्रैपिंग, अतिक्रमण होगा चिह्नित

- नदियों की सफाई व सिल्ट की निकासी की तैयारी शुरू
- ड्रेनेज औरभू-कटाव रोकने पर दिया गया जोर

संवाददाता, हल्द्वानी



नदियों की सफाई को लेकर विधायक डॉ .मोहन सिंह बिष्ट व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम ललित मोहन रयाल।

**अमृत विचार :** आगामी मानसून को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। नदियों की सफाई, सिल्ट निकासी, ड्रेनेज व्यवस्था मजबूत करने और भू-कटाव रोकने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। खासतौर पर गौला नदी और नंधौर नदी को लेकर प्रशासन ने अलर्ट मोड में काम शुरू कर दिया है।

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट की मौजूदगी में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया। डीएम ने कहा, खनन के चलते नंधौर नदी के मुहाने पर सिल्ट और बोल्डर का जमाव बढ़ रहा है, जो बरसात में बाढ़ का कारण बन सकता है। उन्होंने नदी के प्राकृतिक प्रवाह को बनाए रखने के साथ नंधौर में 10 अप्रैल से रिवर ट्रैपिंग शुरू करने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी विभागों को मानसून से पहले काम पूरा करने की समय सीमा दी है। गौला में भी बाढ़ सुरक्षा से जुड़े सभी काम बारिश से पहल पूरे करने होंगे।

गौला नदी से हो रहे भू-कटाव को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने रिवर ट्रैपिंग और अन्य सुरक्षा कार्यों की अनुमति के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। एडीबी परियोजना के तहत तीनपानी से मंडी तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण में अतिक्रमण का मुद्दा भी उठा। डीएम ने बताया कि पहले चिह्नीकरण हो चुका है, लेकिन प्रभावित परिवारों को देखते हुए सोमवार से दोबारा निशान लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मनोहर सिंह धर्मशक्तू, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, नगर आयुक्त परितोष वर्मा, एसडीएम प्रमोद कुमार, रेखा कोहली आदि अधिकारी मौजूद रहे।

#### विधायक ने बाढ़ के साथ उठाईं जनसमस्याएं

**हल्द्वानी :** बैठक में विधायक डॉ. बिष्ट ने बाढ़ सुरक्षा के साथ-साथ कई जनसमस्याएं भी उठाईं। उन्होंने गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी, व्यावसायिक गैस आपूर्ति, श्रीलंका टापू क्षेत्र की समस्याएं और मोतीनगर सड़क की समस्या जिलाधिकारी के सामने रखी। डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि लालकुआं क्षेत्र में रसोई गैस की 100 प्रतिशत होम डिलीवरी कराई जाए। इसके लिए सोमवार से रोस्टर प्रणाली लागू की जाएगी।

### जन मिलन कार्यक्रम में विधायक ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**रामनगरः** अमृत विचारः विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने ग्राम पाटकोट,रामपुर व भलोन में ग्रामीणों द्वारा आयोजित जनमिलन कार्यक्रम मे ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि समस्याएं अनगिनत हैं, लेकिन प्राथमिकता के आधार हर समस्या के निदान के प्रयास किए जायेंगे।

विधायक ने ग्रामीणों की जनसमस्याओं को सुना और उनका मौके पर ही सम्बंधित अधिकारियों को आदेशित कर निस्तारण किया। साथ ही ग्रामीणों को प्रधानमंत्री एवं पुष्कर धामी की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों की बेहतरी के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रही है। कहा कि लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य दीप चंद्र, ग्राम प्रधान रमेश चंद्र, ग्राम प्रधान धर्मेन्द्र कुमार, क्षेत्र पंचायत सदस्य अजय कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता धनीराम, बूथ अध्यक्ष गोपाल कुर्या, पूरन तिवारी, दयाल कुर्या, कांति सिंह मेहरा, नवीन टम्टा, हरीश चंद्र, राम लाल, हेम चंद्र, अनिल कुमार आदि कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विधायक भगत ने आंवलाकोट और दोहनिया में सुनीं लोगों की समस्याएं



कोटाबाग में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा विधायक बंशीधर भगत ने जन समस्याओं के समाधान एवं संगठनात्मक गतिविधियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कोटाबाग मंडल के अंतर्गत दोहनिया एवं आंवलाकोट शक्तिकेंद्रों में बूथ कार्यकर्ताओं तथा जनता के साथ बैठक की। इस अवसर पर कोटाबाग क्षेत्र की चार महत्वपूर्ण सड़कों की स्वीकृति दिलाने पर जनता ने विधायक का माल्यार्पण कर आभार जताया।

- चार सड़कों की स्वीकृति दिलाने पर विधायक का जताया आभार
- विधायक बोले- सरकार की योजनाओं को जनता के बीच रखें

विधायक भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही है। इस दौरान विधायक ने जन समस्याओं को गंभीरता से सुना और फोन से संबंधित विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर त्वरित एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को अधिक मजबूत करने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान भी किया।

इस अवसर पर कमलेश पांडे, विनोद बधानी, जोगा मेहरा, प्रकाश पटवाल, देवेंद्र बोरा, पूरन बुडलाकोटी, घनानंद सकटा, ग्राम प्रधान प्रेमा बिष्ट, बीडीसी सदस्य हरपाल जखवाल, महिपाल बिष्ट आदि रहे।



डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए राज्य आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

### आंदोलनकारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राज्य आंदोलनकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम ललित मोहन रयाल को ज्ञापन सौंपा। राज्य आंदोलनकारियों ने ज्ञापन में कहा कि राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने पर सरकार रजत जयंती समारोह के माध्यम से उपलब्धियां गिना रही है लेकिन राज्य की मूल अवधारणा से जुड़े मुद्दों पर गंभीर मंथन भी जरूरी है। प्रतिनिधिमंडल ने स्थायी राजधानी गैरसैंण, पहाड़ से पलायन, परिसीमन, स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था की बदहाली, भ्रष्टाचार और माफियाओं के बढ़ते प्रभाव जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। इसके अलावा कुमाऊं-गढ़वाल को जोड़ने वाली कंडी सड़क, अवैध नशे का कारोबार, रोजगार, मूल निवास और भू-कानून जैसे विषयों पर भी सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए गए। प्रतिनिधिमंडल में भुवन जोशी, प्रभात ध्यानी, पुष्कर दुर्गापाल, शेर सिंह लटवाल, बृजमोहन सिजवाली, पान सिंह नेगी और रईस अहमद शामिल रहे।

### श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया ईस्टर पर्व

**हल्द्वानीः** ईस्टर का पर्व शहर के सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह की शुरुआत श्रद्धालुओं ने पुनरुत्थान गीतों, भजनों व नृत्य से की। वरिष्ठ पास्टर राजीव मैसी की उपस्थिति में पास्टर जॉय हावर्ड ने विशेष प्रार्थना सभा का संचालन किया।

इसके बाद चर्च में ईस्टर सर्विस आयोजित की गई, जिसमें पास्टर राजीव मैसी और सहायक पास्टर आशुतोष दानी ने कलीसिया को यीशु मसीह के पुनरुत्थान के महत्व और उसके आध्यात्मिक संदेश के बारे में समझाया। मुख्य अतिथि मेयर गजराज सिंह बिष्ट का स्वागत चर्च के प्रॉपर्टी चेयरमैन आशीष मैनेजर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। कांग्रेस नेता ललित जोशी ने भी श्रद्धालुओं को संबोधित किया कार्यक्रम में सचिन भान, विजय सिन्हा आदि रहे।




महर्षि कश्यप जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि व अन्य।

### महर्षि कश्यप की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** महर्षि कश्यप जयंती रविवार को कश्यप महासभा के नेतृत्व में ट्रांसपोर्ट नगर स्थित बैंक्वट हॉल में हर्षोल्लास के साथ मनाई । कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व राज्य मंत्री प्रकाश हरबोला ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर हल्द्वानी के महापौर गजराज सिंह बिष्ट, भाजपा ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य, लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट एवं ललित जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने महर्षि कश्यप के जीवन एवं उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महर्षि कश्यप का जीवन सेवा, समर्पण और मानवता की प्रेरणा देता है, जिसे अपनाकर समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम में धर्मपाल कश्यप, किशोरी लाल, रामप्रसाद कश्यप, हरीराम कश्यप, अशोक कश्यप, श्याम कश्यप, पंकज कश्यप, जानकी प्रसाद कश्यप, नन्हे कश्यप, शंकर कश्यप, अमित कश्यप, मुकेश कश्यप, संजय पांडे , ध्रुव कश्यप, सुनील कश्यप, राहुल कश्यप, ओमी शंकर, राजन कश्यप, अभिषेक कश्यप , दुर्वेश कश्यप, अनिल कश्यप, सागर कश्यप, रूपचन्द्र रहे।

### 208 रन का लक्ष्य पार डीके रेड बनी चैंपियन

**हल्द्वानी :** पीली कोठी स्थित डीके क्रिकेट अकादमी के मैदान में खेले गए 40-40 ओवर के फाइनल मुकाबले में डीके रेड एकादश ने डीके ब्लू टीम को दो विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। मुकाबला रोमांचक रहा और आखिरी क्षण तक परिणाम अनिश्चित बना रहा।

पहले बल्लेबाजी करते हुए डीके ब्लू टीम के कप्तान कल्पेश पंत की टीम ने सभी विकेट खोकर 208 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीके रेड रेड की टीम ने कप्तान गर्वित के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन करते हुए 212 रन बनाकर दो विकेट से जीत दर्ज की। मैच के मुख्य अतिथि व्यापारी नेता व लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया।

# कुबेर प्रदेश अध्यक्ष और महावीर बने महासचिव

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** उत्तराखंड मेडिकल लैब टेक्निशियन एसोसिएशन का द्विवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन रविवार को रामपुर रोड में हुआ। अधिवेशन में प्रदेशभर से आए लगभग 150 लैब टेक्निशियनों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान प्रदेश स्तर संगठन में निर्विरोध चुनाव हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, अति विशिष्ट अतिथि महापौर गजराज सिंह बिष्ट थे। जिला कार्यकारिणी नैनीताल के अध्यक्ष सतीश पाठक एवं सचिव प्रदीप राणा कार्यक्रम की शुरूआत की। अधिवेशन के दौरान नई प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें कुबेर मावड़ी को प्रदेश अध्यक्ष, महावीर चौहान को महासचिव, अजय सिंह महरा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सरिता बिजल्वाण को महिला उपाध्यक्ष, पंकज वर्मा को कोषाध्यक्ष, दलबीर सिंह राणा को सचिव, प्रमोद जोशी को संप्रेक्षण और सुभाष भट्ट को प्रवक्ता पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

सभी पदाधिकारियों को पर्वतीय शिक्षक कर्मचारी संगठन के मंडलीय अध्यक्ष रमाशंकर जोशी ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष कुबेर मावड़ी ने कैबिनेट मंत्री को संगठन की विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा। मंत्री ने आश्वासन दिया कि लैब टेक्निशियन संवर्ग की सभी मांगों को मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष रखकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**आयोजन** | डॉ. बीआर अंबेडकर जन्म दिवस समारोह समिति ने जागरूकता रैली निकाली

# संविधान सम्मान रैली में दिया एकता का संदेश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर डॉ. बीआर अंबेडकर जन्म दिवस समारोह समिति ने संविधान सम्मान एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली की शुरूआत ऊंचापुल स्थित रामलीला मैदान से हुआ, जो कालाढूंगी चौराहा, तिकोनिया चौराहा, हाइडिलगेट और पनचक्की चौराहे से होते हुए अंबेडकर पार्क दमुवाढूंगा में संपन्न हुई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरआर आर्य ने कहा कि संविधान हमारे देश की स्वतंत्रता और लोकतंत्र की जीत का प्रतीक है,



हल्द्वानी में संविधान जागरुकता रैली निकालते लोग। ● अमृत विचार

जिसका सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है। मुख्य संयोजक दीप दर्शन ने संविधान को देश की नींव बताते हुए कहा कि यह हमें स्वतंत्रता, समानता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है।

सहसंयोजक वीरेंद्र टम्टा ने संविधान के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए समान अधिकार, स्वतंत्रता और न्याय की आवश्यकता पर जोर दिया। संरक्षक दीपक चनियाल ने कहा कि संविधान हमें भाईचारे और एकता का संदेश देता है। नफीस अहमद खान ने सभी से संविधान के प्रति जागरूक रहने और इसके सिद्धांतों का पालन करने का आह्वान किया।

महासचिव दिनेश आर्य ने संचालन करते हुए संविधान को देश की आत्मा बताया। इस दौरान दीपक चनियाल, विरेन्द्र कुमार टम्टा, , दिनेश आर्या, इंद्र कुमार आर्य, सुंदरलाल बौद्ध, संजय कुमार सागर, मुकेश बौद्ध, विनोद बौद्ध, राजेंद्र प्रसाद, अमित कुमार, रितिक कांत, अनवर अंसारी, जीतराम, संजय कुमार टम्टा, सखावत हुसैन, संजय बगढ़वाल, अमित कुमार बौद्ध, हरीश लोधी, विपिन बिहारी, वीर राम, जगदीश चंद्र, सुरेश चंद्र ग्वासीकोटी, पंकज अंबेडकर, आकाश भारती थे।

### लक्ष्य राय चंदानी की शतकीय पारी

**हल्द्वानी :** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित सीनियर पुरुष वर्ग की अंतर-जिला क्रिकेट लीग का उद्घाटन मुकाबला आज जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में नैनीताल और बागेश्वर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर बागेश्वर ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नैनीताल की टीम ने निर्धारित 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 294 रन बनाए। टीम के लिए रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी लक्ष्य राय चंदानी ने शानदार शतकीय पारी खेली। उन्होंने 121 गेंदों में 6 छक्के और 9 चौकों की मदद से 128 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बागेश्वर की पूरी टीम 29वें ओवर में 127 रन पर ऑल आउट हो गई।

# हल्द्वानी एडवोकेट 11 ने जीता मैच

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार में आयोजित कॉर्पोरेट कप लीग मुकाबले में रविवार को हल्द्वानी एडवोकेट 11 ने सनशाइन क्लब जबाहरनगर को 108 रनों से करारी शिकस्त दी। मैच में बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग तीनों ही विभागों में हल्द्वानी एडवोकेट 11 का दबदबा देखने को मिला। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हल्द्वानी एडवोकेट 11 ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 161 रनों का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से रमेश कांडपाल ने विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए मात्र 25 गेंदों में 50 रन बनाए, जिसमें 4 शानदार छक्के शामिल रहे। कंचन सिंह ने 20 रनों का योगदान दिया, जबकि अन्य बल्लेबाजों ने भी छोटी-छोटी पारियां खेलकर टीम के स्कोर को मजबूत किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनशाइन क्लब जबाहरनगर की शुरुआत बेहद खराब रही और पूरी टीम 53 रनों पर सिमट गई। टीम की ओर से गौरव अधिकारी ने 16 रन बनाकर कुछ संघर्ष जरूर किया, लेकिन अन्य बल्लेबाज क्रीज पर टिक नहीं सके। गेंदबाजी में हल्द्वानी एडवोकेट 11 के पंकज बोहरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में सिर्फ 10 रन देकर 6 विकेट झटके। उनके अलावा भानु कबड़वाल ने 2 विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं सनशाइन क्लब के गेंदबाजों में गौरव अधिकारी ने 3 विकेट लेकर प्रयास जरूर किया, लेकिन टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहे। मैच का परिणाम हल्द्वानी एडवोकेट 11 के पक्ष में रहा, जिन्होंने 108 रनों से शानदार जीत दर्ज की। पंकज बोहरा को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के निर्णायक की भूमिका भूपेश शाही, गौरव और रवि ने निभाई, जबकि स्कोरिंग की जिम्मेदारी राहुल बोहरा ने संभाली।



एडवोकेट एकादश के खिलाड़ी पंकज बोहरा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

सिटी ब्रीफ

### पीड़ित ने लगाई जान-माल की सुरक्षा की गुहार

**खटीमा :** कंचनपुरी पचपेड़ा निवासी सईद अहमद पुत्र रफीक अहमद ने सत्रहमील चौकी में पुलिस को तहरीर देते हुए कहा कि उसकी ग्राम भैंसहा में कृषि भूमि है, जिस पर कुछ विपक्षी लोगों के साथ विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। सईद ने बताया कि रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे विपक्षी लाठी-डंडों से लैस होकर ट्रैक्टर लेकर भूमि पर आए और कब्जा करने का प्रयास करने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की और अपनी जान-माल की सुरक्षा के लिए पुलिस से मदद की गुहार लगाई है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी, मामला दर्ज

**सितारगंज :** अज्ञात चोर ने घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ली। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, नारायणपुर, किच्छा निवासी ब्रजकिशोर ने बताया कि 29 मार्च को वह अपनी बाइक से सितारगंज के गांव उकरौली गए थे। वहां उन्होंने एक परिचित के घर के बाहर बाइक खड़ी कर दी थी। रात करीब 12 बजे अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दो कारों की भिड़ंत में एक व्यक्ति गंभीर घायल

## घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, दिल्ली निवासी कार स्वामी भावेश गुप्ता की स्थिति है नाजुक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** नैनीताल-रामपुर हाईवे पर रविवार को दो कारों की आमने-सामने भीषण भिड़ंत हो गई, जिसमें दिल्ली निवासी एक कार स्वामी गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरी कार में सवार दो लोग भी चोटिल हुए। सूचना मिलने पर पुलिस ने तुरंत घटना स्थल पर पहुंचकर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली के रहने वाले भावेश गुप्ता अपनी किया कार संख्या यूपी 15 डीवाई 8843 से नैनीताल से लौट रहे थे। जैसे ही कार सिडकुल चौराहा मोड़ पर पहुंची, तभी काली रंग की किया कार संख्या यूके 06 बीडी 0808 से टकरा गई। दोनों गाड़ियों की रफ्तार इतनी तेज थी कि जोरदार धक्का लगने से दोनों ही कारों का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और तीन लोग फंस गए। सूचना मिलते ही सिडकुल चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को अस्पताल ले गई। वहां दो घायलों का प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गई, लेकिन दिल्ली निवासी भावेश गुप्ता की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने हादसे की जानकारी परिवार को दे दी है।


नैनीताल-रामपुर हाईवे पर रविवार को हुई भिड़ंत में क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

### ट्रक ने बाइक को सौ मीटर तक घसीटा युवक-युवती की हालत नाजुक

**रुद्रपुर :** थाना पंतनगर क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे युवक और युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव कैधुलिया नानकमत्ता निवासी रणजीत सिंह ने बताया कि एक मार्च की सुबह उनकी बेटी आंचल राणा अपने रिश्तेदार संदीप सिंह राणा के साथ बाइक से सिडकुल, रुद्रपुर जा रही थी। सुबह करीब पौने छह बजे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि युवती हाईवे पर गिरकर गंभीर घायल हो गई, जबकि युवक और बाइक ट्रक के अगले हिस्से में फंस गए। चालक उन्हें करीब 100 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। वर्तमान में दोनों का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है और उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक घायल

**रुद्रपुर :** थाना पंतनगर क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की टक्कर से दो युवक घायल हो गए। इनमें से एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे ऋषिकेश के हायर सेंटर रेफर किया गया है, जहां वह जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांधीनगर बिदुखता निवासी मोहन चंद्र देवराड़ी ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि उनका बेटा हरीश चंद्र देवराड़ी 23 मार्च की रात करीब साढ़े सात बजे अपने दोस्त भुवन पांडेय के साथ बाइक से नगला की ओर घर लौट रहा था। तभी भूरा कबाड़ी किच्छा मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक हवा में उछलकर हाईवे पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने हरीश की हालत नाजुक बताते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल युवक का इलाज ऋषिकेश के एक बड़े अस्पताल में चल रहा है, जहां उसकी स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार चालक की तलाश तेज कर दी है।

### टुकटुक की टक्कर से किशोर की मौत

**रुद्रपुर :** रविवार दोपहर शिव नगर निवासी अंकित (12) की टुकटुक से टकराकर लहूलुहान हो गया। हादसे में टुकटुक भी पलट गया, जिससे चालक ओमप्रकाश घायल हो गया। घायलों को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने अंकित को मृत घोषित कर दिया। चालक की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज से हादसे का वास्तविक कारण पता लगाया। किशोर की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### सड़क हादसे में दंत चिकित्सक गंभीर घायल

**बाजपुर :** नगर में एक सड़क हादसे में दंत चिकित्सक डॉ. दीपक गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि उनकी बाइक अचानक फिसल जाने के कारण यह हादसा हुआ। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्र में चिंता का माहौल फैल गया। सामाजिक और शैक्षणिक जगत से जुड़े लोगों सहित आमजन ने डॉ. दीपक गुप्ता के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# उक्रांद ने सीमावर्ती गांवों में लोगों से किया संपर्क



खटीमा के ग्रामीण क्षेत्र में जन संपर्क करते उक्रांद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा के पकड़िया, झनकईया, बगुलिया, अशोक फॉर्म, सिसैया, बंधा, मेलाघाट आदि गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।भ्रमण के दौरान उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष शिव शंकर भाटिया ने कहा कि पिछले 25 वर्षों से राष्ट्रीय पार्टियों ने उत्तराखंड को पीछे धकेला है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड राज्य निर्माण शहीदों के सपनों के अनुरूप उत्तराखंड बनाने में ये पार्टियां सफल नहीं हो सकीं। इसके चलते आज भी उत्तराखंड स्थाई राजधानी, मूल निवास, सशक्त भू कानून, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्थाई रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।

भाटिया ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल की सरकार बनने पर प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी। उन्होंने किसानों की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि गेहूं की फसल नष्ट होने के बाद भी सरकार द्वारा तय रेट 2,600 रुपए प्रति क्विंटल होने के बावजूद किसानों को केवल 1,800 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से अपनी फसल बेचनी पड़ रही है। इसके अलावा, सरकारी कांटे किसी ग्राम पंचायत में नहीं लगाए गए हैं, जिससे स्थानीय किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ रही है। इस अवसर पर किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष धन बहादुर चंद, केंद्रीय सदस्य हरेंद्र कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष महेश चंद और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


बोल्डर हटाने के बाद खुला रिंग रोड। ● अमृत विचार

### सुखदेव की मौत के बाद एनएचएआई ने रिंग रोड से हटाए बोल्डर, यातायात बहाल

**रुद्रपुर :** किच्छा हाईवे स्थित नवनिर्मित रिंग रोड पर शुक्रवार की देर रात्रि 28 वर्षीय सुखदेव विश्वास की सीमेंट के बोल्डर से टकराकर दर्दनाक मौत के बाद एनएचएआई विभाग जाग गया। रविवार को जांच के बाद उस मार्ग से बोल्डर हटा दिए गए और रोड पर यातायात बहाल कर दिया गया।सूत्रों के अनुसार सुखदेव अपनी बहन से मिलने के बाद बंगाली कॉलोनी, बिलासपुर लौट रहे थे, तभी रिंग रोड पर बाइक मोड़ते समय 500 मीटर आगे लगे बोल्डर से टकरा गए। इस हादसे के बाद नेताओं और आम जनता में गहरा रोष फैल गया। एनएचएआई ने इसी क्रम में नैनीताल हाईवे पर बने रिंग रोड से भी बोल्डर हटा कर एक तरफा मार्ग खोल दिया है। चर्चा यह भी है कि रोड को पहले खोल कर फिर बंद किया गया था, संभवत: लोकार्पण के लिए। अब सवाल यह है कि क्या विभाग को एक नौजवान की जान जाने का इंतजार था।

# जयंती पर महर्षि कश्यप के आदर्शों को अपनाने का लिया संकल्प

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** महर्षि कश्यप ऋषि जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उनके बताए आदर्शों पर चलकर मानव सेवा और समाज सेवा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर कश्यप समाज को संगठित और सशक्त बनाने के उद्देश्य से विधानसभा स्तर की समिति का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

कार्यक्रम में वरिष्ठ नेत्री सुनीता कश्यप के आवास पर महर्षि कश्यप ऋषि के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। वरिष्ठ नेत्री सुनीता कश्यप, दुर्गा प्रसाद कश्यप, गोपाल कश्यप और दिनेश कश्यप ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महर्षि कश्यप जी के आदर्श समाज को एकजुट करने और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने जाति, धर्म और ऊँच-नीच का भेदभाव मिटाकर मानव सेवा एवं समाज सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन समाज के उत्थान और एकता के संकल्प के साथ किया गया। इस अवसर पर किच्छा विधानसभा स्तर की समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। दुर्गा प्रसाद कश्यप को समिति का संरक्षक, सुनीता कश्यप को अध्यक्ष, बबलू कश्यप को सचिव, डॉ. सूरजपाल कश्यप को उप सचिव और नंदकिशोर कश्यप को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए समाज और संगठन हित में कार्य करने का संकल्प लिया। समिति गठन की घोषणा के बाद गणमान्य लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर उन का स्वागत किया और मनोनयन की बधाई दी। मौके पर मोहनलाल कश्यप, श्रीपाल, नंदकिशोर, हरी लाल, नरेंद्र कश्यप, अमन कश्यप, बबलू कश्यप, हर प्रसाद और राम भरोसे लाल आदि मौजूद रहे।


किच्छा में जयंती अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

### जसपुर में निकाली महर्षि कश्यप की शोभायात्रा

**जसपुर :** महर्षि कश्यप जयंती के मौके पर श्रद्धालुओं ने यहां शोभायात्रा निकाली। यात्रा में कई झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। रविवार को कश्यप समाज द्वारा महर्षि कश्यप की जयंती पर भूतपुरी रोड स्थित बालाजी राइस मिल के पास से शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा को मोहल्ला जोशियान, मोहल्ला चौहनान, जुलाहान, अस्पताल रोड, काली मंदिर होते हुए कोतवाली रोड, बारी चौक, मेन बाजार से ठाकुरद्वारा बस अड्डे तक निकाला गया। यात्रा में भगवान भोले शंकर, मां शेरावाली, भगवान गणेश, काली माता, गौरा पार्वती की सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। इसके अलावा राधा कृष्ण के नृत्य को भी लोगों ने पसंद किया। बैंड बाजे के साथ चल रही शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण भी किया गया। यहां विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख काशीपुर अर्जुन कश्यप, धर्मेंद्र कश्यप, महेंद्र कश्यप, सोनू कश्यप, रामपाल कश्यप, अमित बग्गा, विकास, भारत, शोरन, जसवंत, चंद्रपाल, अरुण, अशोक खन्ना, आदि रहे।


जसपुर में महर्षि कश्यप शोभायात्रा में शामिल विधायक। ● अमृत विचार

# वीरांगनाओं व बुजुर्ग फौजियों को किया सम्मानित

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** शांतिपुरी सैनिक संगठन की वार्षिक बैठक सैनिक भवन परिसर में संगठन अध्यक्ष सूबेदार मेजर लाल सिंह कोरंगा (सेनि) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन ने नए पेंशनर, कुमाऊं रेजीमेंट के नायक पंकज आर्या को सदस्यता दिलाई। साथ ही चार वरिष्ठ पूर्व सैनिकों और चार वीरांगनाओं को सॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया।

मुख्य वक्ता कर्नल गोकरन सिंह राणा (सेनि) ने खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के प्रतिकूल प्रभावों से पूर्व सैनिकों को सतर्क रहने और अपने अनुभव का समाज हित में उपयोग करने की अपील की। अध्यक्ष कोरंगा ने संगठन और पूर्व सैनिकों के हित में सुझाव आमंत्रित किए। उन्होंने कहा कि संगठन पूर्व सैनिकों की ताकत है, जो सम्मान के साथ रह कर अपनी समस्याओं का समाधान सरलता से कर सकते हैं। कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर कुंवर सिंह कोरंगा (सेनि) ने पिछली वर्ष का आय-व्यय प्रस्तुत किया और नियमित सदस्यता शुल्क व अन्य आय स्रोतों में सहयोग की अपील की। बैठक में पार्ट टू ऑर्डर, ईसीएचएस, फैमिली पेंशन और रुद्रपुर में नई कैंटीन खोलने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। पूर्व अध्यक्ष कैप्टन देवेंद्र सिंह कोरंगा (सेनि), कैप्टन आरडी भट्ट (सेनि), कैप्टन पुरुषोत्तम डिमरी (सेनि), कैप्टन केएस रौतेला (सेनि) सहित अन्य पदाधिकारियों ने बैठक को संबोधित किया। संचालन संगठन महामंत्री प्रकाश चंद्र जोशी (सेनि) ने किया। बैठक में कैप्टन पुरुषोत्तम डिमरी, कैप्टन पीसी जोशी, कोषाध्यक्ष कुंवर सिंह कोरंगा, डीडी भट्ट, कल्याण सिंह मटियानी, प्रकाश चंद्र जोशी, नेत्र सिंह टाकुली, हरीश चंद्र जोशी, ब्लॉक प्रतिनिधि प्रकाश सिंह बिष्ट, गोविंद सिंह दसोनी, रूप सिंह रहे।


शांतिपुरी में पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं को सम्मानित करते संगठन पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### बंदरों से निजात की मांग, ज्ञापन दिया

**खटीमाः** बंदरों के आतंक से परेशान वार्ड-3 की महिलाओं ने पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी से मिलकर राहत की मांग की। महिलाओं ने बताया कि बंदरों के लगातार उत्पात के कारण बच्चों और महिलाओं के लिए घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बंदर घरों में घुसकर खाने-पीने की वस्तुएं, साग-सब्जी, फल-फूल और घरेलू सामान नुकसान पहुंचा रहे हैं।

महिलाओं ने पालिकाध्यक्ष से वार्डवासियों को बंदरों के आतंक से राहत दिलाने की मांग की। अध्यक्ष जोशी ने इस संबंध में वन विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में सुनीता देवी, जानकी चंद, गीता भंडारी, विमल जोशी, देवकी गडकोटी आदि शामिल थीं।

# झूठ की राजनीति कर रहे बेहड़: शुक्ला

- 42.12 करोड़ की सड़क पर हुआ घमासान-श्रेय लेने को बेहड़-शुक्ला आमने-सामने

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** प्रदेश की धामी सरकार द्वारा किच्छा विधानसभा में 42.12 करोड़ रुपये की स्वीकृत सड़क परियोजनाओं का श्रेय लेने को लेकर विधायक तिलकराज बेहड़ और पूर्व विधायक राजेश शुक्ला एक बार फिर आमने-सामने आ गए। दोनों एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं।

पूर्व विधायक शुक्ला ने प्रेसवार्ता में कहा कि किच्छा के लिए सड़कों की स्वीकृति उनके प्रयासों और मुख्यमंत्री धामी की मेहनत से मिली थी। इसमें विधायक बेहड़ का कोई योगदान नहीं है। बावजूद इसके बेहड़ झूठे प्रचार के जरिए खुद को श्रेय लेता दिखा रहे हैं। शुक्ला ने कहा कि बेहड़ विकास नहीं, बल्कि झूठ की राजनीति कर रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से किच्छा विधानसभा में करोड़ों की लागत से बनने वाली सड़कों को लेकर राजनीतिक घमासान हो रहा है। रविवार को बेहड़ ने 8.222 किलोमीटर, लागत 22.72 करोड़ रुपये की सिडकुल-नगला मार्ग और 8.900 किलोमीटर, लागत 19.40 करोड़ रुपये की शिमला-कुरैया मार्ग का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके तुरंत बाद शुक्ला ने प्रेसवार्ता कर पलटवार किया। शुक्ला ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में बेहड़ की कोई बड़ी उपलब्धि नहीं है। वहीं, उन्होंने जनता से अपील की कि वह बेहड़ की ओछी राजनीति को समझ चुकी है।

पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि उन्होंने हमेशा किच्छा के विकास के लिए प्रयास किए हैं। उनकी पहल से जर्जर सड़कें, बैकट हॉल और अन्य विकास कार्य पूरे हुए हैं। उन्होंने अधिकारियों और मुख्यमंत्री धामी से मिलकर करोड़ों रुपये की स्वीकृति दिलाई।


तिलकराज बेहड़।


राजेश शुक्ला।

### तहसील गेट के पास से वृद्धा का शव बरामद

**खटीमाः** पुलिस ने सितारगंज रोड पर तहसील के गेट के पास एक वृद्धा का शव बरामद हुआ है।

रविवार सुबह तहसील परिसर में सफाई करने आए सफाई कर्मी ने गेट पर वृद्धा का शव पड़ा देखा और इसकी सूचना सुरक्षा गार्ड को दी। सुरक्षा गार्ड ने तुरंत कोतवाली पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए उप जिला चिकित्सालय भेजा। बाद में मृतक महिला की शिनाख्त नाजरा (65), पत्नी अल्लादीन, निवासी वार्ड संख्या नौ, निकट नूरी मस्जिद, इस्लाम नगर के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि मृतका तहसील, कोर्ट और अन्य कार्यालयों में घूमती थीं और लोगों की मदद भी करती थीं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग, हल्द्वानी (नैनीताल)**

**Office of The Executive Engineer, C.D.P.W.D.Haldwani**

(Phone/Fax): 05946-223352 E-mail-ee_ndhal@rediffmail.com

पत्रांक : 1058/2ए०सी० दिनांक : 04/04/2026

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 731/2ए0सी0, दिनांक 18.03.2026 के द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना, जो दिनांक 09.04.2026 को कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जानी है तथा दिनांक 10.04.2026 को 11.30 बजे खोली जानी है अपरिहार्य कारणों से निविदा सूचना के क्रम संख्या 1 के कार्य को निरस्त किया जाता है एवं आमंत्रित निविदा के क्रम सं0 18, 19, 20 एवं 21 में त्रुटिवश धरोहर धनराशि रू0 17000.00 एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य 1000+GST अंकित हो गया है जिसमें धरोहर धनराशि क्रमश रू0 24000.00, 25000.00, 23000.00 एवं 22000.00 व निविदा प्रपत्र का मूल्य 1500+GST पढ़ा व समझा जाये।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो० नि० वि०
(हल्द्वानी (नैनीताल)।

आमने-सामने

**बोले ठुकराल-पैर छूकर भी मांग सकता हूं माफी, मीना बोलीं- ठुकराल को मिला टिकट तो करूंगी विरोध**

# पूर्व विधायक ठुकराल के बयान पर मीना शर्मा ने किया पलटवार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की ऑडियो वायरल होने के बाद उनकी धुर विरोधी रहीं कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा ने एक बार फिर उनके बयान पर पलटवार किया है। ठुकराल ने बयान दिया था कि मीना ब्राह्मण परिवार से हैं और वह पहले भी सार्वजनिक रूप से माफी मांग चुके हैं। यदि जरूरत पड़ी तो वह उनके पैर छूकर भी माफी मांगने को तैयार हैं। इस पर मीना शर्मा ने कटाक्ष करते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है।

बताते चलें कि पिछले साढ़े चार वर्षों से पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के बीच जुबानी जंग जारी थी। यह विवाद उस समय और बढ़ गया जब मीना शर्मा ने ठुकराल के खिलाफ अमर्यादित भाषा के प्रयोग और महिला सम्मान को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया। जैसे ही ठुकराल के कांग्रेस में शामिल होने की चर्चा शुरू हुई, मीना शर्मा ने इसका पुरजोर विरोध किया और पार्टी हाईकमान को अपनी आपत्ति से अवगत कराया। इसके बावजूद पार्टी ने हाल ही में दिल्ली स्थित मुख्यालय में ठुकराल को कांग्रेस की सदस्यता दिला दी। इससे नाराज होकर मीना शर्मा ने अपने तीनों पदों से इस्तीफा दे दिया। कुछ समय तक मामला शांत रहा, लेकिन चार अप्रैल को ठुकराल का एक बयान सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसमें उन्होंने कहा कि कांग्रेस हाईकमान ने उन्हें पार्टी में शामिल किया है और निर्देश दिया है कि किसी भी नेता के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मीना शर्मा ब्राह्मण परिवार से हैं और उनके खिलाफ बोलना अनुचित है। वह पहले भी माफी मांग चुके हैं और जरूरत पड़ी तो पैर छूकर भी माफी मांग सकते हैं।

### ठुकराल को छोड़कर किसी को भी मिले टिकट: मीना



**रुद्रपुर :** ठुकराल के बयान पर पलटवार करते हुए मीना शर्मा ने कहा कि वह उनके द्वारा की गई अमर्यादित भाषा को कभी नहीं भूल सकतीं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति हाल ही में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आया हो, जिस पर सांप्रदायिक दंगों के आरोप लगे हों और जो विवादित बयानों के लिए जाना जाता हो, ऐसे व्यक्ति को यदि रुद्रपुर विधानसभा से टिकट दिया जाता है, तो वह इसका विरोध करेंगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पार्टी किसी अन्य उम्मीदवार को टिकट दे, तो वह निस्वार्थ भाव से चुनाव में सहयोग करेंगी, लेकिन ठुकराल के खिलाफ उनका विरोध जारी रहेगा। उन्होंने पार्टी हाईकमान से इस पर गंभीर मंथन करने की मांग की।

### कांग्रेस के एजेंडे पर चलना ही मकसद: ठुकराल



**रुद्रपुर :** मीना शर्मा के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि उनके खिलाफ वायरल ऑडियो भाजपा के कुछ नेताओं द्वारा आधुनिक तकनीक के माध्यम से तैयार की गई है और उन्होंने कोई आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं की है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों का उद्देश्य उन्हें राजनीति में आगे बढ़ने से रोकना है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने मीना शर्मा के खिलाफ कभी अपशब्दों का प्रयोग नहीं किया। वह पहले भी माफी मांग चुके हैं और जरूरत पड़ने पर दोबारा सार्वजनिक रूप से माफी मांग सकते हैं। फिलहाल उनका उद्देश्य कांग्रेस के एजेंडे पर काम करना है।

### 4.82 ग्राम हैरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**सितारगंजः** सितारगंज कोतवाली पुलिस ने 4.82 ग्राम हैरोइन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 900 रुपए भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रात्रि गश्त के दौरान गांव गोठा स्थित लिप्टिस के जंगल के पास एक व्यक्ति को सड़क पर खड़ा देखा। पुलिस को आते देखा, तो वह गांव की ओर भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना नाम गुरमीत सिंह उर्फ़ बाबू (25) निवासी गुरुनानक नगरी गोठा का निवासी है। तलाशी लेने पर उसके पास से 4.82 ग्राम हैरोइन और 900 रुपए बरामद हुए। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया।

## ब्रीफ न्यूज

### कवि बादल बाजपुरी नेपाल में सम्मानित

**बाजपुर :** नेपाल के दोधारा चांदनी (महेंद्र नगर) में आयोजित प्रगतिशील लेखक संघ की अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में बाजपुर के युवा कवि बादल बाजपुरी को 'साहित्य गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल मुख्य अतिथि और पूर्व उप प्रधानमंत्री ईश्वर पोखरेल विशिष्ट अतिथि रहे। बादल बाजपुरी को यह सम्मान भारत नेपाल के बीच साहित्यिक एवं सांस्कृतिक योगदान के लिए प्रदान किया गया।

### रोडवेज बसों के पुराने टायर बदले

**काशीपुर :** रोडवेज बसों में नए टायर लगाने का कार्य शुरू हो गया है। डिपो में उपलब्ध नए टायरों को सभी रूटों की बसों में लगाया जा रहा है, ताकि पुराने रबर चढ़े टायरों के कारण होने वाले हादसों से बचा जा सके। डिपो के सीनियर फोरमैन मोहम्मद यामीन ने बताया कि डिपो में पर्याप्त नए टायर मौजूद हैं और पुराने टायरों की जगह नए लगाए जा रहे हैं।

# सीएम के कार्यक्रम को लेकर भाजपाइयों ने किया विमर्श



खटीमा में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर मंथन करते भाजपा कार्यकर्ता।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रस्तावित कार्यक्रमों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैठक कर कार्यक्रम की सफलता हेतु कार्ययोजना तैयार की।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष अमित पांडे ने बताया कि आठ अप्रैल को शाम 5 बजे आयोजित संगठन कार्यशाला में मुख्यमंत्री धामी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।विधानसभा स्तरीय इस कार्यशाला में संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया जाएगा और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर मंथन होगा। बैठक में पालिकाध्यक्ष रमेश जोशी, निवर्तमान मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, जिला सह प्रभारी हिमांशु बिष्ट, जिला महामंत्री रमेश जोशी, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, सतीश गोयल, सतीश भट्ट, भुवन भट्ट, विक्की रस्तोगी, नवीन भट्ट, संतोष जोशी, नीता सक्सेना, विमला मुंडला, भागीरथी खोलिया, हेमा जोशी, रेनू भंडारी, प्रमोद गड़कोटी, रोहित जोशी और गंगा चौहान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नेशनल हाईवे-74 पर मसीत के निकट हादसा, गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर किया रेफर

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, सात श्रद्धालु घायल

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** नेशनल हाईवे-74 पर मसीत के निकट रविवार दोपहर तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया। हादसे में तीन बच्चों और तीन महिलाओं समेत कुल सात श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। साथ ही एंबुलेंस को सूचना दी गई। गनीमत रही कि इस भीषण हादसे में सभी की जान बच गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम बाजावाला, केलाखेड़ा निवासी एक परिवार रविवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे ई-रिक्शा में सवार होकर बिलासपुर के पास स्थित बाबा दीप सिंह गुरुद्वारा साहिब में दर्शन के लिए जा रहा था। जैसे ही ई-रिक्शा मसीत के पास पहुंचा, पीछे से आ रही एक अनियंत्रित कार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा पलट गया। हादसे में 18 वर्षीय लवजीत सिंह (पुत्र मलकीत सिंह, ई-रिक्शा चालक), 34 वर्षीय सीमा (पत्नी तरन सिंह), 55 वर्षीय बलजीत कौर (पत्नी बगीचा सिंह), 26 वर्षीय परमजीत कौर (पुत्री गुरमीत सिंह), 12 वर्षीय कोमल (पुत्री तरन सिंह), 10 वर्षीय मनिंदर (पुत्र तरन सिंह) और चार वर्षीय जोत सिंह (पुत्र तरन सिंह) घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को नेशनल हाईवे की एंबुलेंस के जरिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।



बाजपुर में हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन और बचाव कार्य में जुटी पुलिस व स्थानीय लोग।

### एंबुलेंस को नहीं मिला रास्ता, इलाज में हुई देरी

**बाजपुर :** एनएचएआई एंबुलेंस के अटेंडर डॉ. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि जब घायलों को अस्पताल ले जाया जा रहा था, तब मुख्य मार्ग पर एक दुकान के पास कुछ लोगों ने एंबुलेंस को रास्ता नहीं दिया। चालक द्वारा लगातार हॉर्न बजाने के बावजूद एंबुलेंस करीब 4 से 5 मिनट तक जाम में फंसी रही, जिससे घायलों को समय पर उपचार मिलने में देरी हुई। उन्होंने इस घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए लोगों से आपातकालीन सेवाओं के प्रति संवेदनशील रहने की अपील की है।

### हादसे के बाद क्षेत्र में रोष, तेज रफ्तार पर लगाम की मांग

**बाजपुर :** सड़क हादसे के बाद क्षेत्रवासियों में गहरा रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य मार्गों पर तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश नहीं लग पाने के कारण आए दिन ऐसे हादसे हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तेज रफ्तार वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और दुर्घटना संभावित स्थानों पर स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# बेहड़ ने 32.48 लाख की सड़कों का किया लोकार्पण

## नजीबाबाद में विधायक तिलकराज बेहड़ ने सुनीं जनसमस्याएं, दिए समाधान के निर्देश, समारोह में हुआ स्वागत



किच्छा के नजीबाबाद में सड़कों का लोकार्पण करते विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** विधानसभा अंतर्गत धौरा-डॉम क्षेत्र में 32.48 लाख रुपए की लागत से सड़कों के लोकार्पण और 41.19 लाख रुपए की लागत से 700 मीटर सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने पर ग्राम नजीबाबाद में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधायक निधि, जिला योजना और जिला पंचायत के माध्यम से कई सड़कों का लोकार्पण किया।

विधायक बेहड़ ने ग्राम माता फॉर्म क्षेत्र में 5.48 लाख रुपए, चीमा लाइन में 15 लाख रुपए, प्रधान लाइन में 9 लाख रुपए और अमर सिंह लाइन में 2.5 लाख रुपए की लागत से बनी सड़कों का विधिवत फीता काटकर और नारियल फोड़कर लोकार्पण किया। स्वागत समारोह में ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के बीच विधायक को फूल मालाएं पहनाकर और गुलदस्ते भेंट कर जोरदार स्वागत किया तथा क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाने पर आभार व्यक्त किया। विधायक बेहड़ ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य हर गांव और गली तक विकास पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जहां भी जरूरत होगी, वहां सड़क, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने क्षेत्र का सर्वांगीण विकास अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। ग्राम बखपुर से शुरू हुआ स्वागत समारोह का सिलसिला ग्राम नजीबाबाद तक जारी रहा। ग्रामीणों ने विधायक के निरंतर प्रयासों से क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य होने और आम जनता को सीधे लाभ मिलने की सराहना की। स्वागत अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान गुलशन सिंधी, पूर्व ब्लाक प्रमुख मेजर सिंह,जिला पंचायत सदस्य प्रेम आर्य, अरुण शुक्ला, राजेश प्रताप सिंह, नजाकत खान, ग्राम प्रधान रोशनी देवी, ग्राम प्रधान रीमा देवी, राम सिंह, सुरजीत सिंह, लखविंदर सिंह, राजपाल सिंह, बलदेव सिंह, बलवंत सिंह, सुंदर सिंह, आफाक खान, राजेंद्र शर्मा, अर्जुन यादव, अनिल यादव, विक्रम सिंह मेहता, डिंपल सिंह, जियाउद्दीन खान रहे।

# अटरिया-लालपुर मार्ग का सीसी निर्माण शुरू

- शांतिपुरी क्षेत्र में ढोल-नगाड़ों और फूल मालाओं के साथ किया गया विधायक का अभिनंदन

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** अटरिया नगला और लालपुर नगला मार्गों के सीसी निर्माण कार्य के शुभारंभ पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक तिलक राज बेहड़ का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया।

राजकीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में हुए समारोह में ढोल-नगाड़ों और फूल मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया गया। अपने संबोधन में विधायक तिलक राज बेहड़ ने क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि अटरिया नगला मार्ग लंबे समय से अटका हुआ था, जिसे उन्होंने प्रयास कर लोक निर्माण विभाग से स्वीकृति दिलाकर शुरू कराया। उन्होंने बताया कि सिडकुल स्तर पर कार्य असफल होने और मामला एसआईटी जांच में फंसने के बावजूद उन्होंने सदन में प्रस्ताव लाकर इस सड़क का निर्माण संभव कराया। विधायक ने यह भी कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की राजनीति नहीं होनी चाहिए और उन्होंने हमेशा क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है। साथ ही उन्होंने वर्ष 2027 में कांग्रेस सरकार बनने पर विधानसभा की सभी सड़कों को हॉट मिक्स से बनाने की योजना दोहराई। इस अवसर पर पूर्व प्रधान जितेंद्र पांडे, जनार्दन सिंह, राजकुमार पांडे, अरुण कुमार शुक्ला, गुलशन सिंधी, राजेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रेम आर्य, गुरदास कालड़ा, अशोक चुघ, रामकुमार सिंह, अनुज कुमार पांडे, श्रवण भगत, बिशन सिंह कोरंगा, प्रताप सिंह, भोलू शाही, मेजर सिंह समेत सैकड़ों ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नाबालिग को भगा ले जाने पर मुकदमा

**बाजपुरः** बाजपुर क्षेत्र में नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर पर नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, नगरीय सीमा से सटे एक गांव की निवासी पीड़िता ने पुलिस को बताया कि तीन अप्रैल की देर रात करीब 9 बजे उनकी 16 वर्षीय पुत्री को गांव का ही एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों ने किशोरी की काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग सका।

पीड़िता की मां का आरोप है कि जब उन्होंने आरोपी के परिजनों से इस संबंध में शिकायत की, तो वे उल्टा गाली-गलौज तथा झगड़ा करने लगे। इतना ही नहीं, आरोपितों ने उन्हें धमकी भी दी। पीड़िता ने पुलिस से आशंका जताई कि उनकी नाबालिग पुत्री के साथ कोई अनहोनी या अनैतिक घटना हो सकती है और मामले में आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा किशोरी की शीघ्र बरामदगी की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी वाजिद, पुत्र छोटे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# इंश्योरेंस कंपनी को देना होगा 2.44 लाख हर्जाना

- वर्ष 2018 में तौफीक हुआ था हादसे में घायल, तृतीय अपर जिला न्यायाधीश ने सुनाया फैसला



संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** वर्ष 2018 में सड़क हादसे में घायल हुए तौफीक अहमद की याचिका पर सुनवाई करते हुए तृतीय अपर जिला न्यायाधीश ने यूनिवर्सल सोमपो जनरल इंश्योरेंस कंपनी मुंबई को 2.44 लाख रुपये हर्जाना देने का आदेश दिया है। तृतीय अपर जिला न्यायाधीश की अदालत ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद यह फैसला सुनाया।

गांव मसीत, गदरपुर निवासी तौफीक अहमद ने अदालत में दाखिल अपनी याचिका में कहा था कि 15 अगस्त 2018 को वह गदरपुर के सकैनिया मोड़ पर अपने दोस्त अनीश और अथर के साथ बातचीत कर रहा था। इसी दौरान सुबह करीब साढ़े आठ बजे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

तौफीक अहमद के अनुसार घायल अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर किया गया जिसके बाद उसे बरेली स्थित राममूर्ति अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां करीब 20 दिनों तक उसका उपचार चला।

तौफीक अहमद के अनुसार इस दौरान उसके इलाज पर लगभग साढ़े तीन लाख रुपये खर्च हुए। मामले में दोस्त अनीस अहमद की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। इस प्रकरण की सुनवाई तृतीय अपर जिला न्यायाधीश मुकेश चंद्र आर्य की अदालत में हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने इंश्योरेंस कंपनी को 2.44 लाख रुपये सात प्रतिशत ब्याज सहित अदा करने का आदेश दिया।

# चोरी: मास्टर की से लॉक खोल युवक ने कार उड़ाई

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र में एक बार फिर पुलिस को चुनौती देते हुए ऑटो लिफ्टर गिरोह ने दिनदहाड़े कार चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस घटना ने पुलिस की चौकसी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि कार स्वामी काम से मुख्य बाजार आया था और महज पांच मिनट में चोर कार लेकर फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार बगवाड़ा निवासी जगरूप सिंह अपने एक परिचित के साथ कार से गांधी पार्क स्थित गांधी आश्रम मार्ग पर ड्राई क्लीनर के पास पहुंचे थे। इसी दौरान भूख लगने पर वह अपने परिचित के साथ पास में राजमा-चावल खाने चले गए। करीब पांच मिनट बाद जब कार स्वामी की नजर वापस अपनी कार पर पड़ी, तो वह मौके से गायब थी। आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि एक युवक फोन पर बात करते हुए आया और मास्टर चाबी से लॉक कार खोलकर उसे लेकर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि कार स्वामी ने संदिग्ध का कुछ दूर तक पीछा भी किया, लेकिन वह भागने में सफल रहा। डायल 100 पर सूचना देने के बाद बाजार चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। फुटेज में एक युवक कार ले जाते हुए दिखाई दे रहा है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## गेहूं खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए : भाकियू

**जसपुरः** किसानों की सहूलियत के लिए भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने गेहूं खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ाने की मांग एसएमओ रविराज को ज्ञापन देकर की। वर्तमान में क्षेत्र में केवल पांच गेहूं क्रय केंद्र हैं, जिनमें तीन यूसीएफ और दो खाद्य विभाग के हैं, और सभी मंडी समिति परिसर में स्थित हैं। शनिवार को भाकियू के कार्यकर्ताओं ने एसएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि इस बार गेहूं की पैदावार अधिक होने के बावजूद पांच केंद्र पर्याप्त नहीं हैं। उन्होंने क्षेत्र में अतिरिक्त दस खरीद केंद्र स्थापित करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में प्रेम सहोता, अमनप्रीत सिंह, दर्शन दयाल, मुख्तार घुम्मन, सुशील कुमार, दीदार सिंह, जसवीर सिंह और चौधरी किशन सिंह शामिल थे।

# नशेड़ियों ने घर में घुस किया जानलेवा हमला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके के गांव बगवाड़ा में होली के दौरान नशे में धुत कुछ युवकों द्वारा घर में घुसकर हमला कर दिया गया। हमलावरों ने लोहे की रॉड से परिवार के पुरुषों पर हमला किया और कई लोग गंभीर घायल हो गए। इसके अलावा महिलाओं के सोने के आभूषण भी लूट लिए।

जानकारी के अनुसार, शिमला पिस्तौर निवासी सुमन शर्मा ने बताया कि 4 मार्च दोपहर डेढ़ बजे उसके घर के सामने कुछ युवक तेज आवाज में स्पीकर बजाकर होली की हुड़दंग काट रहे थे। नशे की हालत में वीरू नामक युवक ने टोका, तो उसने अभद्रता शुरू कर दी। थोड़ी देर बाद अपने दोस्तों शहजाद, आजाद, गोविंदा, अरुण कुमार, रोहित सिंह, भोला और लगभग 20-25 अन्य युवकों के साथ घर पर धावा बोल दिया। हमलावरों ने लोहे की रॉड से पुरुषों पर हमला किया, जिससे कई लोग लहूलुहान होकर गिर गए। महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उन्होंने सोने का मंगलसूत्र भी लूट लिया। चीख-पुकार सुनकर हमलावर मौके से फरार हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां आकाश शर्मा सहित कुछ लोगों की हालत गंभीर बनी। कुछ को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

# मनुष्य कर्मों से ही बनता है श्रेष्ठ : उपाध्याय

- संगीतमय भजनों से वातावरण हुआ भक्तिमय

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर खटोला में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दौरान व्यास नवीन चंद्र उपाध्याय शास्त्री ने कहा कि मनुष्य अपने कर्मों से श्रेष्ठ होता है और यही माध्यम है जिससे परमात्मा की अनुभूति होती है। कथा के बीच-बीच में संगीतमय भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कथा व्यास ने कहा कि आज के भौतिक युग में लोग प्रभु भक्ति की बजाय भोग- विलासिता में समय बर्बाद कर रहे हैं। जब-जब धर्म की हानि होती है, तब भगवान श्री कृष्ण किसी रूप में अवतरित होकर अधर्म का नाश करते हैं। उन्होंने श्री कृष्ण के चरित्र और बालपन का उदाहरण देते हुए बताया कि यह हमें त्याग, भक्ति और समर्पण की राह दिखाता है। अनुष्ठान में मुख्य यजमान डिगर सिंह कार्की, त्रिलोक सिंह पानू, नंदन सिंह कार्की, चंदन सिंह गड़िया, भोपाल सिंह कार्की, नंदाबल्लभ बेलवाल, पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, धर्मानंद जोशी, रेवती कार्की, इंद्रा कार्की, कलावती कार्की, निशा कार्की, लक्ष्मी मेहता, नीमा जोशी, धना गड़िया, रेखा जोशी, गोदावरी पानू, नीमा पाठक, कमला कार्की, राधा रावत, पृथ्वीराज सिंह सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे।



दिनेशपुर में कथा से पूर्व श्रीमद्भागवत महापुराण और व्यास का पूजन करते श्रद्धालु।

## उपलब्धि

## महिला सशक्तिकरण में उत्कृष्ट कार्य के लिए न्याय मंत्रालय ने डॉ. रेखा को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

# टेली-लॉ से महिलाओं को मिल रहा आसान न्याय

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार:** महिला सशक्तिकरण और न्याय सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सितारगंज निवासी सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. रेखा ठाकुर को न्याय मंत्रालय ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पहले भी उन्हें केंद्र और राज्य स्तर पर कई सम्मान मिल चुके हैं। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय परामर्श 2026 कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंच से डॉ. रेखा के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि डिजिटल न्याय व्यवस्था को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में उनका योगदान बेहद प्रेरणादायक है।



नई दिल्ली में डॉ. रेखा को सम्मानित करते न्याय विभाग के संयुक्त निदेशक।

29 मार्च को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय परामर्श 2026 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के साथ सचिव नीरज शर्मा की उपस्थिति में न्याय विभाग ने उन्हें सम्मानित किया। सितारगंज निवासी डॉ. रेखा ठाकुर ने बताया कि वह राधा कृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट की संचालिका हैं। लंबे समय से वह ग्रामीण महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रही हैं। टेली-लॉ प्लेटफॉर्म के माध्यम से वह महिलाओं के मामलों का डिजिटल पंजीकरण कराकर उन्हें कानूनी सलाह उपलब्ध कराती हैं। उन्होंने कहा कि कई महिलाएं कोर्ट-कचहरी की जटिल प्रक्रियाओं से बचना चाहती हैं। ऐसे में टेली-लॉ प्लेटफॉर्म उनके लिए न्याय तक पहुंच का सरल माध्यम बन रहा है। पैनल अधिवक्ताओं से बिना अदालत जाए ही महिलाओं को निःशुल्क कानूनी सलाह मिल जाती है। डॉ. रेखा की उपलब्धि पर भाजपा जिला मंत्री सुलोचना रावत ने कहा कि डॉ. रेखा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी समस्याओं के समाधान में अहम भूमिका निभा रही हैं।

# मेधावी बच्चों को मेडल देकर किया प्रोत्साहित

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** नगर स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट (आईएसडी) संस्था परिसर में उत्तराखंड भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की स्कूल ऑन व्हील्स परियोजना के अंतर्गत संचालित मोबाइल शिक्षण केंद्र में अध्यनरत श्रमिक परिवारों के 52 बच्चों को वार्षिक परीक्षा की अंक तालिका वितरित की गई।

कार्यक्रम में मेधावी बच्चों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। किशनपुर स्थित संस्था के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी गौरव पांडे ने मां सरस्वती की मूर्ति के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छोटे बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। एसडीएम पांडे ने कहा कि मोबाइल शिक्षण केंद्र उत्तराखंड के चार स्थानों पर संचालित हो रहा है और यह शिक्षा की मुख्य धारा से वंचित बच्चों को जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान, कला प्रतियोगिता, कक्षा में सर्वाधिक उपस्थिति और अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और मेडल देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। आईएसडी संस्था के अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में बंडिया भट्टा और पुरानी गल्ला मंडी में मोबाइल शिक्षण केंद्र के माध्यम से खुरपिया और आजाद नगर के बच्चों को पंजीकृत किया गया है और उन्हें एनसीईआरटी सिलेबस के अनुसार शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस मौके पर शिक्षिका आरती, सहायिका संगीता, गुरदेव सिंह, रवींद्र वर्मा के अलावा छात्राएं गुंजन, हेमलता, कविता, खुशी, छाया, सिमरन, दीपक, मनपसंद, सुहानी, चंद्रावती आदि मौजूद रहीं।



किच्छा में प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन करते एसडीएम गौरव पांडे एवं अन्य। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### बैसाखी पर होंगे दस्तार व दुमाला के मुकाबले

**काशीपुर :** गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब में आगामी 14 अप्रैल को बैसाखी के उपलक्ष्य पर रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। बताया कि कार्यक्रम में संत बाबा बच्चन सिंह, बाबा सुरेंदर सिंह, कारसेवा दिल्ली वालों के मागदर्शन में दस्तार व दुमाला के मुकाबले कराए जाएंगे। लड़की व लड़कों के मुकाबले सीनियर, जूनियर स्तर पर होंगे। पंथ रतन जत्थेदार बाबा हरबंस सिंह प्रतिभा सम्मान व सेवा सम्मान भी दिए जाएंगे। यहां श्री ननकाना साहिब के सेवादार जोगिंदर सिंह छीना, बाबा परगट सिंह व खालसा फाउंडेशन के कार्यकारी अध्यक्ष सर्वजीत सिंह, संगठन मंत्री सतपाल सिंह आनंद, कोषाध्यक्ष नितिन अरोड़ा, प्रचार मंत्री कुलविंदर सिंह, विजय ग्रोवर, सुखप्रीत सिंह, पलविंदर सिंह, हर्षित ग्रोवर, जगमोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

### 882 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 882 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है। शनिवार को पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान गौशाला मोड से पंचायत घर के पास प्रतापपुर निवासी विनोद कुमार सैनी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक प्लास्टिक के कट्टे में भरा 882 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है। पुलिस टीम में एसआई सौरभ कुमार भारती, संजय सिंह, कांस्टेबल दीपक जोशी, सुरेंद्र कुमार शामिल रहे।

### श्रद्धा पर्व कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई

**काशीपुर :** श्रद्धा पर्व को लेकर भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस–भीम संगठन की बैठक काशीपुर के मोहल्ला महेशपुरा वाल्मीकि कॉलोनी में आयोजित हुई। बैठक में 26 अप्रैल को होने वाले विशाल श्रद्धा पर्व कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। पूर्व तहसील प्रभारी वीर विनोद सूद ने बताया कि इस अवसर पर श्रद्धालु वाल्मीकि तीर्थ सीतावनी रामनगर, नैनीताल मंदिर में माथा टेकने आएंगे। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने अपने–अपने विचार रखे। बैठक की अध्यक्षता डीपी रत्नाकर ने की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष धीरेंद्र वाल्मीकि ने संभाला। बैठक में जितेंद्र देवांतक, सोहनलाल, सुनील वैध, राजेंद्र पवार, मंडल अध्यक्ष करण वाल्मीकि, स्वदेश वाल्मीकि, प्रेम प्रकाश कठैर, राजा वाल्मीकि, रामायण उमेश वाल्मीकि, सुभाष वाल्मीकि रहे।

### चैती मेला क्षेत्र में जुआ खेलते दो दबोचे

**काशीपुर :** चैती मेला क्षेत्र में जुआ खेलते दो युवकों को पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 1150 रुपये नकद, 52 ताश के पत्ते बरामद हुए हैं। शनिवार दोपहर मेला प्रभारी उपनिरीक्षक पंकज कुमार और उपनिरीक्षक हरविन्द्र कुमार पुलिस बल के साथ गश्त पर थे। मुखबिर से सूचना मिलने पर उन्होंने तंबुओं के पीछे दबिश दी। मौके पर घबराए अन्य लोग भागने में सफल रहे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विक्की ग्राम शौकत नगर, रामपुर और सन्नी, सिमली, हरिद्वार) के रूप में हुई। दोनों के खिलाफ धारा–13 जुआ अधिनियम में मामला दर्ज किया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग लापता, रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** ग्राम प्रतापपुर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री 31 मार्च की रात से लापता है। परिजनों का आरोप है कि ग्राम दादूवाला, जसपुर निवासी अर्पित ने उनकी पुत्री को बहला–फुसलाकर कहीं ले गया। पिता ने बताया कि उन्होंने परिजनों और आस–पड़ोस में काफी तलाश की, लेकिन लड़की का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने तहरीर के आधार रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### जसपुर के नमन का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन

**जसपुर :** मारिया स्कूल के छात्र नमन का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। यूकेडी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. गुलाब सिंह राणा ने कार्यकर्ताओं के साथ तहसील प्रांगण पहुंचकर नमन को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। छात्र नमन के पिता श्याम बाबू तहसील में स्टांप वेंडर हैं। स्कूल के प्रबंधक फादर मैथ्यू टॉम, प्रिंसिपल जोमोन टीए, अधिवक्ता दिनेश कौशिक, भावेश मित्तल, पीतांबर सिंह, अमित कुमार, सचिन कुमार, मोहन सिंह, विमल बंसल, जगदीश अरोड़ा और दीपक चौहान ने छात्र को बधाई दी।

### शांति भंग में आठ दबोचे

**जसपुर।** पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत चार सगे भाइयों समेत आठ लोगों को दबोचा है। अफजलगढ़ रोड स्थित हीरा गार्डन के समीप जीजा के साथ मारपीट कर रहे शैलेंद्र कश्यप, शनि कश्यप, अर्जुन कश्यप और जोगेंद्र कश्यप को पुलिस ने पकड़ा है। वहीं मोहल्ला जुलाहान में नशे में आपस में झगड़ रहे शिवम, प्रशान्त निवासी वाल्मीकि बस्ती और अभिषेक, सुमित को भी पुलिस ने दबोच लिया है।

# नई शराब की दुकान के खिलाफ महिलाओं ने किया चक्का जाम

## दुकान के सामने धरने पर डटीं महिलाएं, सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर में चैती चौराहे के पास खुली शराब की दुकान के विरोध में धरने पर बैठीं महिलाएं व स्थानीय नागरिक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बाजपुर रोड पर खुली नई शराब की दुकान के विरोध में दूसरे दिन भी स्थानीय लोगों का आक्रोश जारी रहा। रविवार को महिलाओं ने पहले सांकेतिक चक्का जाम किया और इसके बाद दुकान के बाहर धरने पर बैठ गईं। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं और स्थानीय लोगों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए शराब के ठेके को तुरंत बंद करने की मांग की।

शनिवार को बाजपुर रोड स्थित चैती चौराहे के पास खुली नई शराब की दुकान का महिलाओं ने विरोध किया था और आबकारी निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा था। रविवार को भी महिलाएं और स्थानीय लोग दुकान खुलने के दौरान मौके पर पहुंच गए और बाजपुर रोड पर सांकेतिक चक्का जाम किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों के समझाने पर जाम खोल दिया गया, लेकिन प्रदर्शनकारी दुकान के सामने धरने पर डटे रहे। महिलाओं का कहना है कि यह दुकान धार्मिक स्थलों, स्कूलों और आवासीय क्षेत्र के बेहद करीब खोली गई है, जिससे सामाजिक और सांस्कृतिक माहौल प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, दुकान के आसपास मंदिर, छठ पूजा घाट और स्कूल स्थित हैं। उनका आरोप है कि इस प्रकार की जगह पर शराब की दुकान खोलना न केवल नियमों के विरुद्ध है, बल्कि बच्चों और युवाओं के भविष्य के लिए भी खतरा है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की कि दुकान को तुरंत किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाए।

धरने में शामिल समाजसेवियों और पूर्वांचल समाज के लोगों ने भी कड़ा विरोध जताया। उनका कहना है कि छठ पूजा जैसे पवित्र स्थल के पास शराब की बिक्री आस्था के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही ठेका नहीं हटाया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मामले में संबंधित विभागों से वार्ता कर उचित कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं और धरना जारी रखने की बात कह रहे हैं। प्रदर्शन में शामिल प्रमुख लोगः रजनी ठाकुर, सीमा सागर, कुमकुम, मनोज कुमार, अरेंद्र सिंह, करुणा बिष्ट, निशा, हेमा यादव, संगीता आदि।

### रोडवेज में सबमर्सिबल मोटर फुंकने से पेयजल की भारी किल्लत

**काशीपुरः** रोडवेज डिपो में बोरवेल सबमर्सिबल मोटर फुंकने से पानी की किल्लत हो गई है। यात्रियों को पीने के पानी के लिये भटकना पड़ रहा है।

करीब दस साल पहले डिपो में बसों की धुलाई और पेयजल के लिए बोरवेल सबमर्सिबल लगाया गया था। छह दिन पहले सबमर्सिबल मोटर फूंक गई। इसके बाद से पेयजल संकट गहरा गया और बसों की धुलाई के अलावा पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गयी। डिपो प्रशासन की ओर से जांच पड़ताल कराई गई, तो पता चला कि मोटर खराब हो चुकी हैं और नया बोरवेल कर सबमर्सिबल लगाया जाएगा। इसके लिए रविवार को सहायक महाप्रबंधक राजेंद्र कुमार आर्य, प्रभारी सहायक महाप्रबंधक इंदिरा भट्ट, लेखाकार दीपक बिष्ट, सीनियर फोरमैन मोहम्मद यामीन और वरिष्ठ केंद्र प्रभारी अनवर कमाल की बैठक हुई। जिसमें सबमर्सिबल लगाने के लिए आयी निविदा पर चर्चा की गई। वहीं सहायक महाप्रबंधक राजेंद्र कुमार आर्य ने बताया कि निविदा प्रक्रिया पूरी हो गई है। जल्द ही नया बोरवेल कर सबमर्सिबल लगाया जाएगा और पेयजल आपूर्ति बहाल होगी।

# खंडहर से बरामद हुए 53 खाली व 16 भरे सिलेंडर



काशीपुर में छापे के दौरान बरामद सिलेंडर। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

● मौके से कच्ची शराब और गांजा भी बरामद, एक आरोपी को लिया हिरासत में

**अमृत विचारः** प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम परमानंदपुर स्थित खंडहर में छापा मारकर 53 खाली और 16 भरे सिलेंडर बरामद किए। मौके से 3.17 किलो गांजा और सौ लीटर कच्ची शराब भी पकड़ी गई। एक आरोपी, यूपी के ग्राम घोषीपुरा तहसील स्वार निवासी जुबैद अली को हिरासत में लिया गया।

रविवार शाम एसडीएम अभय प्रताप सिंह और तहसीलदार पंकज चंदोला के नेतृत्व में प्रशासन-पुलिस टीम ने बाजपुर रोड स्थित खंडहर में छापा मारा। कुल 69 सिलेंडर बरामद हुए, जिन्हें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को सुपुर्द कर दिया गया। एसडीएम ने बताया कि डीएम ने गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं और गुप्त रूप से टीम गठित की गई है। एसडीएम ने चेतावनी दी कि भविष्य में कालाबाजारी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन की कार्रवाई की सराहना की।

# प्रॉपर्टी डीलर पर छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** गिरीताल रोड क्षेत्र में एक महिला और उसके पति के साथ घर में घुसकर मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया है।

मोहल्ला गिरीताल रोड निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 13 मार्च 2026 की रात करीब 7:30 बजे विनोद कुमार नामक व्यक्ति उनके घर पहुंचा। आरोप है कि पति के घर न होने का फायदा उठाकर आरोपी ने महिला से अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उसे जबरन साथ ले जाने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी ने महिला की गर्दन पर वार किया, जिससे वह सड़क पर गिर गई और सिर में गंभीर चोटें आईं। पीड़िता का आरोप है कि 4 अप्रैल को दोपहर करीब 3:30 बजे आरोपी विनोद कुमार अपनी पत्नी, पुत्री, पुत्र और 4-5 अन्य साथियों के साथ घर में घुसा। आरोपियों ने महिला और उसके पति सौरभ कुमार के साथ लात-घूसों से मारपीट की और उन्हें जबरन घर से बाहर खींचने की कोशिश की। आरोपी ने खुद को रसूखदार बताते हुए पति को झूठे केस में फंसाने की धमकी दी और 34 हजार रुपये के बदले 4 लाख रुपये की मांग की।

घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पीड़िता और उसके पति का एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय में मेडिकल परीक्षण कराया। पीड़िता ने घटना की वीडियो रिकार्डिंग और साक्ष्य पुलिस को सौंप दिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती से लोग परेशान

**काशीपुरः** गेहूं की कटाई के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती शुरू हो गई है। प्रतिदिन सुबह से शाम तक करीब सात से आठ घंटे बिजली गुल रहती है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार यह शॉर्ट सर्किट और फसल में आग लगने से बचाव के लिए रोस्टिंग के रूप में किया जा रहा है। खेती के मौसम में कई बार टूटे तार या शॉर्ट सर्किट से पकी हुई गेहूं की फसल में आग लग जाती थी, जिससे किसानों की मेहनत खराब हो जाती थी। इस बार बिजली विभाग ने पहले से सावधानी बरतते हुए कटौती का निर्णय लिया है। उपभोक्ताओं ने कटौती का समय निश्चित कर सूचित करने की मांग की है। विभाग के जेई दीपक शर्मा ने बताया कि जल्द ही कटौती का रोस्टर बनाकर उपभोक्ताओं के बीच साझा किया जाएगा, ताकि किसानों और उपभोक्ताओं दोनों को सुविधा रहे।



सेवानिवृत्त सूबेदार देव सिंह को सम्मानित करते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य। ● अमृत विचार

### नेता प्रतिपक्ष ने सेवानिवृत्त सूबेदार देव सिंह को किया सम्मानित

**बाजपुर :** रविवार को नेता प्रतिपक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य ने बाजपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हरसान थापकनगला में सेवानिवृत्त सूबेदार देव सिंह के आवास पर आयोजित श्री अखंड पाठ कार्यक्रम में भाग लिया। यह आयोजन देव सिंह के भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में रखा गया था। इस अवसर पर यशपाल आर्य ने सूबेदार देव सिंह को उनके गौरवपूर्ण सेवाकाल के सफल समापन पर बधाई दी और उनके स्वस्थ, सुखद और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने परिवारजनों को भी शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भी सेवानिवृत्त सूबेदार का सम्मान किया और उनके अनुभवों को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। इस दौरान सामाजिक समरसता, राष्ट्रसेवा और सैन्य योगदान पर विचार साझा किए गए। इस अवसर पर सूबेदार सुरजीत सिंह, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष पवन शर्मा, पूरन बिष्ट, प्रमोद जोशी, प्रधान हरिपुरा पंचम सिंह, नितिन बिष्ट, बाबू सिंह, बचन सिंह, जसवंत सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**काशीपुरः** इस्लामिया स्कूल में आयोजित परीक्षा परिणाम समारोह में विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान छात्रों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए शिक्षकों ने उनके परिश्रम, अनुशासन और लगन की सराहना की और भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि मेरठ के असिस्टेंट कमिश्नर एक्साइज बख्तावर हनीफ ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसके लिए निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास जरूरी है। इस अवसर पर पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, पूर्व पालिकाध्यक्ष शमसुद्दीन सैफी, विद्यालय प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष इदरीस अंसारी और समाजसेवी तुषारकांत हिन्दुस्तानी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### 4.45 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**काशीपुरः** कोतवाली पुलिस ने एक युवक को 4.45 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली के एसआई देवेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। वह मोहल्ला बांसफोड़ान, अल्ली खां, खालिक कॉलोनी, ढेला नदी पुल के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक खालिक कॉलोनी की ओर से आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 4.45 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम सलीम अहमद उर्फ दानिश, निवासी मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी बताया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# रेलवे फाटक सुरक्षा को चलेगा अभियान

● पहचान यूथ क्लब के युवाओं ने शुरू की पहल

संवाददाता, बाजपुर



बाजपुर कोतवाली में एसआई देवेंद्र सिंह को पत्र सौंपते 'पहचान यूथ क्लब' के सदस्य।

**अमृत विचारः** बाजपुर क्षेत्र में सड़क और रेलवे सुरक्षा को लेकर 'पहचान यूथ क्लब' के युवाओं ने पहल करते हुए मरियमपुर रेलवे फाटक पर जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

क्लब की ओर से थाना प्रभारी के नाम उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह मनराल को पत्र सौंपकर अभियान के लिए अनुमति और सहयोग की मांग की गई। क्लब के सदस्य बताते हैं कि रेलवे फाटक बंद होने पर वाहन चालक अक्सर नियमों की अनदेखी करते हैं, जिससे जाम और दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। अभियान 8 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इसमें लोगों को फाटक पार करते समय सावधानी, ट्रैफिक नियमों का पालन और सुरक्षित आवागमन के लिए जागरूक किया जाएगा। क्लब पिछले समय से सड़क सुरक्षा, पर्यावरण, शिक्षा और स्वच्छता जैसे सामाजिक मुद्दों पर कार्यरत है। उन्होंने प्रशासन से इस पहल को सफल बनाने में सहयोग देने की अपील की।

### धारदार हथियार से हमले में सात पर केस

**बाजपुर :** आपसी रंजिश के चलते एक युवक और उसके स्वजन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर सात नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव बाजपुर निवासी शाकिर रजा ने पुलिस चौकी दोराहा में दी तहरीर में बताया कि 3 अप्रैल को दोपहर बाद करीब ढाई बजे उसका मित्र कामिल निवासी ग्राम जगन्नाथपुर उसके घर आया हुआ था। इसी दौरान एलिस अली, असगर अली, मुस्तफा, नाजिम, गुलशेर, आसिफ निवासी ग्राम बाजपुर तथा निकुंज राठौर निवासी गोरू गांव ने एक राय होकर कामिल की कार पर तोड़फोड़ करने के साथ ही कामिल लाठी–डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया। बीच–बचाव करने पहुंचे शाकिर रजा व उसके पिता नाजिर हुसैन व घर में मौजूद महिलाओं पर भी हमला कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बंगालीमोड़ का एटीएम बंद रहने से लोग परेशान

संवाददाता, दिनेशपुर




दिनेशपुर, एक माह से बंद एसबीआई का बंगाली मोड़ एटीएम। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भारतीय स्टेट बैंक का बंगाली मोड़ स्थित एटीएम पिछले एक माह से तकनीकी खराबी के कारण बंद पड़ा है। बैंकों में अवकाश के चलते एटीएम बंद रहने से ग्राहकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

युवा नेता कमल सिंह कोरंगा ने बताया कि बंगाली मोड़ का एसबीआई एटीएम तकनीकी खराबी के चलते पिछले एक माह से बंद पड़ा है। बार-बार सूचना देने के बावजूद बैंक अधिकारी एटीएम को जल्द चालू कराने पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय ग्राहकों के अलावा सिडकुल कर्मियों और व्यापारियों को भी एटीएम बंद रहने से काफी असुविधा हो रही है।

# दिव्यांग बालिकाओं को किया सम्मानित

संवाददाता, बाजपुर



क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता बालिका टीम को सम्मानित करते जनप्रतिनिधि।

**अमृत विचारः** बाजपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामसभा बेरिया दौलत स्थित कल्याणपुरी में गुजरात में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता रही दिव्यांग जनजाति बालिका टीम के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। क्षेत्रवासियों ने प्रतिभाशाली बेटियों का जोरदार स्वागत कर उनका हौसला बढ़ाया।

कार्यक्रम में भाजपा नेता राजेश कुमार ने बालिकाओं को बधाई देते हुए कहा कि लक्ष्मी, पुष्पा, शांति, सुहानी, कविता, मनीषा और महक ने राजस्थान की टीम को हराकर बाजपुर, जनजाति समाज और प्रदेश का नाम रोशन किया। उन्होंने विशेष रूप से पुष्पा की उपलब्धि का उल्लेख किया, जिन्होंने श्रीलंका की टीम को पराजित कर देश का मान बढ़ाया। राजेश कुमार ने कहा कि ये बालिकाएं विपरीत परिस्थितियों में भी सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही हैं, जो नारी सशक्तिकरण, दिव्यांग शक्ति और जनजातीय समाज के उत्थान की मिसाल हैं। समारोह में भाजपा एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि रमेश गर्ग, क्षेत्र पंचायत सदस्य रूपेंद्र सिंह, संजय सिंह, रेमा देवी, और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### प्रदेश अध्यक्ष वर्मा का स्वागत किया

**जसपुरः** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष नवीन वर्मा के जसपुर पहुंचने पर स्थानीय व्यापारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। व्यापारियों ने प्रदेशाध्यक्ष के समक्ष अपनी समस्याएं भी रखीं। गढ़वाल दौरे पर आए प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत होटल रेडिसन में व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह, विमल अग्रवाल, अर्पित रस्तोगी सहित अन्य व्यापारियों ने किया। प्रदेशाध्यक्ष ने व्यापार मंडल द्वारा एक साल में किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने महिला विंग बनाने पर जोर दिया। यहां निकेश अग्रवाल, राजाराम राजपूत, त्रिलोक अरोरा, अंकुर बंसल, सतीश नरूला, तरुण बंसल, हरीश ग्रोवर, तरुण पधान, विनोद कुमार, अवलोक गोयल, अनुराग अग्रवाल, अवलोक जैन आदि मौजूद रहे।

# अभद्र टिप्पणी के आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग

संवाददाता, बाजपुर



प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते छात्रसंघ अध्यक्ष।

**अमृत विचारः** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रा द्वारा लगाए गए जातिसूचक टिप्पणी के आरोप को लेकर छात्रसंघ अध्यक्ष महेंद्र सिंह बोहरा ने मामले पर मुखर रहते हुए इसे निराधार बताया और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

शनिवार को बोहरा ने प्राचार्य डॉ. बीके सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि एक अप्रैल को उन पर जातिसूचक शब्द कहने का आरोप गलत और बेबुनियाद है। उन्होंने प्राचार्य से अनुरोध किया कि मामले की पूरी जांच कर रिपोर्ट उन्हें पुलिस प्रशासन और मीडिया को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि रिपोर्ट समय पर सार्वजनिक नहीं हुई तो वे महाविद्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन करेंगे। महाविद्यालय प्रशासन ने मामले की जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है और रिपोर्ट 8 अप्रैल तक आने की संभावना है।

### एबीवीपी ने किया नगर इकाई का गठन

**काशीपुरः** एबीवीपी की ओर से नगर इकाई की एक बैठक मुरादाबाद रोड स्थित लोनिवि विश्राम गृह में संपन्न हुई। विभाग संगठन मंत्री कैलाश बिष्ट, जिला संगठन मंत्री संतोष, जिला सहसंयोजक अमन, चुनाव अधिकारी डॉ. शक्ति सिंह राणा की उपस्थित में नए दायित्व सौंपे गए। श्रेयम यादव नगर व आर्यन रावत सह मंत्री, हेमंत कुमार कॉलेज उपाध्यक्ष, मयंक शर्मा कॉलेज सह मंत्री, अभिषेक बलौदी जिला मीडिया संयोजक, अनुराग भटनागर सह जिला मीडिया संयोजक, शक्ति सैनी जिला सोशल मीडिया संयोजक, पंकज रावत सह जिला सोशल मीडिया संयोजक, त्रित्रांश सक्सेना नगर मीडिया संयोजक नियुक्त किए गए हैं। संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई।

## ब्रीफ न्यूज

### सीओ वंदना वर्मा ने किया थाने का निरीक्षण

**बनबसा :** वंदना वर्मा ने बनबसा थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों को शस्त्रों को खोलने-जोड़ने का अभ्यास कराया गया तथा बलवा ड्रिल भी कराई गई। निरीक्षण के दौरान कार्यालय अभिलेखों, मैस, बैरक और आपदा उपकरणों की भी जांच की गई। सीओ ने अधिकारियों और कर्मचारियों से उनकी निजी, पारिवारिक और विभागीय समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान किया। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह कोरंगा, देवेंद्र बिष्ट, अरविंद गुप्ता सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

### 4.54 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**बागेश्वर :** पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई करते हुए 4.54 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, हर्षित टम्टा उर्फ हरीश कुमार निवासी घटबगड़, बागेश्वर को संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 4.54 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली बागेश्वर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक जीवन सामंत और एसओजी टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे।

# शिखर तिराहे पर सिलेंडर के लिए लगी लंबी कतार

## अल्मोड़ा में रविवार को शिखर तिराहे में हुई स्पॉट डिलीवरी



अल्मोड़ा शिखर तिराहे के पास रविवार को गैस सिलेंडर लेते लोग। ● अमृत विचार

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

- **लंबे इंतजार के बाद सिलेंडर मिलने से लोगों को मिली राहत**

**अमृत विचारः** नगर सहित गांवों में रसोई सिलेंडर के लिए जद्दोजहद कम होने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को भी हालात पहले की तरह रहे। लोग सुबह से ही सिलेंडर के लिए लाइन में लगे रहे। घंटों के इंतजार के बाद लोगों को सिलेंडर मिलने से राहत मिली।

रविवार को नगर के शिखर तिराहे में रसोई सिलेंडर की स्पॉट डिलीवरी की गई। सिलेंडर पाने की चिंता में लोगों की सुबह ही आंख खुल गई। करीब तीन से चार बजे ही लोग तय जगह पर पहुंच गए। सिलेंडर वाहनों के पहुंचने से पहले ही लोगों की लंबी कतार जुट गई थी। सुरक्षाकर्मियों की देखरेख में लोगों को व्यवस्थित तरीके से लाइन में खड़ा किया गया। इसके बाद सिलेंडरों का वितरण शुरू हुआ। जो लोग जल्द पहुंचे थे, उन्हें समय रहते राहत भी मिली। जो देरी से आए उन्हें अपनी बारी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। करीब दो से तीन घंटे के इंतजार के बाद लोगों को रसोई सिलेंडर मिल पाए। वहीं, कमर्शियल सिलेंडरों के लिए अब भी व्यापारियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। व्यापारियों में चिंता है कि अगर समय रहते कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिले तो उन्हें और अधिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। विशेषकर छोटे व्यापारी इसको लेकर चिंतित हैं।

### स्वास्थ्य उपकरण उपलब्ध कराने का लिया निर्णय

**बागेश्वर :** जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए समाजसेवी संगठन आगे आ रहे हैं। इसी क्रम में एक स्वयंसेवी संगठन के माध्यम से जनसेवा से जुड़े एक व्यवसायी ने कुमाऊं के विभिन्न जनपदों में स्वास्थ्य उपकरण उपलब्ध कराने की पहल की है।

स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक में निर्णय लिया गया कि जनपद में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभागों और अधिकारियों से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाएंगे। प्रस्तावों के आधार पर हेल्थ एटीएम सहित अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इन उपकरणों की देखरेख और रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। बताया गया कि इससे पहले भी एक व्यवसायी ने सामाजिक कार्यकर्ता रेखा गोस्वामी और अशोक लोहनी के सुझाव पर जनपद में ऑक्सीजन प्लांट, कई हेल्थ एटीएम उपलब्ध कराए थे। साथ ही गरीब बालिकाओं की शिक्षा और विवाह में भी सहयोग दिया गया था।

बैठक में अशोक लोहनी, रेखा गोस्वामी, भुवन गिरी, संतोष गोस्वामी, नैना लोहनी और योगेश चंद्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 13 अप्रैल को हरिद्वार में निकलेगी सम्मान यात्रा



अल्मोड़ा के गांधी पार्क में आयोजित बैठक में मौजूद सदस्य। ● अमृत विचार

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचारः** उत्तराखंड स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन की स्थानीय गांधी पार्क में रविवार को बैठक आयोजित की गई। इस दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा दोहरी पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों की एक पेंशन रोके जाने के मुद्दे पर चर्चा की गई।

पदाधिकारियों ने कहा कि इस संबंध में प्रांतीय संगठन मुख्य सचिव से वार्ता कर चुका है और जल्द समाधान का आश्वासन मिला है। वक्ताओं ने जिलाधिकारी से त्रैमासिक बैठक शीघ्र आयोजित कराने की मांग भी उठाई। साथ ही आगामी 13 अप्रैल को हरिद्वार में आयोजित होने वाली "स्वतंत्रता सेनानी सम्मान यात्रा" में अधिक से अधिक उत्तराधिकारी परिवारों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

बताया कि यात्रा का शुभारंभ आयुष मंत्री मदन कौशिक, विधायक आदेश चौहान एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश पांडे व संचालन जिलाध्यक्ष भरत पांडे ने किया। बैठक में मोहन चंद्र तिवारी, कैलाश वर्मा, पुष्कर प्रसाद पांडे, पार्वती बिष्ट, हितेश तिवारी, किशन चंद्र जोशी, तारा चंद्र साह, शिवेंद्र गोस्वामी, राजन सिंह गैलाकोटी, पुष्पा गैलाकोटी, विमल कुमार पांडे, दिपेंद्र, सरस्वती राणा, शिव शंकर सिंह बोरा आदि मौजूद रहे।

### पार्किंग समस्या हल करने को सौंपा ज्ञापन

**लोहाघाटः** लोहाघाट विकास संघर्ष समिति ने नगर पालिका कार्यालय के पास बनी पार्किंग की समस्या को लेकर सख्त रुख अपनाया है। समिति के पदाधिकारियों ने पालिका के ईओ सौरभ नेगी से मुलाकात कर पार्किंग को घंटों के हिसाब से उपलब्ध कराने की मांग की।

समिति के अध्यक्ष विपिन गोरखा के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारियों ने ईओ को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पार्किंग का लाभ वर्तमान में केवल कुछ ही लोगों तक सीमित है। पालिका द्वारा मासिक किराए पर पार्किंग देने की व्यवस्था के कारण आम नागरिक, पर्यटक और बाहर से आने वाले वाहन चालकों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

अध्यक्ष विपिन गोरखा ने कहा, पार्किंग घंटों के आधार पर संचालित होनी चाहिए, ताकि कोई भी व्यक्ति अपने वाहन को खड़ा कर सके। इससे नगर क्षेत्र के साथ पर्यटकों और अन्य लोगों को भी सुविधा मिलेगी।समिति ने स्पष्ट चेतावनी भी दी कि यदि पार्किंग को घंटों के हिसाब से नहीं दिया गया तो इसे हल्द्वानी के चौपाटी मॉडल की तर्ज पर बेरोजगार युवाओं और महिलाओं को रोजगार के लिए सौंप दिया जाए। इससे न केवल बेरोजगारी कम होगी बल्कि पालिका की आय में भी वृद्धि होगी।

# 219 स्कूलों को मिला भूमि स्वामित्व

**संवाददाता, टनकपुर**

- **'अपना स्कूल, अपनी ज़मीन' अभियान से विद्यालयों को मिल रही कानूनी पहचान**
- **शिक्षा परिसरों को अतिक्रमण से बचाने की बड़ी पहल**




**अमृत विचारः** जिलाधिकारी मनीष कुमार की अभिनव पहल "अपना स्कूल, अपनी ज़मीन" अभियान के तहत जनपद चम्पावत में राजकीय विद्यालयों की भूमि को सुरक्षित और विधिक रूप से सुदृढ़ बनाने का कार्य तेज़ी से जारी है। अभियान का उद्देश्य विद्यालयों को अतिक्रमण से सुरक्षित रखना, भूमि विवादों को समाप्त करना और प्रत्येक विद्यालय को स्पष्ट कानूनी स्वामित्व प्रदान करना है।

प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी मान सिंह ने बताया कि जनपद में शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित कुल 646 विद्यालयों की भूमि के स्वामित्व निर्धारण के लिए राजस्व एवं शिक्षा विभाग के बीच समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत 105 विद्यालयों में से 77 विद्यालयों में रजिस्ट्री और दाननामा के साथ दाखिल-खारिज की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इनमें विकासखंड बाराकोट के 15, पाटी के 24, लोहाघाट के 14 और चम्पावत के 24 विद्यालय शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 20 माध्यमिक विद्यालयों के प्रकरण तहसील स्तर पर परीक्षणाधीन हैं, जबकि आठ विद्यालयों में प्रक्रिया तेज़ी से जारी है।

प्राथमिक शिक्षा में भी प्रगति दर्ज की गई है। कुल 541 प्राथमिक विद्यालयों में से 142 विद्यालयों की रजिस्ट्री और दाखिल-खारिज की पुष्टि हो चुकी है। वहीं 156 विद्यालयों में रजिस्ट्री व दाननामा उपलब्ध है और दाखिल-खारिज की प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा 125 विद्यालयों के प्रकरण तहसील स्तर पर अग्रसारित किए गए हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि तहसील स्तर पर चल रही प्रक्रियाओं के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जनपद का प्रत्येक विद्यालय अपनी भूमि पर सुरक्षित रूप से स्थापित हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध रूप से सभी लंबित मामलों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल अभिलेखों के सुधार तक सीमित नहीं है, बल्कि सरकारी शिक्षण संस्थानों के सुरक्षित और स्थायी भविष्य की मजबूत आधारशिला है।

### भाजयुमो को मजबूत बनाने पर हुई चर्चा

**रानीखेत :** भिकियासैंण में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला रानीखेत की परिचय बैठक में संगठनात्मक मजबूती को लेकर चर्चा की गई और मोर्चा को अधिक सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता जताई गई।

रविवार को युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष साहिल बेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित प्रथम परिचय बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष घनश्याम भट्ट ने नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों का परिचय लिया। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष साहिल बेलवाल ने कहा कि जिलाध्यक्ष घनश्याम भट्ट के अनुभव और मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। कहा कि कार्यकर्ता रानीखेत में युवा मोर्चा को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# अस्पतालों में सुविधाओं की कमी पर चिंता

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचारः** जिलेभर में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और बेहतर बनाने की मांग को लेकर रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल ने सीएमओ से मुलाकात की। सोसाइटी के पदाधिकारियों ने जनहित से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को विस्तार से रखते हुए उनके त्वरित समाधान की मांग की।

बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने जिला अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि कई अस्पतालों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। उन्होंने दवाइयों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग उठाई, ताकि मरीजों को बाहर से महंगी दवाइयां खरीदने के लिए मजबूर न होना पड़े। ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी है, जिससे मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता। कई बार गंभीर मरीजों को लंबी दूरी तय कर जिला अस्पताल आना पड़ता है। इसके अलावा अस्पतालों में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और तीमारदारों के लिए बैठने व ठहरने की व्यवस्था को सुधारने पर जोर दिया गया। सोसाइटी ने अस्पतालों में नियमित मॉनिटरिंग व्यवस्था लागू करने का सुझाव भी दिया। सीएमओ ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि समाधान के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन स्वास्थ्य केंद्रों में स्टाफ की कमी है, वहां शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जाएगी और दवाइयों की उपलब्धता व साफ-सफाई व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज सनवाल, चेयरमैन आशीष वर्मा, दीप जोशी, अमित साह मोनू, अर्जुन सिंह बिष्ट, अभिषेक जोशी, अनूप साह, विनोद जोशी आदि मौजूद रहे।



सीएमओ को समस्याओं से अवगत कराते रेडक्रॉस पदाधिकारी। ● अमृत विचार



जागेश्वर धाम में रविवार को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार

### जागेश्वर में वीकेंड पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** जागेश्वर धाम में रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों में प्रवेश के लिए लोगों को कतार लगानी पड़ी और काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। इस दौरान कई लोगों ने दर्शन कर सुख शांति का आशीर्वाद मांगा। रविवार को वीकेंड पर जागेश्वर धाम में काफी लोग पूजा-अर्चना को पहुंचे। श्रद्धालुओं को जागनाथ, महामृत्युंजय, पुष्टिमाता, हनुमान, केदारनाथ, भैरव, कुबेर आदि मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए कतार में खड़े होकर काफी देर तक बारी का इंतजार करना पड़ा। वहीं, श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते जागेश्वर-आरतोला सड़क पर दिन भर वाहनों की कतार लगी रही। मार्ग में कई बार जाम भी लगा। पुलिस, होमगार्ड और पीआरडी जवानों को यातायात व्यवस्थित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। मंदिर प्रबंधन समिति ने बताया कि पूजा अर्चना को मंदिर में सभी जरूरी सुविधाएं की गई हैं।

### जीआईसी नैनीताल में अब छात्राएं भी पढ़ेंगीं

**नैनीतालः** तल्लीताल स्थित शहीद मेजर राजेश अधिकारी राजकीय इंटर कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बार मुख्य शिक्षा अधिकारी की अनुमति से विद्यालय में छात्रों के साथ छात्राओं को भी प्रवेश दिया जा रहा है।

प्रधानाचार्य राजेश सिंह अधिकारी ने बताया कि विद्यालय उत्तराखंड बोर्ड से मान्यता प्राप्त है और मूलभूत सुविधाओं के साथ दो खेल मैदानों से सुसज्जित है। विद्यालय में कक्षा 6 से 12वीं तक विषयवार अनुभवी एवं कर्मठ शिक्षक-शिक्षिकाएं कार्यरत हैं। कक्षा 6 से 8वीं तक निशुल्क शिक्षा, गणवेश, पाठ्य सामग्री और मध्याह्न भोजन की सुविधा भी सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट कक्षाओं में कला और विज्ञान संकाय के साथ ही एनसीसी भी संचालित है।

# 82.25 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता, टनकपुर**

- **एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई**
- **आरोपी के खिलाफ एन डीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज**

**अमृत विचार :** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और पुलिस ने 82.25 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार सीओ वंदना वर्मा के नेतृत्व में एसओजी और टनकपुर थाना पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए रामू दा फास्ट फूड सेंटर, चाऊमीन की दुकान से 82.25 ग्राम स्मैक बरामद की। पुलिस ने मौके से स्मैक पीने में प्रयुक्त उपकरण जैसे सिल्वर पेपर, बीड बंडल, चेजर, लाइटर और ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन भी बरामद किया। पुलिस ने आरोपी गोविंद राम निवासी ककरालीगेट, टनकपुर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

एसओजी प्रभारी कमलेश भट्ट के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में एसआई संदीप पिलखवाल, हेड कांस्टेबल चंद्र सिंह, घनश्याम, कांस्टेबल ललित चौधरी, कुलदीप सिंह, नासिर हुसैन और सूरज कुमार शामिल रहे।

# समय पर पूरा करें लक्ष्यः सीएमओ

- **सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार ने ली कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक**
- **बेतहर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचारः** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हवालबाग में सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार ने स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा ली। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन समेत तमाम स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पीएचसी केंद्र में आयोजित बैठक में सीएमओं ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चल रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने इन कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया और सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को अपने कार्यक्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करने का निर्देश दिए।




हवालबाग में विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

वहीं, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, संचारी एवं असंचारी रोग नियंत्रण, मिशन शक्ति और आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कार्यक्रमों के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर बल दिया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रंजन तिवारी ने कहा कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। इस मौके पर यहां वरिष्ठ उपचार प्रवेक्षक आनंद सिंह मेहता समेत अन्य मौजूद रहे।

**आयोजन** | **छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति, कुमाऊनी और गढ़वाली गीतों पर प्रस्तुतियां दीं**

# सरस्वती शिशु मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया

**संवाददाता, लोहाघाट**

**अमृत विचारः** सरस्वती शिशु मंदिर प्रेमनगर पाटन का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति, कुमाऊनी और गढ़वाली गीतों पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र पंचायत सदस्य पप्पू बोहरा ने की। इस दौरान भूपेंद्र सिंह देव ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की उपलब्धियों का विस्तृत विवरण दिया गया। सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी भगवत पांडेय ने विद्यालय को अपनी स्वलिखित बाल कविताओं की पुस्तक भेंट की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख लोहाघाट प्रकाश चंद्र मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ आचार्य जीवन चंद्र तिवारी ने किया। प्रधानाचार्य मोहन जोशी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किए।



वार्षिकोत्सव का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रदीप कुमार, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सचिन जोशी, राजू गड़कोटी, एलएम पांडेय, जीडी खर्कवाल, सुंदरनाथ गोस्वामी, हरीश अधिकारी, चंद्रकांत पाटनी, दीपा पांडेय, कमलेश जोशी, निर्मला जोशी, सलोनी, मुन्नी भट्ट, गायत्री, भावना, कैलाश अधिकारी और राहुल सहित कई लोग मौजूद रहे।

### चित्रांश का सैनिक स्कूल में हुआ चयन



**कालाढूंगीः** प्राथमिक विद्यालय गिनतीगांव कोटाबाग के कक्षा-5 के छात्र चित्रांश नंदा का चयन सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के लिए हुआ है। छात्र की इस उपलब्धि से विद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रधानाध्यापिका ममता गुप्ता ने बताया कि चित्रांश ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा राजकीय प्राथमिक विद्यालय गिनतीगांव में पूरी लगन और अनुशासन से प्राप्त की। उन्होंने बताया कि यह सफलता चित्रांश की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों की सतत निगरानी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय का यह पहला छात्र है जिसे सैनिक स्कूल में प्रवेश मिला है और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी।

# वैष्णवी बिष्ट ने 400 सौ मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण

**संवाददाता, नैनीताल**



**अमृत विचारः** नैनीताल की होनहार खिलाड़ी वैष्णवी बिष्ट ने एक बार फिर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। देहरादून के महाराणा प्रताप स्टेडियम में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में वैष्णवी ने 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

वैष्णवी वर्तमान में मोहनलाल शाह बाल विद्या मंदिर, नैनीताल की कक्षा 11 की छात्रा हैं। पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में उनकी निरंतर प्रगति उन्हें एक उभरती हुई एथलीट के रूप में स्थापित कर रही है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य श्रीमती अनुपमा साह और शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। इस सफलता के पीछे उनके कोच निखिल आर्य और निहारिका गुसाईं का विशेष योगदान रहा है। कोच निखिल आर्य के अनुसार वैष्णवी की मेहनत, अनुशासन और लगातार अभ्यास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है, जिसने उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया है।

वैष्णवी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, कोच और परिवार को दिया है। उनके पिता संजय बिष्ट व्यवसायी हैं, जबकि माता अनुभा बिष्ट सेंट जोसेफ कॉलेज में शिक्षिका हैं।

### क्रिकेट से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**धानाचूलीः** पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से धरती माँ ट्रस्ट की ओर से "पर्यावरण स्वच्छ – देश स्वस्थ क्रिकेट टूर्नामेंट" और "हस्तकला प्रतियोगिता" का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 11 अप्रैल से 3 मई तक आयोजित होगा।

आयोजन स्थल हिमगिरी स्टेडियम, लेटीबूँगा निर्धारित किया गया है, जहां क्षेत्र के युवा खिलाड़ी और ग्रामीण हस्तकला से जुड़े प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। ट्रस्ट के भवान सिंह बिष्ट ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन 11 अप्रैल को होगा। इस दौरान अतिथि स्वागत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, योग तथा उत्तराखंड की पारंपरिक झलक 'भेड़ी' के साथ प्रसाद वितरण किया जाएगा।



हमें बीते हुए समय के लिए परेशान नहीं होना चाहिए, न ही भविष्य के बारे में चिंतित होना चाहिए। विवेकशील व्यक्ति केवल वर्तमान क्षण से ही निपटते हैं।
-**चाणक्य**, दार्शनिक



# और उग्र होता युद्ध

ईरान के बुशहर परमाणु संयंत्र और उसके बाद उसके प्रमुख पेट्रोकेमिकल ठिकानों पर अमेरिकी हमलों ने पश्चिम एशिया के युद्ध को अधिक खतरनाक चरण में प्रवेश करा दिया है। यह अब केवल सैन्य टकराव नहीं, बल्कि ऊर्जा, पर्यावरण और वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ा बहुआयामी संकट बन चुका है। साफ है कि अमेरिका अब ईरान की सैन्य क्षमता ही नहीं, बल्कि उसकी आर्थिक रीढ़ को भी तोड़ने की रणनीति पर काम कर रहा है। यह "पूर्ण युद्ध" की स्थिति है, जहां विरोधी की संपूर्ण संरचना को निशाना बनाया जाता है। डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल की संभावित अगली चालों के संकेत स्पष्ट हैं कि रणनीतिक ठिकानों, मिसाइल बेस और ऊर्जा अवसंरचना, जिसमें विद्युत शामिल हैं, उन पर भीषण हमले। ट्रंप के 48 घंटे का अल्टीमेटम इस बात का संकेत है कि कूटनीति की जगह अब सैन्य दबाव ने ले ली है। ट्रंप की कथित "तीन सप्ताह में युद्ध समाप्त करने" की योजना और वर्तमान आक्रामकता के बीच विरोधाभास स्पष्ट है। यह अमेरिकी घरेलू राजनीति से भी जुड़ा हो सकता है, जहां वे एक निर्णायक और विजयी छवि प्रस्तुत करना चाहते हैं।

इतिहास गवाह है कि अल्पकालिक युद्ध के लक्ष्य अक्सर दीर्घकालिक संघर्षों में बदल जाते हैं, विशेषकर जब ईरान जैसा विरोधी पक्ष, प्रतिरोध की क्षमता और इच्छाशक्ति दोनों रखता हो। बड़ा सवाल यह है कि जब अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने ईरान को तत्काल परमाणु खतरा नहीं माना, तब उसके परमाणु संयंत्रों पर बार-बार हमले क्यों? इसका उत्तर रणनीतिक बहानेबाजी में है, भविष्य की क्षमता को अभी ही नष्ट करना। किंतु यह कदम अत्यंत जोखिमपूर्ण है। बुशहर जैसे संयंत्र पर हमला, यदि गंभीर क्षति या रेडियोधर्मी रिसाव का कारण बनता है, तो इसका प्रभाव केवल ईरान तक सीमित नहीं रहेगा, कुवैत, यूएई और खाड़ी के अन्य देशों तक इसका असर पहुंच सकता है। नाभिकीय रिसाव की स्थिति में कैंसर, पर्यावरणीय विनाश और दशकों तक बने रहने वाले रेडिएशन की समस्या पैदा होती है। अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून विशेषतः जेनेवा कन्वेंशन, ऐसे संवेदनशील ठिकानों पर हमले से बचने की अपेक्षा करता है। फिर भी, इन नियमों का उल्लंघन यह दिखाता है कि आधुनिक युद्ध में नैतिक सीमाएं लगातार धुंधली होती जा रही हैं। अमेरिका की "आर-पार" वाली रणनीति यह संकेत देती है कि आने वाले दिनों में संघर्ष अचानक तीव्र हो सकता है। तेज हमलों की श्रृंखला, और फिर किसी निर्णायक मोड़ पर युद्धविराम का प्रयास। किंतु ईरान जैसे देश के पूर्ण "ध्वस्त" होने की संभावना कम है, इसके बजाय एक लंबा, अस्थिर संघर्ष अधिक यथार्थपरक परिदृश्य है। भारत के लिए यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है। एक ओर, उसकी ऊर्जा निर्भरता होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरती है, दूसरी ओर लाखों भारतीय नागरिक खाड़ी देशों में कार्यरत हैं। भारत को संतुलित कूटनीति, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की तलाश और अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए ठोस निकासी योजना तैयार रखनी चाहिए। यह युद्ध केवल दो देशों का नहीं, बल्कि वैश्विक स्थिरता की परीक्षा बन चुका है। यदि परमाणु और ऊर्जा अवसंरचनाओं पर हमले जारी रहे, तो इसका प्रभाव सीमाओं से परे जाकर पूरी दुनिया को झकझोर सकता है। भारत को सजग, संतुलित और रणनीतिक रूप से सक्रिय रहना होगा।

## प्रसंगवश

# वैश्विक सुस्ती और भारत के भविष्य की राह

हाल ही में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन की रिपोर्ट ने एक महत्वपूर्ण तथ्य उजागर किया है। जहां वैश्विक अर्थव्यवस्था औसतन 2.9 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, वहीं भारत 7.6 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर के साथ आगे बढ़ रहा है। यह आंकड़ा केवल एक सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की सुदृढ़ आर्थिक संरचना, नीतिगत स्थिरता और विकास क्षमता का स्पष्ट संकेतक है। ऐसे समय में जब विश्व की कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं मंदी, मुद्रास्फीति और भू-राजनीतिक तनावों से जूझ रही हैं, भारत का यह प्रदर्शन विशेष महत्व रखता है।

रक्षा क्षेत्र में भी भारत की प्रगति उल्लेखनीय है। रक्षा मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में रक्षा निर्यात 23,622 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 38,424 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। यह लगभग 62.66 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। इससे पूर्व 2023-24 में यह आंकड़ा 21,083 करोड़ रुपये था। लगातार बढ़ता यह निर्यात वैश्विक स्तर पर भारतीय रक्षा उत्पादों की स्वीकार्यता और अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं में बढ़ती भागीदारी का प्रमाण है। वर्तमान में भारत 80 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है, जबकि निर्यातकों की संख्या भी 128 से बढ़कर 145 हो गई है। भारत की इस तेज आर्थिक वृद्धि के पीछे कई ठोस कारण हैं। घरेलू मांग इसकी सबसे बड़ी ताकत बनी हुई है। नीतिगत सुधारों की निरंतरता भी एक महत्वपूर्ण कारक रही है।



प्रो एच सी पुरोहित
दून विश्वविद्यालय, देहरादून

डिजिटल क्रांति ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म ने लेन-देन को सरल और सुलभ बनाया है, जिससे औपचारिक अर्थव्यवस्था का विस्तार हुआ है। इसके साथ ही सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) को भी नई ऊर्जा मिली है। स्टार्टअप इकोसिस्टम के विस्तार ने नवाचार और रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया है। हालांकि, इस उज्ज्वल तस्वीर के साथ कुछ गंभीर चुनौतियां भी मौजूद हैं। आर्थिक वृद्धि के बावजूद पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण रोजगार का सृजन एक बड़ी चुनौती बना हुआ है, विशेषकर युवाओं के संदर्भ में। यदि विकास समावेशी नहीं होगा, तो सामाजिक असंतुलन बढ़ सकता है। आय असमानता भी एक चिंताजनक विषय है, जहां संपत्ति और आय का वितरण असंतुलित होता जा रहा है। शहरी-ग्रामीण तथा संगठित-असंगठित क्षेत्रों के बीच की खाई को पाटने के लिए लक्षित नीतियों और कौशल विकास कार्यक्रमों की आवश्यकता है। वैश्विक परिस्थितियां भी भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में तनाव और अमेरिका-चीन के बीच व्यापारिक प्रतिस्पर्धा जैसी घटनाएं वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित कर रही हैं। तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक मांग में कमी का प्रभाव भारत पर भी पड़ सकता है। हाल ही में विनिर्माण क्षेत्र का परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएसआई) फरवरी के 56.9 से घटकर मार्च में 53.9 हो गया, जो उत्पादन में कुछ धीमापन दर्शाता है। कृषि क्षेत्र की स्थिरता भी एक अहम मुद्दा है। देश की बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है, किंतु इस क्षेत्र की उत्पादकता अपेक्षाकृत कम है। जलवायु परिवर्तन, अनियमित वर्षा और तापमान वृद्धि जैसी चुनौतियां कृषि उत्पादन को प्रभावित कर रही हैं। इसलिए टिकाऊ कृषि और तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देना आवश्यक है। इन चुनौतियों के बावजूद भारत के पास अपार संभावनाएं हैं। अंततः 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर निस्संदेह एक बड़ी उपलब्धि है, परंतु इसे दीर्घकालिक, समावेशी और टिकाऊ बनाना अधिक आवश्यक है। यदि भारत इस दिशा में संतुलित प्रयास जारी रखता है, तो वह न केवल वैश्विक विकास का प्रमुख इंजन बनेगा, बल्कि अपने नागरिकों के लिए समृद्धि और अवसरों का नया युग भी सुनिश्चित करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# अजेय भारत के लिए जरूरी अभेद्य आसमान





नवीन गुप्ता
बरेली

युद्ध अब केवल जमीन पर सेनाओं के माध्यम से नहीं लड़े जा सकते। दुश्मन का कौन कितना नुकसान करके, कितनी बढ़त हासिल करेगा, इसका फैसला आसमान में जेट, मिसाइल और ड्रोन के प्रहार तय हो रहा है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने यही दिखाया है कि आधुनिक युद्ध में ड्रोन, मिसाइलों और उन्नत तकनीक का प्रभुत्व किस कदर बढ़ता जा रहा है।

साल 2022 में शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अमेरिका-इजराइल की ईरान के साथ छिड़ी हालिया जंग ने ड्रोन और वायु शक्ति की ताकत को मजबूती के साथ स्थापित किया है। इसके चलते ही खाड़ी देशों में ड्रोन और मिसाइल हमलों के कारण युद्ध क्षेत्र जैसी अराजकता बनी हुई है। यहां तक कि अमेरिका का करोड़ों डॉलर का थॉड एयर डिफेंस सिस्टम भी ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों को पूरी तरह रोकने में नाकाम रहा है। बैलिस्टिक मिसाइलों और शाहेद ड्रोन का इस्तेमाल करके ईरान ने पूरे पश्चिम एशिया में न सिर्फ अमेरिकी सैन्य ठिकानों, राडारों के साथ तेल गैस संयंत्रों, बंदरगाहों और हवाई अड्डों को आक्रामक तरीके से निशाना बनाया है, बल्कि इसरायली एयर डिफेंस सिस्टम पर भी दबाव बनाए रखा है। इसके साथ ही वह ड्रोन के झुंडों का इस्तेमाल करके भी निशाने साध रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि भारत के पास अपने आसमान की सुरक्षा की कितनी तैयारी है। क्या भारत का मौजूदा एयर डिफेंस सिस्टम उन्नत ड्रोन और मिसाइल हमले रोकने में सक्षम है।

रक्षा मंत्रालय ने बीते दिनों रूस की सरकारी कंपनी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ सेना के लिए तुंगुस्का एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम खरीदने के लिए 4.5 अरब रुपये का समझौता किया है। ये अत्याधुनिक मिसाइलें विमानों, ड्रोनों और क्रूज मिसाइलों जैसे हवाई खतरों के खिलाफ भारत की कई परतों वाली हवाई सुरक्षा क्षमता को और मजबूत बनाएंगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद ने वायु सेना के लिए रूस से पांच और एस-400 जमीन से हवा में मार करने वाले लंबी दूरी के मिसाइल सिस्टम को खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। दरअसल, आधुनिक युद्ध में हमला और बचाव दोनों क्षमताएं हासिल करने के लिए भारी निवेश जरूरी है। पहले सेनाएं सैनिकों के बड़े फॉर्मेशन पर आधारित थीं, अब जेट, मिसाइल, ड्रोन, रडार और इंटरसेप्टर जैसी तकनीकें निर्णायक हो गई हैं। इसे देखते हुए ही पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भारतीय वायुसेना भी अपनी युद्ध रणनीति में बड़ा बदलाव कर रही है। रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी रूप से विकसित किए जा रहे स्टेल्थ लड़ाकू ड्रोन 'घातक' के चार स्क्वाड्रनों को अनुमति दी है। यह फैसला भारतीय वायुसेना की भविष्य की स्ट्राइक क्षमता और युद्ध की रणनीति में महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है।

गौरतलब है कि पिछले साल भारत-पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष में भी हवाई टकराव ही केंद्रीय भूमिका में था, जिसमें ड्रोनों के झुंड इस्तेमाल किए जा रहे थे। इसमें दो राय नहीं कि भारतीय सेना के ड्रोन हथियार भंडार में कई प्रकार के हाईटेक ड्रोन शामिल हैं। इनमें इजराइल के टोही ड्रोन आईएआई सर्चर और हार्पर के अलावा इजराइल से ही आए लॉयटरिंग म्यूनिशन, जैसे हारोप और हार्पी भी हैं, जिनका इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किया गया था। इसी कड़ी में प्रोजेक्ट कुश भारत का नया एयर डिफेंस सिस्टम है, इसके तहत डीआरडीओ लांग रेंज की जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल तैयार कर रहा है। इस तीन स्तरीय प्रणाली की सबसे कम रेंज 150 किमी होगी, मध्यम रेंज 250 किमी और अधिकतम रेंज 350 किमी तक होगी।

देश के पास रूस से लिया गया एस-400 एयर सिस्टम पहले से ही है। डीआरडीओ का प्रोजेक्ट कुश 350 किमी दूर से दुश्मन की हरकत का पता लगा लेगा। माना जा रहा है कि यह इजराइल के आयरन डोम से बहुत बेहतर होगा, जिसकी रेंज महज 70 से 80 किमी है। यही नहीं, कुश को अमेरिका के पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम से भी बेहतर बताया जा रहा है। पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम 110 से 130 किमी दूर से दुश्मन के हमलों को ट्रैक कर पाता है। भारत की योजना कुश एयर डिफेंस सिस्टम को अगले दो से तीन साल में जमीन पर तैनात करने की है। यह दुश्मन के हमलों के साथ दुश्मन के लड़ाकू विमान, ड्रोन, क्रूज और बैलेस्टिक मिसाइलों समेत हर हमलों को ट्रैक और ध्वस्त कर सकेगा। कुश के सीमाओं पर तैनात होने के बाद भारत उन महत्वपूर्ण देशों में शामिल हो जाएगा, जिनके पास अपना लंबी दूरी का एयर डिफेंस सिस्टम है।

पश्चिम एशिया युद्ध का बड़ा सबक है कि सस्ते और लागत प्रभावी काउंटर ड्रोन सिस्टम को बड़े पैमाने पर विकसित किए जाएं या खरीदे जाएं। खाड़ी देशों के पास इस तरह की प्रणालियों की कमी है, जिसकी कीमत उन्हें नुकसान के रूप में चुकानी पड़ी है। ये कम लागत वाले सस्ते सिस्टम, मौजूदा एयर डिफेंस प्रणालियों के ऊपर एक अतिरिक्त परत के तौर पर काम करेंगे। इससे महंगे एयर डिफेंस सिस्टम का बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सकेगा और दुश्मन के कम लागत वाले ड्रोन से निपटने में उनका उपयोग सीमित रहेगा।

> भारत की योजना कुश एयर डिफेंस सिस्टम को अगले दो से तीन साल में जमीन पर तैनात करने की है। यह दुश्मन के हमलों के साथ दुश्मन के लड़ाकू विमान, ड्रोन, क्रूज और बैलेस्टिक मिसाइलों समेत हर हमलों को ट्रैक और ध्वस्त कर सकेगा।

## आमने सामने



अगर भारत ने कोई 'नाटकीय साजिश के तहत ऑपरेशन' किया तो पाकिस्तान सीधे कोलकाता तक जाएगा। मेरे पास खबरें हैं कि भारत ऐसी कोई साजिश रच रहा है। वो कह रहे हैं कि कुछ लाशें बिछाई जाएंगी और कहा जाएगा कि ये आतंकी थे और इन्होंने यह किया, लेकिन उन्होंने इसका कोई सबूत नहीं दिया।
– **ख्वाजा आसिफ**
रक्षा मंत्री, पाकिस्तान

क्या पाकिस्तान में भारत की तरफ आंख उठाकर देखने की हिम्मत है? 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमने उनको घर में घुसकर मारा। क्या भूल गया कि हमने आतंकवादियों के पूरे-पूरे परिवारों को और पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को तबाह कर दिया था। पाकिस्तान गिड़गिड़ाते हुए युद्ध रोकने के लिए भारत के पास आया। भारत ने अपनी शर्तों पर युद्ध रोका।
– **प्रतुल शाहदेव** प्रवक्ता, भाजपा



# अस्थिर दुनिया में आत्मनिर्भरता जरूरी



महेश चंद गुप्ता
सेवानिवृत प्रोफेसर

दुनिया अब अलग-अलग बिखरे देशों का नक्शा मात्र नहीं रही है। यह एक ऐसा तंत्र बन गई है, जिसमें कहीं भी हलचल होती है, तो उसकी तरंगें दुनिया के हर कोने तक पहुंचती हैं। हाल में ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच टकराव की स्थिति के बाद पैदा हुए तनाव ने इस सच्चाई को फिर से उजागर कर दिया है। इससे पहले रूस-यूक्रेन युद्ध से भी यह सबक मिल चुका है कि जंग किसी एक भूभाग तक सीमित नहीं रहती। उसके असर सीमाओं से परे जाते हैं। इस बात को हम लागू होते देख रहे हैं।

भारत इस अमेरिका-इजरायल-ईरान संघर्ष का हिस्सा नहीं है, लेकिन उसका असर हमारे यहां साफ दिखाई दे रहा है। पेट्रोल और एलपीजी की आपूर्ति में अस्थिरता, छोटे उद्योगों का ठप पड़ना, निर्यात पर असर ये सब संकेत दे रहे हैं कि वैश्विक अस्थिरता का बोझ हम भी ढो रहे हैं। दुनिया इतनी छोटी हो चुकी है कि कई लोग इसकी तुलना एक गांव से भी करते हैं। मानना ही होगा कि यह एक ऐसा साझा घर बन चुकी है, जिसकी एक दीवार पर आग लगे तो दूसरी दीवार पर बैठे लोग भी उसकी आंच महसूस करते हैं।

भारत की नीति स्पष्ट रूप से शांति की है, लेकिन वैश्विक व्यवस्था में उसकी भागीदारी इतनी गहरी है कि किसी भी तनाव के असर से बचना संभव नहीं है। शहरों में ठेले पर चाय बेचने वाला हो या मिठाई की दुकान चलाने वाला हलवाई, हर किसी के काम पर इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। गैस सिलेंडर की बुकिंग में देरी अब सिर्फ एक असुविधा नहीं, बल्कि रोजमर्रा की कमाई पर चोट बनती जा रही है। इसका बड़ा कारण मूलभूत जरूरतों के लिए हमारा अन्य देशों पर निर्भर होना है। बड़ा सवाल यह है कि क्या हम अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए इतने अधिक बाहरी स्रोतों पर निर्भर हो चुके हैं कि कहीं भी हलचल हो और हमारी जमीन हिलने लगे? यह सच है कि हमारी जरूरतों का बड़ा हिस्सा आज भी आयात किए गए तेल और गैस से पूरा होता है। खाड़ी क्षेत्र में तनातनी बढ़ते ही सप्लाई चेन पर दबाव पड़ता है और उसका सीधा असर हमारे घरों तक पहुंचता है। यह निर्भरता केवल आर्थिक नहीं है, बल्कि रणनीतिक कमजोरी भी है, लेकिन बात केवल ऊर्जा तक सीमित नहीं है। भारत का औद्योगिक और कृषि ढांचा भी कई मायनों में वैश्विक आपूर्ति पर टिका हुआ है। खाद्य तेल से लेकर उर्वरकों तक, इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर रक्षा उपकरणों तक कई ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें हम पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं हैं। यह स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है, जब वैश्विक संकट लंबा खिंचने लगता है।

बात केवल आयात की नहीं है, निर्यात भी इस संकट से प्रभावित हो रहा है। बीकानेर का भुजिया, महाराष्ट्र के केले, कपड़ा उद्योग और समुद्री उत्पाद आदि सबका अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचना अब पहले जैसा सहज नहीं रहा। जलगांव से रोजाना दो से तीन हजार टन केला खाड़ी देशों व यूरोप को निर्यात होता है, लेकिन इस युद्ध ने निर्यात को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। केले से भरे सैकड़ों कंटेनर बंदरगाहों पर फंसे हुए हैं। इसी प्रकार बीकानेर से भुजिया का निर्यात भी प्रभावित हुआ है। समुद्री रास्तों में असुरक्षा और लागत बढ़ने से कई व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह केवल माल की आवाजाही का संकट नहीं है, बल्कि इन उद्योगों से जुड़े लाखों लोगों की रोजी-रोटी का भी सवाल है।

भारत की आत्मनिर्भरता की बहस में सूचना एवं प्रौद्योगिकी का क्षेत्र अक्सर नजरअंदाज हो जाता है, जबकि यह आज की अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों के लिए बेहद अहम है। भारत डिजिटल रूप से तेजी से आगे बढ़ा है, लेकिन इस डिजिटल ढांचे की बुनियाद अब भी काफी हद तक विदेशी तकनीक पर टिकी है। मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम, क्लाउड सेवाएं सर्वर इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र बाहरी कंपनियों के नियंत्रण में हैं। ऐसे में वैश्विक तनाव या प्रतिबंधों की स्थिति में यह निर्भरता गंभीर जोखिम बन सकती है। इंटरनेट के क्षेत्र में भी हालात अलग नहीं हैं। सोशल मीडिया, सर्च इंजन और डेटा स्टोरेज जैसे प्लेटफॉर्म विदेशी स्वामित्व में हैं, जिससे डेटा सुरक्षा और डिजिटल संप्रभुता पर सवाल उठते हैं। यह केवल आर्थिक नहीं, बल्कि रणनीतिक चुनौती भी है।

इसके साथ ही, भारत में मौलिक आविष्कारों की कमी भी चिंता का विषय है। आईटी सेवाओं में मजबूती के बावजूद, शोध और पेटेंट के मामले में भारत अभी पीछे है। रिसर्च और डवलपमेंट पर कम निवेश इसकी वजह हैं। ऐसे में आत्मनिर्भरता के लिए तकनीकी नवाचार को प्राथमिकता देना अनिवार्य हो गया है। समय की मांग है कि हमें ऊर्जा के क्षेत्र में वैकल्पिक रास्तों की ओर तेजी से बढ़ना चाहिए। सौर और पवन ऊर्जा अब केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं रहे हैं, बल्कि आर्थिक स्थिरता का आधार भी बन चुके हैं। इसी प्रकार मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूत करना, छोटे उद्योगों को तकनीक और वित्तीय सहायता देना और कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग को बढ़ावा देना जरूरी है, क्योंकि ऐसे कदम ही भारत को भीतर से सशक्त बना सकते हैं।

हमारे सामने चुनौती यह नहीं है कि वह इन युद्धों को रोक सके, बल्कि बड़ी चुनौती यह है कि हम इनके प्रभाव को अपने यहां किस हद तक सीमित कर पाते हैं। जब दुनिया जलती है, तो उसकी आंच से बचना संभव नहीं है, लेकिन हम अपने घर को आग से बचाने के प्रयत्न तो कर ही सकते हैं। आत्मनिर्भरता उसी बचाव का नाम है। आत्मनिर्भरता ही एक ऐसा कवच है, जो हमें संकट से बचा सकता है। हमारा देश आत्मनिर्भर बने, इसके लिए कदम उठाने ही होंगे। इसके लिए सरकार, हमारे नीति नियंताओं, नागरिकों, संस्थाओं को मिलकर काम करना होगा। यह परिहार्य है, इस बात को समझा जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> भारत की आत्मनिर्भरता की बहस में सूचना एवं प्रौद्योगिकी का क्षेत्र अक्सर नजरअंदाज हो जाता है, जबकि यह आज की अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों के लिए बेहद अहम है।

## सोशल फोरम

# युद्धक विमान का पायलट

अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच एक अमेरिकी पायलट की तलाश में दोनों देश रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं। हुआ कुछ यूं कि बीते दिनों एक अमेरिका के युद्धक विमान F-15E को ईरान ने मार गिराया। समय रहते उस विमान के दोनों पायलट कूद गए। खबर मिलते ही अमेरिका ने, अपने पायलटों को सकुशल ईरान के क्षेत्र से निकाल ले जाने के लिए, रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। उसके कुछ टोही हेलिकॉप्टर ईरान की पहाड़ियों के बीच चक्कर लगाने लगे। बताया जाता है कि उन्हें इस कार्य में एक पायलट निकाल लेने में सफलता मिल गई है, परंतु दूसरा पायलट अभी तक लापता है। यद्यपि इस रेस्क्यू ऑपरेशन में उसके दो टोही हेलिकॉप्टरों को भी ईरान के सैनिकों द्वारा हमले में क्षतिग्रस्त करने की खबर है, परंतु वो दोनों हेलिकाप्टर ईरान के क्षेत्र से बाहर निकलने में सफल हो गए है।



विजय सिंह
रुद्रपुर

दूसरी तरफ लापता पायलट की तलाश में, ईरान ने भी रेस्क्यू शुरू कर दिया है। इसके साथ ही उसने घोषणा भी की है कि उक्त पायलट को पकड़ने वाले को भारी भरकम रकम इनाम में दिया जाएगा। इससे एक बात तो समझ में आती ही है कि एक क्षतिग्रस्त विमान के पायलट का महत्व कितना होता है, जो कि उसको अपने कब्जे में लेने के लिए, उसके स्वयं के देश और दुश्मन देश, दोनों परेशान देखे जाते हैं। दरअसल ऐसी स्थिति में पायलट की जान की सुरक्षा के अतिरिक्त, उसकी जेब में जो महत्वपूर्ण गोपनीय जानकारियां, दुश्मन के अड्डे, मैप, युद्ध स्ट्रेटजी आदि की कॉपी होती हैं, उसकी सुरक्षा का प्रश्न उठ खड़ा होता है। प्रसंगवश जानकारी हेतु एक युद्धक विमान का पायलट, उच्च प्रतीक्षित सैन्य अधिकारी होता है, जिसे 5 से 7 साल की ट्रेनिंग के बाद, इस तरह के युद्ध के विभिन्न पहलुओं के लिए तैयार किया जाता है। युद्ध में उड़ान के दौरान, कई बार ऐसी स्थिति बन जाती है, जिसमें विमान को पलक झपकते नीचे से ऊपर, ऊपर से नीचे और इधर-उधर गोते लगाते, कभी पलटी मारते, विभिन्न प्रकार की अचंभित करने वाली कलाबाजियां करते देखा जाता है। एक पायलट के लिए यह स्थिति बेहद जटिल होती है। इस दौरान उसे विमान की गति और गुरुत्वाकर्षण बल की तीव्रता, दोनों का प्रभाव अपने शरीर के ऊपर झेलना होता है। ऐसे में रक्त प्रवाह की गति में अवरोध के कारण कुछ पलों तक पायलट को संज्ञा शून्य की स्थिति का भी सामना करना पड़ सकता है। बताते हैं कि इस दौरान उसके शरीर का वजन पल-पल बड़ी तीव्रता से 6 से 8 किलो तक बढ़ती घटता रहता है। सोचिए भला कौन देश चाहेगा कि उसका इतना महत्वपूर्ण, होनहार पायलट दुश्मन देश के हाथ लग जाए और वह उसका प्रयोग बार्गेनिंग में करे।

-**फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# किसानों की मेहनत पर प्रकृति की मार

भारत विश्व का एक प्रमुख कृषि प्रधान देश है, जहां आज भी बड़ी आबादी की आजीविका खेती-किसानी पर निर्भर है। देश की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा कृषि से जुड़ा हुआ है, जो मुख्यतः प्रकृति, विशेषकर मानसून पर आधारित है। यही कारण है कि भारतीय कृषि को अक्सर 'मानसून का जुआ' कहा जाता है। मार्च और अप्रैल का समय किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि यही वह अवधि होती है जब रबी फसलें पककर तैयार हो जाती हैं और उनकी कटाई शुरू होती है। यह समय किसानों के पूरे वर्ष के परिश्रम के फल प्राप्त होने का होता है, किंतु बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने इस बार भी उनकी उम्मीदों को गहरा आघात पहुंचाया है।

वर्तमान में उत्तर भारत के अनेक हिस्सों में असामान्य मौसम का व्यापक प्रभाव देखने को मिल रहा है। राजस्थान के हाड़ौती और बीकानेर क्षेत्रों में हुई तेज ओलावृष्टि ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। गेहूं, सरसों और चना जैसी रबी फसलें, जो कटाई के लिए तैयार थीं, अचानक हुई बारिश और ओलों की मार से नष्ट हो गईं। कई स्थानों पर खेतों में ओलों की मोटी परत जम गई, जिसने फसलों को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। फसलें खेतों में गिर गईं, दाने झड़ गए और उनकी गुणवत्ता प्रभावित हुई, जिससे बाजार मूल्य पर भी नकारात्मक असर पड़ने की आशंका है।



सुनील कुमार महला
लेखक

राजस्थान के जयपुर से लेकर जैसलमेर तक कई जिलों में तेज मौसमीय गतिविधियां दर्ज की गईं। बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर और उदयपुर संभागों में बड़े आकार के ओलों ने फसलों और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। पंजाब के मालवा और दोआब क्षेत्रों में भी ओलावृष्टि का प्रभाव देखा गया। हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भी तेज हवाओं, बारिश और ओलों की घटनाएं सामने आईं। पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में फसलों को नुकसान पहुंचा, जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में ओलावृष्टि और बर्फबारी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। विशेषज्ञों के अनुसार, इस असामान्य मौसम का मुख्य कारण सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ है, जो बार-बार उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश और ओलावृष्टि ला रहा है। यह स्थिति कृषि पर निर्भर करोड़ों किसानों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। हालांकि सरकार द्वारा फसल बीमा और राहत योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन इनका लाभ हर प्रभावित किसान तक समय पर पहुंचना अभी भी एक बड़ी चुनौती है। ऐसे समय में किसानों को त्वरित मुआवजा, सटीक मौसम पूर्वानुमान और बीमा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, अनाज मंडियों और भंडारण की समुचित व्यवस्था भी जरूरी है, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। गौरतलब है कि बैसाखी का पर्व निकट है, जो गेहूं की कटाई का प्रमुख समय होता है, लेकिन मौसम की अनिश्चितता ने किसानों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। यदि यही स्थिति बनी रहती है, तो उत्पादन में कमी आ सकती है, जिसका प्रभाव किसानों की आय के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। कहा जा सकता है कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय कृषि आज भी प्राकृतिक जोखिमों से घिरी हुई है। ऐसे में समय पर राहत, सुदृढ़ फसल बीमा, उन्नत कृषि तकनीकों का विकास और सटीक मौसम पूर्वानुमान ही किसानों को इस संकट से उबारने का प्रभावी माध्यम बन सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# बॉलीवुड की वो अदाकाराएं जो यादों में हैं जिंदा

हिंदी सिनेमा में कई ऐसे कलाकार रहे, जिन्होंने सीमित अवसरों के बावजूद अपनी अदाकारी और प्रतिभा से अमिट छाप छोड़ी। विनीता भट्ट उर्फ यास्मीन और नृत्यांगना शीला वाज इसी परंपरा की दो महत्वपूर्ण कड़ियां हैं। यास्मीन ने 'मिस्टर एंड मिसेज 55' जैसे गीतों में अपनी चंचलता से दर्शकों को आकर्षित किया, वहीं शीला वाज ने 'रमैया वस्तावैया' जैसे गीतों में अपने नृत्य से यादगार पहचान बनाई। भले ही इन्हें मुख्यधारा में लंबा समय न मिला हो, लेकिन इनकी स्क्रीन उपस्थिति और कलात्मक योगदान ने इन्हें सिनेमा प्रेमियों के बीच आज भी जीवंत बनाए रखा है।



विनीता भट्ट, जिन्हें यास्मीन के नाम से भी जाना जाता है, 1950 के दशक में भारतीय सिनेमा में एक छोटी, लेकिन यादगार पहचान थीं, जिन्हें 'मिस्टर एंड मिसेज 55' (1955) और 'ऊटपटांग' (1955) जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। उनकी विरासत कुछ यादगार रोल्स पर टिकी है, खासकर जॉनी वॉकर के साथ मजेदार 'जाने कहां मेरा जिगर गया जी' गीत, जिसने यास्मीन की शोख अदाओं और आकर्षक अंदाज को क्लासिक बॉलीवुड के शौकीनों के बीच आज भी जिंदा रखा है।

विनिता भट्ट (यास्मीन) का जन्म 3 अप्रैल, 1937 को रावलपिंडी में हिंदू-अंग्रेज माता-पिता के यहां हुआ था। उन्होंने हिल-स्टेशन स्कूलों में पढ़ाई की और बैंगलोर में अपना सीनियर कैम्ब्रिज पूरा किया। वे बैंगलोर एमेच्योर ड्रामेटिक सोसाइटी में शामिल हुईं और टैगोर के बलिदान और जे. बी. प्रीस्टली जैसे नाटकों में काम किया, शायद यहीं उनके एक महान अदाकारा बनाने का अंकुर फूटा। मशहूर फिल्म निर्माता, निर्देशक गुरुदत्त ने उन्हें देखा और अपनी अगली फिल्म में रोल ऑफर किया और उनसे बॉम्बे आने को कहा। कुछ वजहों से, उन्होंने यह ऑफर एक्सेप्ट नहीं किया। बाद में विनीता बॉम्बे गईं, जहां उनकी मुलाकात एक्ट्रेस नरगिस के भाई अनवर हुसैन से हुई। विनीता का परिवार अनवर हुसैन को जानता था। क्योंकि विनीता बहुत खूबसूरत थीं, इसलिए अनवर हुसैन ने उन्हें रंजीत स्टूडियो के मालिक चंदूलाल शाह से मिलवाया, जिन्होंने उन्हें फिल्म 'ऊटपटांग' (1955) में एक छोटा सा रोल दिया। फिल्म की शूटिंग मशहूर महबूब स्टूडियो में हुई थी। गुरु दत्त भी वहीं शूटिंग कर रहे थे। दोनों रेस्ट पीरियड में मिले। फिर से गुरु दत्त ने उन्हें अपनी फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज 55' में रोल ऑफर किया। इस बार वे मना नहीं कर सकीं और ऑफर एक्सेप्ट कर लिया।



डॉ .मीता गुप्ता
साहित्यकार



बहुत ही खूबसूरत और चार्मिंग यास्मीन को गुरुदत्त ने अपनी सुपरहिट फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज 55' में जॉनी वॉकर के साथ साइड हीरोइन के तौर पर चुना था। गुरुदत्त ने फिल्म मिस्टर एंड मिसेज 55 के लिए विनीता का नाम बदलकर यास्मीन कर दिया था। पॉपुलर गाना 'जाने कहां मेरा जिगर गया जी' यास्मीन और जॉनी वॉकर पर फिल्माया गया।

उस समय फिल्मियाटन की सिनेमास्कोप और टेक्नीकलर फिल्म 'श्री हेडेड कोबरा' आई थी, जिसका पहले नाम 'बॉम्बे फ्लाइट 417' था। विनीता भट्ट ने इस फिल्म में रुक्मिणी का रोल किया था, जिसके मेकअप मैन जिमी वाइनिंग थे। दोनों को प्यार हो गया। अपनी अच्छी शुरुआत, जिनमें रुस्तम सोहराब, कैप्टन किशोर जैसी फिल्मों के बावजूद, विनीता भट्ट फिल्मों में ज्यादा दिन नहीं टिकीं और पॉपुलर मेकअप मैन जिमी वाइनिंग से शादी कर ली और बॉलीवुड छोड़कर विदेश में बस गईं। आज भी वे बॉलीवुड के इतिहास में पुरानी यादों की एक मिसाल बनी हुई हैं। एक ऐसी एक्ट्रेस जो थोड़े समय के लिए चमकीं, लेकिन अपनी जिंदादिल स्क्रीन प्रेजेंस से एक गहरी छाप छोड़ गईं।

## बेजोड़ नृत्यांगना शीला

अपनी नृत्य भंगिमाओं से सबको प्रभावित करने वाली शीला वाज ने हिंदी फिल्मों में डांसर के रूप में काम किया। उनका परिवार गोवा से था और उनका जन्म 1934 में हुआ था और वे दादर, मुंबई में पली-बढ़ीं। उन्होंने छोटी उम्र से ही डांस सीखा था, लेकिन जब उन्होंने फिल्मों में आना चाहा, तो उन्हें अपने परिवार से बहुत विरोध का सामना करना पड़ा। किशोर साहू की मयूर पंख (1954) और किदार शर्मा की गुनाह (1953) के साथ, उन्होंने 1960 तक बहुत सारी फिल्मों में डांस किया। उनकी कुछ महत्वपूर्ण फिल्मों में श्री 420 (1955) शामिल है, जिसमें उन्होंने न केवल रमैया वस्तावैया (उनका अब तक का सबसे प्रसिद्ध गीत) पर यादगार नृत्य किया, बल्कि दिल का हाल सुने दिलवाला, सीआईडी (1956), जॉनी वॉकर (1957), तुमसा नहीं देखा (1957), मिस्टर एक्स (1957), सोलवां साल (1958), कागज के फूल (1959) और बहना (1960) में भी नृत्य किया।



बहुत से लोग उन्हें नाम से नहीं जानते, क्योंकि उन दिनों डांसर्स के नाम हमेशा फिल्म क्रेडिट्स में नहीं आते थे, लेकिन इससे हर गाने को खास बनाने के लिए इन डांसर्स के योगदान या कड़ी मेहनत को कम नहीं किया जा सकता। शीला वाज कई मशहूर गानों से जुड़ी हुई हैं और इन गानों से जुडने के उनके चेहरे हमारे दिमाग में बस गए हैं। अगर शीला को याद करना है, तो रमैया वस्तावैया को मिस नहीं किया जा सकता। मशहूर जोहरा सहगल का कोरियोग्राफ किया हुआ यह गाना वर्ली सी फेस में शूट किया गया था, उस समय उस जगह पर ऊंची इमारतें और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स नहीं थे। आज का बॉम्बे-वर्ली सी लिंक उसी जगह पर बना है। गाने में उनकी एक मिनट की स्क्रीन प्रेजेंस के बावजूद, कोई उनके एक्सप्रेशन और परफॉर्मेंस को नहीं भूल सकता। लेके पहला-पहला प्यार में भी, देव आनंद और शकीला के साथ स्क्रीन शेयर करने के बावजूद, शीला सबसे अलग दिखती हैं। यहां तक कि यूट्यूब वीडियो के कमेंट सेक्शन में भी लोग उनकी तारीफ कर रहे हैं और बता रहे हैं कि कैसे मोहम्मद रफी, शमशाद बेगम और आशा भोसले का गाना उनके डांस से अमर हो गया। बॉलीवुड की हिंदी-केंद्रिक फिल्ममेकिंग की वजह से, शीला वाज को नुकसान हुआ-उन्हें यह भाषा नहीं आती थी। इसलिए, उनके डांस के लिए, उन्हें रोमन स्क्रिप्ट में लिखे लिरिक्स दिए जाते थे। उन्होंने लगभग 70 फिल्मों में काम किया। शुरुआत शोखियां (1951) में बैकग्राउंड डांसर के तौर पर उनके काम से हुई, और फिर मां (1952) में एक पूरा नंबर किया। 1961 में बॉलीवुड छोड़ने और अपना नाम बदलकर राम लखनपाल रखने के बावजूद, शीला को इंडस्ट्री में अपने समय को याद करना बहुत पसंद था। 2009 में उनका इंटरव्यू लेने वाले फिल्म मेकर करण बाली लिखते हैं, "उनका चेहरा खिल उठा, जब उन्होंने हमें बताया कि आज भी जब उनके गाने टीवी पर दिखाए जाते हैं, तो यंगस्टर्स और पड़ोसी उनके पास आते हैं और बताते हैं कि उन्हें उनके डांस कितने पसंद आए।" इस महान अदाकारा का देहांत 29 जून 2022 को हुआ, किंतु उनके नृत्य ने उन्हें अमर बना दिया। हिंदी फिल्मों के दो गानों में अभिनय करने वाली हीरोइनें अपनी शानदार अदाकारी से अमर हो गईं। उन्होंने बाद में कोई बड़ी फिल्म तो नहीं की, लेकिन सिर्फ इन गानों की वजह से वह जानी जाती हैं।



# पॉप गॉडेस नाजिया हसन

## जिंदगी का सफर



नाजिया हसन दक्षिण एशिया की सबसे लोकप्रिय और यादगार गायिकाओं में से एक थीं। उन्हें अक्सर "क्वीन ऑफ पॉप" और उपमहाद्वीप की पहली पॉप स्टार कहा जाता है। बहुत कम उम्र में उन्होंने ऐसा मुकाम हासिल किया, जो बड़े-बड़े कलाकार भी नहीं कर पाते। उनकी मधुर आवाज, आधुनिक अंदाज और अलग पहचान ने भारत, पाकिस्तान और दुनिया भर के संगीत प्रेमियों के दिलों में खास जगह बनाई। नाजिया हसन केवल एक गायिका ही नहीं थीं, बल्कि एक संवेदनशील, शिक्षित और समाजसेवी व्यक्तित्व भी थीं।

### जन्म और प्रारंभिक जीवन

नाजिया हसन का जन्म 3 अप्रैल 1965 को कराची, पाकिस्तान में हुआ था। उनका परिवार शिक्षित और संस्कारी था। बचपन से ही उनमें कला और संगीत के प्रति रुचि दिखाई देने लगी थी। वे अपने भाई जोहेब हसन के साथ बहुत करीब थीं और आगे चलकर यही भाई-बहन की जोड़ी संगीत जगत में बेहद मशहूर हुई। नाजिया की परवरिश पाकिस्तान और लंदन दोनों वातावरणों में हुई, जिससे उनके व्यक्तित्व में आधुनिकता और गहराई दोनों आईं।



नूर हिना खान
लेखिका

### गायन करियर की शुरुआत

नाजिया हसन ने बहुत कम उम्र में गायन की दुनिया में कदम रखा। उनका सबसे बड़ा ब्रेक तब मिला जब उन्होंने 1980 में भारतीय फिल्म कुर्बानी के लिए मशहूर गीत "आप जैसा कोई" गाया। उस समय उनकी उम्र केवल 15 वर्ष थी। यह गीत रिलीज होते ही सुपरहिट हो गया और नाजिया रातों-रात स्टार बन गईं। इसी गाने के लिए उन्होंने 1981 में Filmfare Award for Best Female Playback Singer जीता। वे यह सम्मान पाने वाली पहली पाकिस्तानी गायिका और बहुत कम उम्र में यह पुरस्कार जीतने वाली कलाकारों में शामिल रहीं।

### लोकप्रियता और सुपरहिट एल्बम

नाजिया हसन की लोकप्रियता सिर्फ फिल्मों तक सीमित नहीं रही। 1981 में उनका प्रसिद्ध एल्बम "Disco Deewane" रिलीज हुआ, जिसने पूरे एशिया में तहलका मचा दिया। यह एल्बम बहुत बड़ी सफलता साबित हुआ और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने अपने भाई जोहेब हसन के साथ मिलकर कई हिट एल्बम दिए, जैसेः

- Disco Deewane (1981)
- Boom Boom (1982)
- Young Tarang (1984)
- Hotline (1987)
- Camera Camera (1992)

उनके गाने जैसे "डिस्को दीवाने", "बूम बूम", "दम दम देदे" और "आंखें मिलाने वाले" आज भी बेहद पसंद किए जाते हैं। उन्होंने पॉप संगीत को एक नया रूप दिया और युवा पीढ़ी की आइकन बन गईं।

### विवाह और निजी जीवन

नाजिया हसन की शादी 1995 में व्यवसायी मिर्जा इश्तियाक बेग से हुई थी। कुछ स्रोतों में उनकी शादी की तारीख 30 मार्च 1995 भी बताई जाती है। शादी के बाद उनके जीवन में खुशियों के साथ कई कठिनाइयां भी आईं। उनका वैवाहिक जीवन आसान नहीं रहा और समय के साथ इसमें तनाव बढ़ता गया। नाजिया का एक बेटा भी हुआ, जिसका नाम आरेज हसन बताया जाता है। बाद में उनके वैवाहिक संबंध खराब हो गए और 2000 में उनका तलाक हो गया या अलगाव की स्थिति बन गई। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार यह उनकी मृत्यु से कुछ समय पहले हुआ।

### बीमारी और निधन

नाजिया हसन के जीवन का सबसे दुखद दौर तब आया जब वे फेफड़ों के कैंसर से पीड़ित हो गईं। उन्होंने इस बीमारी से लंबे समय तक संघर्ष किया। इलाज के दौरान भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी, लेकिन बीमारी लगातार गंभीर होती गई। अंततः 13 अगस्त 2000 को लंदन, इंग्लैंड में उनका निधन हो गया। उस समय उनकी उम्र केवल 35 वर्ष थी। उनकी असमय मृत्यु ने भारत, पाकिस्तान और पूरी दुनिया के संगीत प्रेमियों को गहरा दुख दिया।

नाजिया हसन का जीवन छोटा था, लेकिन उनकी उपलब्धियां बहुत बड़ी थीं। उन्होंने बहुत कम उम्र में पॉप संगीत को नई पहचान दी और यह साबित किया कि प्रतिभा की कोई सीमा नहीं होती। उनकी आवाज, उनकी सादगी और उनका संगीत आज भी लोगों के दिलों में जिंदा है। नाजिया हसन केवल एक गायिका नहीं थीं, बल्कि एक ऐसी प्रेरणा, जो आज भी नई पीढ़ी को सपने देखने और उन्हें पूरा करने का हौसला देती है।

### पढ़ाई और सामाजिक कार्य

नाजिया हसन सिर्फ एक सफल गायिका ही नहीं थीं, बल्कि वे पढ़ाई में भी अच्छी थीं। उन्होंने कानून (Law) की पढ़ाई की और बाद में सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहीं। वे बच्चों, महिलाओं और गरीबों के लिए काम करती थीं। वे कई सामाजिक संगठनों से जुड़ीं और समाज में जागरूकता फैलाने का प्रयास करती रहीं। उनके व्यक्तित्व की यही बात उन्हें और भी खास बनाती है कि शोहरत मिलने के बाद भी वे जमीन से जुड़ी रहीं।

## ओटीटी

## चिरैया

"चिरैया" Chirayya एक ऐसी फिल्म है, जो मनोरंजन से अधिक आपको सोचने पर मजबूर करती है। डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज इस फिल्म का मुख्य विषय मैरिटल रेप जैसा संवेदनशील और विवादित मुद्दा है, जिस पर भारत में अब भी स्पष्ट कानून नहीं है। फिल्म एक शादीशुदा जोड़े के रिश्ते के जरिए यह सवाल उठाती है कि क्या शादी के बाद भी महिला की इच्छा और सहमति का महत्व बना रहता है। विषय निस्संदेह गंभीर है, लेकिन फिल्म का ट्रीटमेंट कमजोर प्रतीत होता है। किरदारों की प्रस्तुति कई जगह अस्वाभाविक लगती है, जिससे दर्शक उनसे जुड़ नहीं पाता। फिल्म में पितृसत्ता, फेमिनिज्म और LGBTQ जैसे मुद्दों को भी छूने की कोशिश की गई है, लेकिन इनका चित्रण कई बार एकतरफा और अतिरंजित लगता है। इससे कहानी का संतुलन बिगड़ता है और संदेश स्पष्ट नहीं हो पाता। तकनीकी पक्ष की बात करें, तो एडिटिंग सबसे बड़ी कमजोरी बनकर सामने आती है। सीन का फ्लो टूटता है और कई जगह घटनाक्रम समझना मुश्किल हो जाता है। निर्देशन, बैकग्राउंड म्यूजिक और स्क्रीनप्ले भी प्रभाव छोड़ने में असफल रहते हैं। क्लाइमैक्स भी अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता। जहां संवाद और पारिवारिक हस्तक्षेप से समाधान की उम्मीद होती है, वहां फिल्म दहेज कानून जैसे मुद्दों को जोड़कर कहानी को उलझा देती है। हालांकि यह फिल्म एक महत्वपूर्ण सामाजिक बहस जरूर शुरू करती है और दर्शकों को असहज, क्रोधित और विचारशील बनाती है, लेकिन एक प्रभावशाली फिल्म बनने के लिए सिर्फ विषय का बड़ा होना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसका संतुलित और सशक्त प्रस्तुतीकरण भी आवश्यक है। कुल मिलाकर, "चिरैया" एक जरूरी मुद्दा उठाती है, पर एक मजबूत फिल्म नहीं बन पाती।



*समीक्षक-पंकज मुद्गल*

## एनिवर्सरी (2026)

एनिवर्सरी एक पॉलिटिकल थ्रिलर के रूप में प्रस्तुत की गई फिल्म है, लेकिन उच्च रेटिंग और आकर्षक नाम के बावजूद यह दर्शकों को भ्रमित कर सकती है। कहानी एक यूनिवर्सिटी प्रोफेसर और उसके होटलियर पति के सुखी परिवार से शुरू होती है। उनकी शादी की सालगिरह पर बेटा अपनी मंगेतर से मिलवाता है, जो कभी उसकी मां की छात्रा रह चुकी होती है। धीरे-धीरे खुलासा होता है कि यह युवती बेहद क्रांतिकारी विचारधारा की समर्थक रही है, जिसे जनतंत्र विरोधी गतिविधियों के कारण विश्वविद्यालय से निकाल दिया गया था और इसमें मां की भी भूमिका थी। संघर्ष तब गहराता है, जब उस युवती की लिखी किताब "The Change" लोकप्रिय हो जाती है और उसके विचार समाज में व्यापक राजनीतिक परिवर्तन की लहर पैदा करते हैं। मां, जो यथास्थितिवादी सोच रखती है, इस बदलाव को स्वीकार नहीं कर पाती और परिवार के भीतर वैचारिक टकराव तेज हो जाता है। फिल्म राजनीति, विचारधाराओं के टकराव और उनके पारिवारिक रिश्तों पर पड़ने वाले प्रभाव को दिखाने की कोशिश करती है। यह भी दर्शाती है कि उम्र, जड़ता, भावनात्मक जुड़ाव और मानसिक द्वंद्व किस तरह व्यक्ति की सोच को प्रभावित करते हैं। हालांकि फिल्म एक डिस्टोपियन (काल्पनिक) परिवेश में आधारित है, जहां पात्र और उनका व्यवहार काफी असामान्य और अतिरंजित प्रतीत होता है। कई स्थितियों में उनकी प्रतिक्रियाएं अप्रत्याशित लगती हैं, जिससे कहानी से जुड़ाव कमजोर हो जाता है। कुल मिलाकर, एनिवर्सरी (2026) एक गंभीर विषय उठाती है, लेकिन उसकी प्रस्तुति उतनी प्रभावशाली नहीं बन पाती। यह फिल्म यह भी याद दिलाती है कि रेटिंग्स हमेशा किसी फिल्म की वास्तविक गुणवत्ता का सही पैमाना नहीं होतीं।




*समीक्षक-ब्रज राज नारायण सक्सेना*

# हर सूट के साथ परफेक्ट इयररिंग्स से दिखें आकर्षक

इयररिंग्स का अपना अलग ही महत्व है। सही इयररिंग्स न केवल आपके लुक को संपूर्ण बनाते हैं, बल्कि आपकी पर्सनैलिटी में भी आकर्षण जोड़ते हैं। आज के समय में बाजार में इयररिंग्स के अनेक डिजाइन उपलब्ध हैं, जिन्हें आप चाहें तो खुद बनाकर भी उपयोग कर सकती हैं या फिर इन्हें बेचकर अच्छी आमदनी का साधन भी बना सकती हैं। झुमका, चांदबाली, स्टड, हूप्स और लॉन्ग इयररिंग्स जैसे कई विकल्प सूट के साथ बेहद आकर्षक लगते हैं और हर मौसम में इनकी मांग बनी रहती है।

- **झुमका इयररिंग**- यह पारंपरिक और सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला डिजाइन है। सिल्क, कॉटन या पार्टी वियर सूट के साथ यह बेहद खूबसूरत लगता है। मोती, बीड्स और धातु से इसे बनाकर बेचना भी आसान है।
- **चांदबाली इयररिंग**- मुगलकालीन शैली से प्रेरित यह डिजाइन खासकर शादी और त्योहारों में पहना जाता है। इसकी लोकप्रियता हमेशा बनी रहती है, जिससे यह एक अच्छा बिजनेस विकल्प बन सकता है।
- **स्टड इयररिंग**-छोटे और साधारण स्टड रोजमर्रा के उपयोग के लिए उपयुक्त होते हैं। पर्ल, स्टोन या मिरर वर्क से तैयार किए गए स्टड की अच्छी बिक्री होती है।
- **ऑक्सिडाइज्ड इयररिंग**- ये आजकल ट्रेंड में हैं और कॉटन व इंडो-वेस्टर्न सूट के साथ काफी स्टाइलिश लगते हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर इनकी अच्छी डिमांड है।
- **टसल इयररिंग**- रंग-बिरंगे धागों से बने ये इयररिंग युवतियों के बीच काफी लोकप्रिय हैं और कैजुअल लुक को खास बना देते हैं।



# राष्ट्रवाद की चाशनी में लिपटी धुरंधर-2 पर उठे सवाल

इस दौर में राष्ट्रवाद की चाशनी में लपेटकर बनाई जा रही फिल्में क्या वास्तव में जनता के अंदर राष्ट्रवाद पैदा करना चाहती हैं या फिर ऐसी फिल्में किसी राजनीतिक एजेंडे के तहत बनाई जाती हैं? क्या इन दिनों राष्ट्रवाद भुनाने के लिए फिल्में बनाई जा रही हैं? क्या इन दिनों राष्ट्रवाद को एक फार्मूला बना दिया गया है? क्या इन दिनों फिल्मों के माध्यम से राष्ट्रवाद को बेचा जा रहा है? क्या ऐसी फिल्मों के माध्यम से सच्चे अर्थों में जनता के अंदर राष्ट्रवाद पैदा हो सकता है? सवाल कई हैं लेकिन ऐसी जनता, जिनकी आंखों पर पर्दा पड़ा है, वह न ही तो इन सवालों के उत्तर जानता चाहती है और न ही वह ऐसी फिल्मों के पीछे लगे दिमाग को पढ़ पाती है। इन दिनों फिल्म 'धुरंधर : द रिवेंज' चर्चा में है।



रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

फिल्म धुरंधर-2 विवादों में आ गई है। अनेक लोग इस फिल्म को देश की एक बड़ी हकीकत मान रहे हैं, तो कई लोग इसे प्रोपेगेंडा फिल्म मान रहे हैं। यह फिल्म निर्देशक आदित्य धर की चर्चित एक्शन फिल्म धुरंधर का दूसरा भाग है। इस फिल्म की कहानी कराची के लियारी इलाके की पृष्ठभूमि पर केन्द्रित है। फिल्म में अंडरवर्ल्ड और खूफिया क्रियाकलापों के संसार को दिखाया गया है। इस फिल्म में कई घटनाओं के संदर्भ भी हैं जैसे कंधार हाईजैक, भारतीय संसद पर हमला और 2008 का मुबंई हमला। इस फिल्म में मुख्य भूमिका रणवीर सिंह ने निभाई है। इसके साथ ही अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त, राकेश बेदी जैसे कलाकारों ने भी फिल्म में काम किया है। तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव से पहले इस फिल्म पर रोक लगाने की मांग को लेकर मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की तैयारी की जा रही है। याचिकाकर्ता का कहना है कि चुनाव से ठीक पहले इस तरह की फिल्म का प्रदर्शन आचार संहिता के उल्लंघन की आशंका पैदा करता है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म धुरंधर-2 सिनेमाघरों में 19 मार्च को रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने वाली यह फिल्म अब विवादों में आ गई है।

अब इस फिल्म पर गुरबानी का अपमान करने और सिख भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप भी लग रहा है। आरोप है कि फिल्म के एक दृश्य में गुरबानी के एक पवित्र श्लोक का अनुचित प्रयोग किया गया है। साथ ही एक दृश्य में रणवीर सिंह को बढ़ी हुई दाढ़ी, हाथ में कड़ा और पगड़ी पहने हुए दिखाया गया है। आरोप है कि इस दृश्य और लुक से सिखों और गुरु गोविंद सिंह का अपमान हुआ है। इस मुद्दे पर 'सिख इन महाराष्ट' संगठन के अध्यक्ष सरकार गुरज्योत सिंह ने फिल्म निर्माताओं से माफी मांगने की मांग की है। हालांकि इस आपत्ति के बाद आर माधवन ने माफी मांगी है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस फिल्म के जरिए दूसरों दलों को बदनाम करने का आरोप लगाया है। इस फिल्म में अतीक अहमद की तरह दिखते एक चरित्र के पाकिस्तानी खूफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के साथ संबंधों को दिखाया गया है। अब इस मुद्दे पर अतीक अहमद को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। निश्चित रूप से अतीक अहमद कोई संत नहीं था। वह अपराधी था, लेकिन उस अपराधी को पाकिस्तान से जोड़ना संदेह पैदा करता है। सवाल यह है कि यदि अतीक अहमद के काफी सालों से पाकिस्तान से संबंध थे और वह वहां से हथियार ले रहा था तो सरकारें क्या कर रही थीं?



एक तरफ कई लोग धुरंधर-2 में फिल्म की कास्टिंग, बैकग्राउंड म्यूजिक, डारेक्शन और रणवीर सिंह के अभिनय की की प्रशंसा कर रहे हैं तो दूसरी तरफ कई लोग इस फिल्म को भाजपा सरकार की प्रशंसा का प्रोपेगेंडा बता रहे हैं। हालांकि इस फिल्म में सीधेतौर पर किसी राजनेता या अन्य व्यक्तित्व के बारे में कुछ नहीं दिखाया गया है, लेकिन चरित्र छिपाए हुए ही बहुत कुछ कह देते हैं। यानी छिपाते हुए वास्तविक चरित्र पर पहुंचा गया है। दर्शक यह चालाकी समझ भी लेते हैं। फिल्म के शुरू में ही यह बता दिया जाता है कि इस फिल्म के सभी पात्र काल्पनिक हैं, लेकिन काल्पनिक पात्र दरअसल काल्पनिक नहीं हैं। दरअसल बाजार फिल्म बनाने वालों से न जाने क्या-क्या करा देता है। इस प्रक्रिया में कई स्तरों पर राजनीति की भूमिका भी होती है।

### सोने का आयात बढ़कर 69 अरब डॉलर पर

**नयी दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार कीमती धातुओं की ऊंची कीमतों के कारण अप्रैल-फरवरी 2025-26 में देश का सोने का आयात 28 .73 प्रतिशत बढ़कर 69 अरब डॉलर हो गया है। वित्त वर्ष 2024-25 की समान अवधि में सोने का आयात 53 .52 अरब डॉलर रहा था।

अमृत विचार
हल्द्वानी, सोमवार,6 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2670, राज श्री 2050, फ़ॉर्चून कि . 2780, रविन्द्रा 2670, फॉर्चुन 13kg 2440, जय जवान 2200, सचिन 2350, सूरज 2200, अवसर 2145, उजाला 2200, गृहणी 13 kg 2190, क्लासिक (kg) 2575, मोर 2405, चक्र टिन 2640, ब्लू 2440, आशीर्वाद मस्टर्ड 2530, स्वास्तिक 2625

**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150

**चावल**-( **प्रति कु0** ) डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 9000, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 9000, गौरी प्रीमियम 10800, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4350,लाडली 4200

**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10300-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी**–पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4260, रोज़ा 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम**– सोना पक्के आभूषण 150800, सोना गिन्नी 146800,चांदी (पक्की) 2360 (अनुमानित)

## हल्द्वानी मंडी

**दाम प्रति क्विंटल में**–

**चावल :** शरबती– 3600 मसूरी– 1300 बासमती– 7700-8000 परमल– 1400-3600

**दाल दलहन**–काला चना– 2000-3200 साबुत चना दाल– 1200 मूंग साबुत– 5400 राजमा– 7500-12600 दाल उड़द– 5400 साबुत मसूर दाल– 2200 मसूर दाल– 1000 उड़द साबुत– 10600 काबुली चना– 5200-10200 अरहर दाल– 10400 -12000 लोबिया/करमानी– 1700-3500

# मौद्रिक समीक्षा और पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच शेयर बाजार में रहेगा उतार-चढ़ाव

### विश्लेषक मान रहे कि बाजार की दिशा तय करने में कच्चे तेल की भूमिका रहेगी महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजार में इस सप्ताह उतार-चढ़ाव रहने की संभावना है, क्योंकि निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति संबंधी निर्णय, प्रमुख वैश्विक आर्थिक आंकड़ों और पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव पर नजर रख रहे हैं। विश्लेषकों की राय में कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी निवेशकों के निवेश का रुख भी बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगा।




जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि देश में इस समय भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक सबसे महत्वपूर्ण है। निवेशक महंगाई और आर्थिक वृद्धि पर केंद्रीय बैंक के रुख को ध्यान से देखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रमुख नीतिगत दर रेपो में फिलहाल बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से महंगाई का दबाव बना हुआ है। वहीं विनिर्माण गतिविधियों में सुस्ती के संकेत मिल रहे हैं। ऐसे में केंद्रीय बैंक के रुख और भविष्य के अनुमान पर नजर रहेगी। नायर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका के मार्च महीने के महंगाई आंकड़े भी महत्वपूर्ण होंगे, क्योंकि इससे वहां की मौद्रिक नीति और डॉलर की स्थिति पर असर पड़ेगा, जिसका प्रभाव भारत जैसे उभरते बाजारों पर भी पड़ सकता है।

- **कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से बना हुआ है महंगाई का दबाव**
- **कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से बना हुआ है महंगाई का दबाव**

पिछले सप्ताह में, बीएसई के बेंचमार्क सेंसेक्स में 263.67 अंक या 0.35 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि एनएसई निफ्टी 106.5 अंक या 0.46 प्रतिशत नुकसान में रहा।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि बाजार में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है, क्योंकि भू-राजनीतिक घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतों में बदलाव, विदेशी संस्थागत निवेशकों के प्रवाह और वैश्विक आर्थिक आंकड़े निवेशकों की धारणा को प्रभावित करते रहेंगे।

विश्लेषकों का मानना है कि यदि पश्चिम एशिया में तनाव कम होता है तो कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आती है तो बाजार को राहत मिल सकती है, जबकि तनाव बढ़ने की स्थिति में निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता कम हो सकती है और विदेशी निवेश पर दबाव बना रह सकता है।

## एफपीआई ने अप्रैल के पहले दो कारोबारी सत्रों में 19,837 करोड़ रुपये के शेयर बेचे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की भारतीय शेयर बाजार से निकासी का सिलसिला जारी है।अप्रैल के पहले दो कारोबारी सत्रों में ही उन्होंने 19,837 करोड़ रुपये (2.1 अरब डॉलर) के शेयर बेचे हैं। इसकी मुख्य वजह पश्चिम एशिया संघर्ष, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और रुपये में लगातार गिरावट को माना जा रहा है।

इससे पहले मार्च में एफपीआई ने घरेलू शेयर बाजार से करीब 1.17 लाख करोड़ रुपये (लगभग 12.7 अरब डॉलर) की रिकॉर्ड निकासी की थी। यह एफपीआई की निकासी की दृष्टि से सबसे खराब महीना था। वहीं एफपीआई ने फरवरी में शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये डाले थे, जो 17 माह का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, ताजा बिकवाली के बाद 2026 में अब तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारतीय शेयर बाजार से 1.5 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। एफपीआई ने अप्रैल के दो कारोबारी सत्रों में 19,837 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि युद्ध जारी रहने, कच्चे तेल के दाम के फिर से 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जाने, रुपये में लगातार गिरावट और डॉलर की मजबूती की वजह से एफपीआई की बिकवाली रिकॉर्ड स्तर पर है।

इसके अलावा युद्ध शुरू होने के बाद से रुपये में लगभग 4% की गिरावट आई है, और इसमें आगे और कमजोरी की आशंका से भी बिकवाली को बल मिल रहा है।

## आकर्षण बरकरार : मार्च में 38 कंपनियों ने आईपीओ के लिए सेबी के सौंपे दस्तावेज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कंपनियों के बीच आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को लेकर आकर्षण बरकरार है। एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट और मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज सहित 38 कंपनियों ने बीते मार्च माह में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आईपीओ के लिए शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। इससे पता चलता है कि कंपनियों के लिए धारणा बेहतर है। हालांकि, नियामकीय समयसीमा की वजह से भी इसमें बढ़ोतरी हुई है।

सेबी के आंकड़े बताते हैं कि मार्च, 2025 में 22 और मार्च, 2024 में 16 कंपनियों ने आईपीओ के लिए शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए थे। यह दर्शाता है कि सार्वजनिक निर्गम को लेकर आकर्षण कायम है। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों के मुताबिक, यह रफ्तार आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। आने वाले सप्ताहों में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूरसंचार इकाई जियो सहित कई बड़ी कंपनियां आईपीओ के लिए दस्तावेजों का मसौदा दायर करने की तैयारी कर रही हैं।

इनके अलावा सिंगापुर की सेम्बकॉर्प इंडस्ट्रीज की भारतीय




नवीकरणीय ऊर्जा इकाई, स्वीडन के मॉडर्न टाइम्स समूह की अनुषंगी प्लेसिंपल, टीपीजी समर्थित ऑनलाइन कर्ज देने वाला मंच फाइब और टाइगर ग्लोबल समर्थित बैटरीस्मार्ट भी जल्द ही आईपीओ दस्तावेज (डीआरएचपी) दाखिल कर सकती हैं।

सेबी के पास दस्तावेज जमा कराने वाली 38 कंपनियों में से जेटवर्क, एसएनवीए ट्रैवलटेक, रेडिफ.कॉम इंडिया, टोरेंट गैस, सिनर्जी एडवांस्ड मेटल्स, गरुड़ एयरोस्पेस और सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट समेत कुल नौ कंपनियों ने गोपनीय तरीके से आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए हैं। एक्सिस कैपिटल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 64 कंपनियों ने सेबी के पास दस्तावेज दाखिल किए हैं और वे मंजूरी का इंतजार कर रही हैं।

# स्वच्छ ऊर्जा, जल संरक्षण और जलवायु संतुलन पर फोकस

### वर्ष 2047 तक 70 प्रतिशत ऊर्जा गैर-जीवाश्म स्रोतों से, ग्रीन हाइड्रोजन हब की तैयारी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** योगी सरकार ने 'विकसित यूपी@2047' के तहत सतत एवं संतुलित विकास का व्यापक रोडमैप तैयार किया है। इस योजना में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु सहिष्णुता को केंद्र में रखते हुए प्रदेश को सतत विकास के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

ऊर्जा क्षेत्र में बड़े बदलाव के तहत वर्ष 2047 तक प्रदेश की कुल ऊर्जा क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन का हिस्सा 70 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है।

इसके लिए चरणबद्ध योजना के तहत वर्ष 2029-30 तक 29 प्रतिशत, 2035-36 तक 45 प्रतिशत और 2046-47 तक 70 प्रतिशत लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही रूफटॉप सोलर क्षमता बढ़ाने और बिजली वितरण में सुधार कर एटी एंड सी लॉस को 8-10 प्रतिशत तक सीमित करने की योजना है। प्रदेश में बुंदेलखंड, पूर्वांचल और पश्चिमी यूपी में ग्रीन हाइड्रोजन हब विकसित किए जाएंगे, जिससे उर्वरक, रिफाइनिंग और भारी उद्योगों को स्वच्छ ऊर्जा मिल सके। साथ ही औद्योगिक क्लस्टरों में स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर्स के जरिए परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भी निवेश आकर्षित करने की तैयारी है। अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित किए जाने के मॉडल को अन्य शहरों में भी लागू किया जाएगा।



### स्टेट एक्शन ऑन क्लाइमेट चेंज 2.0 लागू

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को संतुलित करने के उद्देश्य से स्टेट एक्शन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूपी एसएपीसीसी 2 .0) को लागू किया गया है, जो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। साथ ही वर्ल्ड बैंक समर्थित क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोग्राम के तहत राज्य में पीएम 2 .5 के स्तर को कम करने के लिए दस वर्षीय रोडमैप भी तैयार किया गया है।

### रोडमैप की मुख्य बातें

- 2047 तक 70 प्रतिशत ऊर्जा गैर-जीवाश्म स्रोतों से
- ग्रीन हाइड्रोजन हब तीन क्षेत्रों में विकसित होंगे
- रूफटॉप सोलर और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा
- एटी एंड सी लॉस 8-10 प्रतिशत तक सीमित करने का लक्ष्य
- नमामि गंगे के तहत जल संरक्षण और नदी पुनर्जीवन
- आपदा प्रबंधन के लिए रियल-टाइम डैशबोर्ड

### आपदा प्रबंधन को बनेगा रियल-टाइम डैशबोर्ड

पर्यावरण संरक्षण के तहत 'नमामि गंगे' कार्यक्रम को और मजबूत करते हुए नदियों के पुनर्जीवन, सीवेज प्रबंधन और जल संरक्षण पर जोर दिया जा रहा है। वहीं आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए बहु-आपदा जोखिम डेटा प्लेटफॉर्म और रियल-टाइम डैशबोर्ड विकसित किया जाएगा, जिसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से जोड़ा जाएगा।

### इनविट में निवेश दोगुना करेगी आईआईएफसीएल


**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) अपनी निवेश विविधीकरण रणनीति के तहत चालू वित्त वर्ष में अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) में अपना निवेश दोगुना कर 6,000 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। आईआईएफसीएल का 31 मार्च, 2026 तक नौ इनविट में कुल निवेश 3,000 करोड़ रुपये था।

## मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर को यथावत रखेगा आरबीआई : अर्थशास्त्री


**मुंबई, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संकट की वजह से मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका के चलते भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अप्रैल की अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में मुख्य नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रख सकता है।

अर्थशास्त्रियों ने यह अनुमान जताया है। एक दर्जन से अधिक अर्थशास्त्रियों के बीच किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव, जिंस कीमतों में अस्थिरता और मुद्रा के तेज उतार-चढ़ाव ने नीतिगत परिदृश्य को जटिल बना दिया है। ऐसे में वृद्धि दर, मुद्रास्फीति पर आरबीआई के अनुमान और नीतिगत रुख पर गहरी नजर रहेगी। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के इर्द-गिर्द अनिश्चितता को देखते हुए, आरबीआई द्वारा अप्रैल की नीति में यथास्थिति बनाए रखने और कोई भी अगला कदम उठाने से पहले मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर विचार करने की संभावना है।

एसबीआई के मुख्य अर्थशास्त्री सौम्य कांति घोष ने कहा कि दरों को स्थिर रखने की घोषणा करते समय आरबीआई अपनी टिप्पणी में काफी सावधानी बरतेगा। भारत मौजूदा संकट से अछूता नहीं है। रुपया पहले ही 93 प्रति डॉलर के ऊपर बना हुआ है और कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर है, जिससे मुद्रास्फीति बढ़ी है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम







## जुबिन की तरह लोगों को एक करती है कांग्रेस : राहुल गांधी

**गोलाघाट (असम), एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी की विचारधारा प्रसिद्ध संगीतकार जुबिन गर्ग जैसी है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन असम को एकजुट करने में लगाया। असम के विश्वनाथ और गोलाघाट जिलों में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा भारत के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं और राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गांधी ने कहा कि जुबिन गर्ग ने अपना पूरा जीवन असम के लोगों को एकजुट करने में लगाया, उन्होंने कभी किसी के साथ गलत व्यवहार नहीं किया। कांग्रेस की विचारधारा भी ऐसी ही है, नफरत के खिलाफ प्यार फैलाने की।उन्होंने आरोप लगाया कि शर्मा



के नेतृत्व वाली राज्य की भाजपा सरकार लोगों और समुदायों के बीच नफरत फैलाने का काम कर रही है। आरोप लगाया कि शर्मा, प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मिलकर एक लैंड एटीएम बना रहे हैं। जनता की जमीन छीनकर कुछ बड़े उद्योगपतियों को दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सिर्फ शर्मा ही नहीं, बल्कि उनके परिवार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की भी जांच की जाएगी।

# चाय श्रमिकों को लुभाने में जुटे राजनीतिक दल

### काम गिनाकर नये वादे कर रही भाजपा तो कांग्रेस ने बदलावों को सिरे से नकारा

**गुवाहाटी, एजेंसी**

असम में विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दल प्रभावशाली चाय बागान श्रमिकों का समर्थन हासिल करने के प्रयासों को तेज कर रहे हैं, जो एक ऐसा मतदाता समूह है जो दर्जनों निर्वाचन क्षेत्रों में परिणामों को तय कर सकता है। चाय बागानों में करीब 35 लाख ऐसे मतदाता हैं जिनका मुख्यतः पूर्वी असम के 35 से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में दबदबा है तथा वे असम की 126 सदस्यीय विधानसभा की कम से कम दस और सीटों के चुनाव नतीजे पर भी असर डाल सकते हैं।

अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा, अधिक दिहाड़ी और भू-अधिकार समेत उनकी पुरानी मांगें एक बार फिर राजनीतिक चर्चा का केंद्र बन गई हैं। सत्ताधारी भाजपा ने पिछले एक दशक में किए गए अपने कल्याणकारी कार्यों को प्रमुखता से लोगों के सामने रखा है। दावा है कि चाय बागान श्रमिकों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पार्टी ने विशेष रूप से चाय बागानों के भीतर भू- अधिकार प्रदान करने के कदम पर बल दिया है।



चाय बागान में श्रमिकों के साथ केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान।

भाजपा चाय मोर्चा के अध्यक्ष दुलेन नायक ने स्कूलों, सड़कों और कल्याणकारी योजनाओं जैसी पहलों का हवाला देते हुए कहा कि समुदाय को अब द्वितीय श्रेणी के नागरिक के रूप में नहीं माना जाता। शिक्षा से लेकर बुनियादी ढांचे तक, ठोस प्रगति हुई है। भाजपा ने पुनः सत्ता में आने पर चरणबद्ध तरीके से मजदूरी बढ़ाकर 500 रुपये करने का वादा किया है। वहीं, विपक्षी कांग्रेस ने तर्क दिया कि सुधारों से जमीनी स्तर पर कोई सार्थक बदलाव नहीं आया है। असम चाय मजदूर आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष अतुवा मुंडा ने भूमि अधिकार पहल को सतही बताकर खारिज कर दिया।

## बंगाल चुनावः ममता ने बहरामपुर में मार्च निकाला



**बहरामपुर (पश्चिम बंगाल), एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी का गढ़ माने जाने वाले बहरामपुर शहर में रविवार को एक मार्च का नेतृत्व किया। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख मुर्शिदाबाद जिला मुख्यालय की संकरी गलियों से गुजरीं जहां लोग मुख्यमंत्री की एक झलक पाने के लिए खड़े थे। इस दौरान बनर्जी ने लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया और कुछ लोगों से हाथ मिलाया। गिरजा मोड़ से खगरा चौरास्ता तक 1.6 किलोमीटर लंबे मार्ग पर तृणमूल कांग्रेस के झंडे लहरा रहे थे।

तृणमूल कांग्रेस ने चौधरी और निवर्तमान भाजपा विधायक सुब्रत मैत्रा का मुकाबला करने के लिए बहरामपुर में नारू गोपाल मुखर्जी को चुनावी मैदान में उतारा है।

## भाजपा घुसपैठियों के खिलाफ है, मुस्लिमों के नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने असम व पश्चिम बंगाल में पार्टी की चुनावी संभावनाओं पर विश्वास व्यक्त करते हुए रविवार को कहा कि भाजपा घुसपैठियों का विरोध करती है न कि वह मुस्लिमों के खिलाफ है। असम में विधानसभा चुनाव नौ अप्रैल को होने हैं, जबकि पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान होगा और मतगणना चार मई को होगी।

डकरी ने साक्षात्कार में कहा कि मुझे पूरा



विश्वास है कि हम असम और पश्चिम बंगाल दोनों में जीतेंगे। भाजपा की नीति है कि धार्मिक पहचान से परे सभी को साथ लेकर चला जाए। हम घुसपैठियों के खिलाफ हैं, मुसलमानों के नहीं। पार्टी के विकास एजेंडे पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे में निवेश और शासन-केंद्रित दृष्टिकोण भाजपा की चुनावी रणनीति के प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने कहा, "असम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र में लगभग पांच लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है।

- **पकेंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा- असम और पश्चिम बंगाल में उज्ज्वल संभावनाएं**

## विस चुनावों के दौरान पकड़ी गयी 650 करोड़ रुपये की नकदी और शराब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि चार चुनावी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में प्रवर्तन अधिकारियों ने मतदाताओं को लुभाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली 650 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध नकदी, मादक पदार्थ और शराब जब्त की है। आयोग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल से 319 करोड़ रुपये की अवैध नकदी, मादक पदार्थ, शराब और मूल्यवान धातुएं जब्त की गई हैं। इसके बाद तमिलनाडु का स्थान है जहां 170 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। शिकायतों का निपटारा 100 मिनट के भीतर सुनिश्चित करने के लिए 5,173 से अधिक उड़न दस्तों को तैनात किया गया है। आयोग के अनुसार, विभिन्न स्थानों पर अचानक नाकेबंदी करने के लिए 5,200 से अधिक स्थिर निगरानी दल (एसएसटी) भी तैनात किए गए हैं। केरल, असम और पुडुचेरी में नौ अप्रैल को मतदान होगा, जबकि पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान होना है।

### पुडुचेरी में नौ और तमिलनाडु में 23 को अवकाश घोषित

**चेन्नई, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने तमिलनाडु में मतदान के दिन 23 अप्रैल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में नौ अप्रैल को सवैतनिक अवकाश की घोषणा की है। आयोग के अनुसार, मतदान के दिन सभी कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश दिया जायेगा। यह नियम किसी भी व्यवसाय या औद्योगिक उपक्रम में काम करने वाले हर व्यक्ति पर लागू होगा। वे सभी मतदाताओं को मिलेगी, जो चुनाव में वोट डालने के हकदार हैं।

## द्रमुक का घोषणापत्र '2026 चुनाव का सुपरस्टार' है : स्टालिन

**विरुधुनगर, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के चुनाव घोषणापत्र को 2026 के चुनाव का सुपरस्टार बताते हुए कहा कि वादे तो कोई भी कर सकता है, लेकिन जनता भरोसा सिर्फ उनकी पार्टी के वादों पर करती है। यहां धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन (एसपीए) की एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए द्रमुक अध्यक्ष स्टालिन ने कहा कि छह से 60 वर्ष की आयु तक महिलाओं से लेकर पुरुषों तक, युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक- हर कोई द्रमुक के चुनावी घोषणापत्र को पसंद करता है। ऐसा कोई हो ही नहीं सकता जो इसे नापसंद करे। उन्होंने यहां एकत्रित लोगों से कहा कि मैंने इसे 2026 के चुनाव के सुपरस्टार के रूप में पेश किया है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि किसी वादे की विश्वसनीयता इस बात पर निर्भर करती है कि उसे कौन करता है। उन्होंने कहा कि लोग केवल द्रमुक के वादे पर ही विश्वास करते हैं।

# ईरान युद्ध से अमेरिका में बढ़ी महंगाई अमेजन वसूल करेगी ईंधन अधिभार

## एयरलाइन कंपनियों ने शुल्क बढ़ाया, डाक सेवा पर 8% अधिभार लगेगा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

ईरान के खिलाफ युद्ध ने अमेरिकियों को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने अपनी डिलीवरी पर ईंधन अधिभार की घोषणा की है, इसके साथ कुछ एयरलाइन कंपनियों ने भी ईंधन की ऊंची लागत की भरपाई के लिए चेक इन बैगेज पर शुल्क बढ़ा दिया है।

इस बीच अमेरिका में पेट्रोल की औसत कीमत शुक्रवार को 4.09 अमेरिकी डॉलर प्रति गैलन पर पहुंच गई है। यह युद्ध से ठीक पहले की तुलना में एक डॉलर से अधिक है और अगस्त 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। डीजल की लागत भी पिछले साल के 3.64 डॉलर प्रति गैलन से बढ़कर शुक्रवार को 5.53 डॉलर प्रति गैलन हो गई है। ये आंकड़े अमेरिकी परिवहन संघ ने जारी किए हैं।

डीजल का अन्य उद्योगों के अलावा व्यापक रूप से कृषि, निर्माण और परिवहन क्षेत्र में इस्तेमाल किया जाता है। अमेजन ने यह भी कहा कि वह 17 अप्रैल से तीसरा पक्ष विक्रेताओं पर 3.5 प्रतिशत ईंधन अधिभार जोड़ने की योजना बना रही है। अमेरिकी डाक सेवा ने बुधवार को कहा कि वह अस्थायी रूप से आठ प्रतिशत का ईंधन अधिभार लगाने की कोशिश कर रही है।




अमेरिकी में कुछ ही दिन पहले महंगाई और ईरान युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किए गए थे।

### विशेषज्ञों ने जताई आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने की आशंका

माना जा रहा है कि अगर ईरान के खिलाफ युद्ध लंबा खिंचता है तो यह अमेरिका में आपूर्ति श्रृंखला में भी व्यवधान पैदा करेगा। न्यूयॉर्क की विश्लेषक रैशल जिएम्बा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि अमेरिका इससे बच पाएगा। ये वैश्विक बाजार है। वाशिंगटन पोस्ट ने जिएम्बा के हवाले से लिखा, एक सप्ताह पहले भी विशेषज्ञ चिंतित थे, अब उनकी चिंता और बढ़ गई है। शिकॉगो के फेडरल रिजर्व बैंक के अध्यक्ष ऑस्टन गूल्सबी ने कहा, अगर परिवहन लागत बढ़ना शुरू होती है तो यह अन्य कीमतों पर भी असर दिखाएगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह निकट भविष्य में उपभोक्ताओं पर इसके असर को महसूस किया जाएगा। हालांकि लोग पहले से ही जीवनयापन की बढ़ती लागत को लेकर चिंतित हैं।

### पाकिस्तान में संकट, शहबाज ने की समीक्षा

**लाहौर।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में पेट्रोलियम उत्पादों पर दी जा रही सब्सिडी के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें सब्सिडी वितरण की स्थिति के साथ देश में ईंधन भंडार और खपत के बारे में भी जानकारी दी गई। शहबाज शरीफ ने कहा कि किराए में बढ़ोतरी रोकने के लिए यात्री बसों को प्रति माह 1 लाख रुपये, मिनी बसों और वैगनों (मालवहक वाहन) को 40 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है।

## ईरान में परमाणु दुर्घटना हुई तो पीढ़ियां तबाह हो जाएंगी : डब्ल्यूएचओ

- संगठन के महासचिव ने कहा- ये हमले एक भयावह चेतावनी



**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने रविवार को कहा कि ईरान ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को सूचित किया है कि रविवार सुबह बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परिसर के पास एक प्रक्षेपास्त्र गिरा, जो हाल के हफ्तों में इस तरह की चौथी घटना है। उन्होंने कहा कि ईरान ने आईएईए को यह भी बताया कि प्रक्षेपास्त्र के एक टुकड़े से संयंत्र के सुरक्षा कर्मचारियों में से एक की मौत हो गई। घेब्रेयेसस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं ईरान में परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंता व्यक्त कर रहा हूं। बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र से जुड़ी हालिया घटना एक भयावह चेतावनी है क्योंकि एक छोटा सा हमला भी परमाणु दुर्घटना को जन्म दे सकता है जिसके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पीढ़ियों को तबाह कर देंगे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### वैश्विक रिकॉर्ड टूटा ईरान में 37 दिनों से इंटरनेट बंद

**तेहरान।** ईरान में इंटरनेट बंदी ने अब तक के सभी वैश्विक रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इंटरनेट की निगरानी करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था ''नेटब्लॉक्स'' की ताजा रिपोर्ट के अनुसार ईरान में जारी इंटरनेट ब्लैकआउट अब तक किसी भी देश में दर्ज की गई दुनिया की सबसे लंबी राष्ट्रव्यापी इंटरनेट बंदी बन गई है। नेटब्लॉक्स के मुताबिक, ईरान में इंटरनेट सेवाओं को बंद हुए लगातार 37 दिन (864 घंटे) बीत चुके हैं। गंभीरता और समय सीमा के मामले में इसने दुनिया की ऐसी अन्य सभी घटनाओं को पीछे छोड़ दिया है। ईरान में यह सख्त कदम वहां उपजे गंभीर सुरक्षा हालात और राजनीतिक अस्थिरता के बीच उठाया गया है।

### बांग्लादेश : देश में खसरे की लहर, आपात टीकाकरण शुरू किया

**ढाका।** बांग्लादेश में खसरे के संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, इससे अस्पतालों के बाल रोग वार्डों पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। बड़ी संख्या में बच्चे बुखार, सांस लेने में तकलीफ और पूरे शरीर पर चकत्तों जैसे लक्षणों के साथ अस्पताल पहुंच रहे हैं। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, कई स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आइसोलेशन यूनिट खोले गए हैं, ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके और मरीजों का बेहतर प्रबंधन किया जा सके। इस प्रकोप से निपटने के लिए रविवार से खसरा-रूबेला (एमआर) का आपात टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है।

## होर्मुज से निकासी बनी बड़ा संकट

### भारत के जहाज

ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच जारी युद्ध में बढ़ते तनाव के दौरान ईरान की ओर से होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिए जाने से पूरी दुनिया के साथ भारत पर इसके काफी गंभीर प्रभाव दिखाई दे रहे हैं। युद्ध के बीच भारत के कुछ तेल टैंकर इस समुद्री मार्ग से गुजरे जरूर हैं लेकिन इससे बहुत ज्यादा राहत नहीं मिली है, साथ ही ईरान और अमेरिका के बीच तनाव और बढ़ने के साथ अनिश्चितता का साया लगातार और गहरा होता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक तरफ होर्मुज न खोलने पर ईरान के ऊर्जा ठिकानों और बिजली संयंत्रों पर बम बरसाने की चेतावनी दी है तो दूसरी तरफ ईरान समर्थित यमन के हूती विद्रोहियों ने बाब अल मंडेब जलडमरूमध्य को भी बंद कर देने की धमकी दी है। कहा जा रहा है कि यह समुद्री मार्ग भी बंद कर दिया गया तो वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दोहरी मार पड़ेगी और भारत भी इसकी चपेट में आएगा। इसके परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं।



### भारत की मुख्य समस्याएं

- भारत जरूरत का बड़ा हिस्सा होर्मुज से आयात करता है। यहां से आपूर्ति बाधित होने से कच्चे तेल, एलपीजी और विमान ईंधन की कीमतों में भारी उछाल आया है।
- सड़क निर्माण में इस्तेमाल होने वाले बिटुमेन और अन्य पेट्रोकेमिकल उत्पादों की कमी हो गई है, जिससे देश में कई इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की लागत बढ़ गई है।
- जहाजों का बीमा महंगा हो गया है, माल ढुलाई की दरें रिकॉर्ड स्तर पर हैं। फारस की खाड़ी में 15-16 भारतीय जहाज और करीब 485 भारतीय नाविक फंसे हुए हैं।

### युद्ध से पहले और बाद में

- युद्ध से पहले इस मार्ग से हर महीने भारत के सैकड़ों जहाज गुजरते थे। यह मार्ग दुनिया के तेल व्यापार का 20% और भारत की ऊर्जा जरूरतों का 60-70% हिस्सा संभालता था।
- युद्ध शुरू होने के बाद यह यातायात लगभग 95% तक गिर गया है। शिपिंग डेटा के अनुसार, युद्ध के बीच अब तक 8 भारतीय जहाज ही इस जलडमरूमध्य को पार कर पाए हैं।

### दूसरे देशों पर प्रभाव

- ब्रेंट क्रूड की कीमतें 125 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गई हैं, जो 1970 के दशक के बाद सबसे बड़ा ऊर्जा संकट माना जा रहा है।
- वियतनाम, थाईलैंड जैसे देशों में ईंधन की भारी किल्लत और राशनिंग शुरू हो गई है। यूरोप में बिजली-हीटिंग का संकट

उर्वरक उत्पादन के लिए जरूरी गैस की आपूर्ति रुकने से अफ्रीकी देशों में खाद्य संकट बढ़ने लगा है। कई और देश संकट में घिर सकते हैं।

### बाब-अल-मंडेब बंद भी हुआ तो

- यह जलडमरूमध्य लाल सागरऔर अदन की खाड़ी को जोड़ने वाला सबसे व्यस्त समुद्री मार्ग है जहां से दुनिया का 12-15% वैश्विक व्यापार और कच्चे तेल की सप्लाई होती है।
- यह मार्ग बंद हुआ तो जहाजों को अफ्रीका के दक्षिण से केप ऑफ गुड होप होकर जाना पड़ेगा। इससे यात्रा में 9,000 किमी की दूरी और 14 से 21 दिन का समय बढ़ जाएगा।
- शिपिंग लागत में 50 70% तक वृद्धि का अनुमान है। आशंका है कि वार रिस्क इंश्योरेंस इतना महंगा हो जाएगा कि कई कंपनियां इस रूट पर जहाज चलाना बंद कर देंगी।

### भारत को छूट

ईरान ने भारत को मित्र राष्ट्र की श्रेणी में रखा है क्योंकि भारत के ईरान के साथ ऐतिहासिक और कूटनीतिक संबंध रहे हैं। साथ ही, चाबहार पोर्ट जैसे प्रोजेक्ट्स के कारण दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी है। ईरान के विदेश मंत्री ने स्पष्ट किया है कि यह मार्ग दुश्मनों के लिए बंद है, लेकिन भारत, चीन और रूस जैसे देशों के जहाजों को विशेष समन्वय के तहत निकलने की अनुमति दी जा रही है।

# निर्वाचन आयोग ही यदि स्वतंत्र न हो तो नहीं हो सकते निष्पक्ष चुनाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस नागरत्ना का पटना के विधि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को संबोधन
- कहा- सत्ता को नियंत्रित करने वाली संरचना को चौथे स्तंभ पर भी देना होगा ध्यान

सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने निर्वाचन आयोग को चुनावों को निष्पक्ष बनाए रखने वाली प्रमुख संस्था बताते हुए कहा कि यदि चुनाव संचालित करने वाले लोग ही उम्मीदवारों पर निर्भर हों तो चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित नहीं की जा सकती।उन्होंने पटना के चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में राजेंद्र प्रसाद स्मृति व्याख्यान देते हुए मतदान प्रक्रिया की निगरानी करने वाली संस्थाओं की संरचनात्मक स्वतंत्रता को लेकर गंभीर चिंता जताई।

उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के 1995 के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा, एक बार फिर यह संरचनात्मक चिंता है कि यदि चुनाव संचालित करने वाले ही चुनाव लड़ने वालों पर निर्भर हों तो प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित नहीं की जा सकती। न्यायालय ने 1995 के इस फैसले में निर्वाचन आयोग को एक अत्यंत महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था करार दिया था। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि चुनाव केवल समय-समय पर होने वाली घटनाएं नहीं हैं, बल्कि वे प्रक्रियाएं हैं जिनके माध्यम से सरकार का गठन होता है। उन्होंने कहा, हमारी संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था ने प्रदर्शित किया है कि समय पर चुनाव होने से सरकारों का सुचारू रूप से परिवर्तन संभव हुआ है। इस प्रक्रिया पर नियंत्रण, राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की शर्तों पर नियंत्रण के समान है।

उन्होंने कहा कि सत्ता केवल औपचारिक संस्थाओं के जरिए से नहीं, बल्कि उन प्रक्रियाओं के जरिए भी संचालित होती है जो उन्हें बनाए रखती हैं, जैसे चुनाव, सार्वजनिक वित्त और विनियमन। सत्ता को नियंत्रित करने वाली संवैधानिक संरचना को चौथे स्तंभ जैसी संस्थाओं पर भी ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि ये संस्थाएं भले ही पारंपरिक तीन स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में न आती हों, लेकिन संवैधानिक व्यवस्था बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

### जस्टिस नागरत्ना की चिंता...

- यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि चुनाव आयोग और कैग जैसी संवैधानिक संस्थाएं स्वतंत्र रूप से कार्य करें और राजनीतिक प्रक्रियाओं से प्रभावित न हों।
- चुनाव प्रक्रिया पर नियंत्रण राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की शर्तों को नियंत्रित करने जैसा है। यदि ये प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं हो तो लोकतंत्र की नींव कमजोर हो जाएगी।
- संवैधानिक विफलता केवल तब नहीं होती जब अधिकार छीन लिए जाएं, तब भी होती है जब संस्थाएं एक-दूसरे पर अंकुश लगाना बंद कर दें।
- भले ही अदालतें चल रही हों और संसद कानून बना रही हो, लेकिन अगर देश में संस्थागत अनुशासन खत्म हो गया तो सत्ता बेलगाम हो जाती है।

जस्टिस बीवी नागरत्ना वरिष्ठता के आधार पर सितंबर 2027 में भारत की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनने वाली हैं। उनकी यह टिप्पणी वर्तमान राजनीतिक माहौल में संस्थागत स्वतंत्रता की रक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।




## लंदन में हिंदू ग्रंथ शिक्षापत्री का द्विशताब्दी समारोह

**लंदन।** ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के बोडलियन पुस्तकालय ने विश्व के सबसे महत्वपूर्ण और दुर्लभ हिंदू धर्मग्रंथों में से एक शिक्षापत्री की 200वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पूरे ब्रिटेन में एक ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत की है। पांडुलिपि की यात्रा इसकी रचना के 200 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष के प्रारंभ में शुरू हुई। इस पांडुलिपि को स्वामीनारायण पंथ के नेताओं के सहयोग से देश भर के प्रमुख मंदिरों में ले जाया जाएगा ताकि अनुमानित तौर पर 20,000-30,000 लोग इस पवित्र ग्रंथ का दर्शन कर सकें। गुजरात के वडताल में सहजानंद स्वामी-भगवान स्वामीनारायण द्वारा 1826 में रचित शिक्षापत्री नैतिक और आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में काम करती है।

## पाकिस्तान का दावा- अफगानिस्तान में टीटीपी के 800 आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने रविवार को दावा किया कि उसके सुरक्षा बलों द्वारा अफगानिस्तान में शुरू किए गए अभियान के दौरान अफगान तालिबान के करीब 800 आतंकवादी मारे गए हैं।

सूचना मंत्री अत्ताउल्ला तरार ने 'ऑपरेशन गजब लिल-हक' के संबंध में साझा करते हुए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और अफगान तालिबान को हुए नुकसान का ब्योरा दिया। टीटीपी को फितना अल ख्वारिज (एफएके) भी कहा जाता है, तरार ने कहा कि अभियान शुरू होने के बाद से फितना अल ख्वारिज और अफगान तालिबान के कम से कम 796 सदस्य मारे गए हैं तथा 1,043 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

उन्होंने कहा कि अफगान तालिबान की 286 चौकियां नष्ट कर दी गईं और 44 अन्य चौकियों पर कब्जा कर लिया गया जबकि उनके 249 टैंक, बख्तरबंद वाहन, तोपें और ड्रोन नष्ट कर दिए गए। 'ऑपरेशन गजब लिल-हक' 26 फरवरी की रात शुरू किया गया था। पाकिस्तान का कहना था कि सीमा पार से अफगान तालिबान की ओर से बिना उकसावे के की गई गोलीबारी के बाद यह ऑपरेशन शुरू किया गया।

तरार ने कहा कि सेना ने अफगानिस्तान में 81 आतंकवादियों और उनका समर्थन देने वाले ठिकानों को भी हवाई कार्रवाई के जरिये प्रभावी ढंग से निशाना बनाया।

## नेपालः आरएसपी के नेता आर्यल चुने गए संसद अध्यक्ष



**काठमांडू।** नेपाल में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के नेता डोल प्रसाद आर्यल रविवार को संसद के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने रविवार दोपहर अपने कार्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में संसद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आर्यल को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। संसद सचिवालय की ओर से जारी एक सूचना के अनुसार, आरएसपी के उपाध्यक्ष आर्यल संघीय संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के सदस्यों की बैठक में निर्विरोध चुने गए। आरएसपी के अध्यक्ष एवं सांसद रवि लामिछाने ने आर्यल को अध्यक्ष निर्वाचित किए जाने का प्रस्ताव पेश किया था।

## ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए रोजगार का रास्ता आसान करेगी तेलंगाना सरकार

**हैदराबाद, एजेंसी**

- ड्रोन उड़ाने, होटल प्रबंधन और कार चलाने की दी जाएगी ट्रेनिंग

तेलंगाना सरकार ने एक कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके तहत ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को ड्रोन उड़ाने, होटल प्रबंधन और कार चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सरकार ने शनिवार को इस कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए समाज में सम्मान और गरिमा के साथ जीवन जीने के लिए कई पहल करने का दावा किया।

राज्य के दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक एवं ट्रांसजेंडर सशक्तिकरण मंत्री ए. लक्ष्मण कुमार ने उद्घाटन कार्यक्रम में कहा कि सरकार ने ट्रांसजेंडर समुदाय के सामने लंबे समय से मौजूद सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों को गंभीरता से लिया है। सरकार ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जिससे वे आर्थिक आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान हासिल कर सकें। इस कार्यक्रम के तहत 50 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को कार चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उन्हें चालक के रूप में नौकरी पाने और स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके अलावा, यहां 25 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को होटल प्रबंधन और कैंटीन शेफ का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उन्हें होटल, रेस्तरां और कैटरिंग संस्थानों में रोजगार मिल सके।

कहा गया है कि 16 ट्रांसजेंडरों को बेगमपेट में ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। ड्रोन तकनीक कृषि, सर्वेक्षण और उद्योग जैसे क्षेत्रों में मांग में है। तीनों कार्यक्रमों के तहत कुल 91 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिस पर 17.72 लाख रुपये खर्च होंगे।

## छत्तीसगढ़ में 4.4 तीव्रता के भूकंप के झटके, नुकसान नहीं

**जगदलपुर/रायपुर।** छत्तीसगढ के बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में शनिवार देर रात भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। देर रात 11:32 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.4 मापी गई है और इसकी गहराई लगभग पांच किलोमीटर बताई जा रही है।

भूकंप का केंद्र ओडिशा के कोरापुट क्षेत्र में रात 11:31 बजे दर्ज किया गया, जिसके असर से छत्तीसगढ़ के दक्षिणी हिस्सों सहित जगदलपुर और आसपास के क्षेत्रों में हल्के झटके महसूस किए गए। अंतरराष्ट्रीय भूकंपीय आंकड़ों के अनुसार हाल के समय में दक्षिण एशिया क्षेत्र में हल्की से मध्यम तीव्रता के भूकंप दर्ज किए जा रहे हैं।

एक रिपोर्ट में नेपाल क्षेत्र के पास भी भूकंपीय गतिविधि दर्ज की गई, जिसमें झटकों का केंद्र काकीनाडा से 179 किमी उत्तर, राजमुंद्री से 192 किमी उत्तर-उत्तरपूर्व, ब्रह्मपुर से 249 किमी पश्चिम-दक्षिणपश्चिम तथा रायपुर से लगभग 313 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व दिशा में बताया गया। इससे संकेत मिलता है कि भारतीय प्लेट और आसपास के क्षेत्रों में भूगर्भीय हलचल बनी हुई है।

## ईरान युद्ध लंबा खिंचा तो यूक्रेन को नहीं मिलेगी अमेरिकी मदद

**इस्तांबुल।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने चिंता जताई है कि अगर अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध लंबा खिंचता है तो इससे यूक्रेन के प्रति अमेरिका का समर्थन और कम हो सकता है, क्योंकि वाशिंगटन की वैश्विक प्राथमिकताएं बदल रही हैं और कीव को बेहद जरूरी पैट्रियट वायु रक्षा मिसाइलों की आपूर्ति घटने की आशंका है।

जेलेंस्की ने शनिवार देर रात इस्तांबुल में एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि यूक्रेन को रूस के रोजाना हमलों का मुकाबला करने के लिए अमेरिका निर्मित पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली की सख्त जरूरत है। चार साल से अधिक समय पहले शुरू हुए रूस के आक्रमण के बाद से शहरी इलाकों पर लगातार हमलों में हजारों नागरिक मारे गए हैं। रूस ने यूक्रेन की ऊर्जा आपूर्ति को भी निशाना बनाया है, ताकि वहां ड्रोन और मिसाइलों के उत्पादन को बाधित किया जा सके और सर्दियों में लोगों को बिजली व पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित किया जा सके।

**बड़ी कामयाबी** | आईआईटी गुवाहाटी ने विकसित की तकनीक, निर्माण कार्यों में विश्वस्तर पर हो रहा इस्तेमाल

# भूकंपरोधी दीवारों के निर्माण के लिए 3डी तकनीक विकसित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईआईटी गुवाहाटी के अनुसंधानकर्ताओं ने 3डी-प्रिंटर मशीन के जरिए भूकंप रोधी कंक्रीट की दीवार बनाने की तकनीक विकसित की है। श्रम और सामग्री की आवश्यकता को समाप्त करके अधिक जटिल आकृतियों वाली संरचनाएं बनाने में सक्षम करने वाली 3डी प्रिंटिंग को निर्माण कार्य में विश्व स्तर पर अपनाया जा रहा है।



दुनिया भर में '3डी प्रिंटर' मशीन से तैयार इमारतों के निर्माण में कुछ महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, लेकिन भूकंप संभावित क्षेत्रों में इनका व्यापक उपयोग नहीं हो पाया है। यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग के सहायक प्रोफेसर बिरंची पांडा के अनुसार, इसका एक कारण यह है कि पूरी तरह 3डी प्रिंटर के जरिए बनाई गई कंक्रीट की दीवारों के भूकंप के कई झटकों के दौरान प्रदर्शन के बारे में सीमित ज्ञान और समझ है। पांडा ने कहा, वर्तमान में 3डी प्रिंटर के जरिए दीवारों के बीच स्टील डालने के लिए कोई मानक प्रक्रिया नहीं है जो मौजूदा भवन संहिता के अनुरूप हो। इस कमी को दूर करने के लिए हमने भूकंपीय बल की दशा में 3डी प्रिंटर से तैयार सामग्री से बनी तीन पूर्ण आकार की दीवारों का निर्माण करके उसका परीक्षण किया। यह शोध जर्नल ऑफ बिल्डिंग इंजीनियरिंग में प्रकाशित हुआ है।

### कंप्यूटर सिमुलेशन के जरिए किया परीक्षण

3डीपीसी-सीएफ और 3डीपीसी-सीएफआर दीवारों की मजबूती और वास्तविक दुनिया में इनकी उपयोगिता का परीक्षण करने के लिए शोध दल ने बार-बार झटका या बल उत्पन्न करके 'कंप्यूटर सिमुलेशन' के समर्थन से उनके व्यवहार का बड़े पैमाने पर परीक्षण किया। परिणामों से पुष्टि हुई कि विशेष लचकदार कंक्रीट का उपयोग करके 3डी-प्रिंटर से बनी दीवारों में स्टील सुदृढीकरण को शामिल करने से उनकी भूकंप प्रतिरोधकता में उल्लेखनीय सुधार हुआ जो इन्हें सुरक्षित और संरचनात्मक रूप से विश्वसनीय विनिर्माण प्रथाओं के विकास के लिए उपयुक्त बनाता है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज कार्यस्थल पर जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। कोई भी कदम सोच-समझकर उठाएं। धन लाभ के प्रबल योग हैं।

**वृष** – आज परिवार में सौहार्द रहेगा। निवेश या संपत्ति के मामलों पर सोच-विचार करना लाभदायक रहेगा।

**मिथुन** – आज व्यवसायियों को काफी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। संचार कार्यों में सफलता मिलेगी। दोस्तों से सहायता प्राप्त होगी।

**कर्क** – आज भावनात्मक संतुलन आवश्यक है। घर-परिवार में समय बिताएं। स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखें।

**सिंह** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रतिष्ठा और मान-सम्मान मिलेगी। अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**कन्या** – आज व्यापार और कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान मिलेगा। निर्णय स्पष्ट और स्थिर होंगे। छोटी दूरी की यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

**तुला** – आज चंद्र प्रभाव सकारात्मक रहेगा। संवाद और सौहार्द बढ़ेगा। अनुकूल अवसर प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक** – आज आपकी निर्णय क्षमता उत्कृष्ट रहेगी। बनाई गईं योजनाएं सफल होंगी। व्यापार में नए अवसर प्राप्त होंगे।

**धनु** – आज की गई यात्रा शुभ रहेगी। शिक्षा-धार्मिक कार्यों में प्रगति होगी। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।


**मकर** – आज आपके करियर में स्थिरता रहेगी। वरिष्ठों का भरपूर समर्थन मिलेगा। लाभ की संभावनाएं मजबूत होंगी।

**कुंभ** – आज का दिन अत्यधिक व्यस्तता में व्यतीत होगा। रणनीति और बुद्धिमत्ता से कार्य सिद्ध होंगे। सामाजिक प्रगति के योग हैं।

**मीन** – आज नए आरंभ और रचनात्मक कार्य शुभ रहेगा। धनलाभ की स्थितियां बनेंगी। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 6 अप्रैल, सोमवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी 14.10 तक तत्पश्चात पंचमी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-अनुराधा 7 अप्रैल 02.57 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

### सुडोकू - 110 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 1 | 5 | 3 | 7 | 4 | 8 | 6 |
| 3 | 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 1 | 5 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 3 | 9 |
| 7 | 4 | 8 | 9 | 6 | 3 | 1 | 5 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 3 | 7 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 5 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 6 | 4 | 3 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 |

### सुडोकू -111

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 1 | | | | 2 | |
| 7 | | 4 | | 2 | | 1 | | 6 |
| | | 6 | | | 3 | | 9 | |
| | 2 | 1 | | 4 | | 5 | | |
| | | | | | | | | |
| | | 7 | | 8 | | 6 | 4 | |
| | 7 | | 5 | | | 8 | | |
| 5 | | 3 | | 1 | | | | 7 |
| | 6 | | | | 9 | | | 4 |



राजस्थान रॉयल्स की गुजरात टाइटंस पर रोमांचक जीत के दौरान डेथ ओवरों में रियान पराग के साहसिक फैसलों से नेतृत्वकर्ता के तौर पर उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। उन्होंने आखिरी पलों में जोफ्रा आर्चर को 19वां और तुषार देशपांडे को 20वां ओवर सौंपा।
–इरफान पठान


# स्टेडियम

हल्द्वानी, सोमवार, 6 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

## आज के मुकाबले

कोलकाता नाइट राइडर्स
बनाम
पंजाब किंग्स

समय - शाम 7:30 बजे

# शमी की करिश्माई गेंदबाजी के बाद पंत के अर्धशतक से लखनऊ जीता

## आईपीएल-2026 : सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से शिकस्त दी

हैदराबाद, एजेंसी

मोहम्मद शमी (चार ओवर में नौ रन पर दो विकेट) की करिश्माई गेंदबाजी के बाद कप्तान ऋषभ पंत (50 गेंदों में नाबाद 68 रन) की जिम्मेदारी से की गई बल्लेबाजी के बूते लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) ने आईपीएल टी20 मैच में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से शिकस्त दी।

शमी ने मैच की शुरुआत में ही अभिषेक शर्मा (शून्य) और ट्रेविस हेड (सात) की खतरनाक सलामी जोड़ी को आउट कर सनराइजर्स को बैकफुट पर धकेल दिया। उन्होंने शानदार लाइन-लेंथ से गेंदबाजी कर सनराइजर्स के बल्लेबाजों के साथ उन्हें नजरअंदाज करने वाले राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से भी सवाल किया। सनराइजर्स को नौ विकेट पर 156 रन पर रोकने के बाद सुपर जायंट्स ने एडेन मारक्रम के 27 गेंदों में 46 और पंत की नाबाद पारी से एक गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर जीत का खाता खोला।

लक्ष्य का पीछा अंतिम ओवर में थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो गया, जब जीत के लिए नौ रन की जरूरत थी। लेकिन कप्तान ऋषभ पंत ने जयदेव उनादकट पर दो लगातार चौके जड़कर मैच को शानदार अंदाज में समाप्त किया। पंत ने दूसरी गेंद पर टेनिस की तरह फोरहैंड स्टाइल में शॉट मारा, जबकि मिड-ऑफ के ऊपर से चौके के साथ उन्होंने मैच को खत्म किया। हर्ष दुबे और शिवांग कुमार की शानदार स्पिन गेंदबाजी के सामने पंत ने धीमी पिच पर अपने शॉट्स का चयन बेहद समझदारी से करते हुए नौ चौके लगाए। शमी की चुनौती से निपटने के बाद हेनरिच क्लासेन और नीतिश कुमार रेड्डी की आक्रामक शतकीय साझेदारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पैंतीस साल के शमी के स्पैल के दौरान कप्तान इशान किशन (एक) प्रिंस यादव का शिकार बनकर सस्ते में पवेलियन लौटे। आक्रामक बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन भी लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत की शानदार विकेटकीपिंग का शिकार बने। शुरुआती 10 ओवर में 35 रन पर चार विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही हैदराबाद टीम के लिए क्लासेन (62 रन) और रेड्डी (56 रन) ने आक्रमण ही सर्वश्रेष्ठ बचाव की रणनीति पर अमल किया। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी के दौरान सात छक्के जड़े।


अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत। एजेंसी

### मैं बल्ले से जवाब देना जारी रखूंगा : पंत

हैदराबाद। टी20 बल्लेबाजी शैली को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच, कप्तान ऋषभ पंत ने स्पष्ट किया कि उनके लिए ड्रेसिंग रूम के अंदर की बातचीत सबसे अधिक मायने रखती है। उन्होंने कहामैं जानता हूं कि मैं अच्छी तैयारी कर रहा हूं। मैं चाहता हूं कि मेरा बल्ला ही बोले। मेरे साथी और टीम प्रबंधन मेरी मेहनत देखते हैं, वही मायने रखता है।

### अपने कौशल पर काम किया : शमी

हैदराबाद। तेज गेंदबाजी के अगुआ मोहम्मद शमी ने कहा कि घरेलू क्रिकेट के जरिए मैच के लिए तैयार रहना और अपने कौशल को निखारते हुए बेहतरीन फिटनेस बनाए रखना, उनके शानदार प्रदर्शन में अहम रहा। उन्होंने कहा अगर आप खेलना चाहते हैं तो खेल के साथ तालमेल बनाये रखना जरूरी है। आप फिट हैं, तभी कौशल पर काम कर सकते हैं।

### सनराइजर्स हैदराबाद

**156/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ट्रेविस हेड का मारक्रम बो शमी | 07 |
| अभिषेक शर्मा का सिद्धार्थ बो शमी | 00 |
| इशान किशन बो प्रिंस | 01 |
| लियाम लिविंगस्टोन का पंत बो राठी | |
| हेनरिच क्लासेन का पंत बो आवेश | 62 |
| नीतिश कुमार रेड्डी का प्रिंस बो सिद्धार्थ | 56 |
| अनिकेत वर्मा नाबाद | 02 |
| हर्ष दुबे बो आवेश | 00 |
| शिवांग कुमार बो प्रिंस | 05 |
| हर्षल पटेल रन आउट पंत | 04 |

**अतिरिक्त** : 05, **गेंदबाजी** : शमी 4-0-9-2, राठी 4-0-46-1, प्रिंस 4-0-34-2, सिद्धार्थ 4-0-29-1, आवेश 4-0-36-2

### लखनऊ सुपर जाएंट्स

**160/5** (19.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडेन मारक्रम का लिविंगस्टोन बो शिवांग | 45 |
| मिचेल मार्श का रेड्डी बो मलिंगा | 14 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 68 |
| आयुष बडोनी स्टंप किशन बो हर्ष | 12 |
| निकोलस पूरन रन आउट | 01 |
| अब्दुल समद का लिविंगस्टोन बो दुबे | 16 |
| मुकुल चौधरी नाबाद | 02 |

**अतिरिक्त** : 02, **गेंदबाजी** : हर्ष 4-0-18-2, रेड्डी 1-0-14-0, उनादकट 3.5-0-50-0, मलिंगा 4-0-30-1, हर्षल 3-0-16-0, शिवांग 4-0-30-1

## हाईलाइट

### ग्रीन जल्द ही गेंदबाजी करते दिखेंगे : साउदी

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजी कोच टिम साउदी ने रविवार को कहा कि आईपीएल के सबसे मंहगे विदेश खिलाड़ी कैमरन ग्रीन ने नेट में गेंदबाजी करना फिर से शुरू कर दिया है और वह जल्द ही मैच में गेंदबाजी करते दिखेंगे। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्रीन को 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा गया था लेकिन उन्होंने इस सत्र में अब तक गेंदबाजी नहीं की है क्योंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) उनकी पीठ की सर्जरी के बाद उनके कार्यभार पर नजर रख रहा है। साउदी ने केकेआर के पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हां, ग्रीन अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं और अपने उबरने पर काम कर रहे हैं।

### जीत से रियान पराग का बढ़ेगा आत्मविश्वास

**अहमदाबाद।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान का मानना है कि राजस्थान रॉयल्स की गुजरात टाइटंस पर रोमांचक जीत के दौरान डेथ ओवरों में रियान पराग के साहसिक फैसलों से नेतृत्वकर्ता के तौर पर उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। मौजूदा सत्र में रॉयल्स की कप्तानी संभालने वाले पराग ने आखिरी पलों में एक अहम रणनीति फैसला करते हुए जोफ्रा आर्चर को 19वां और तुषार देशपांडे को आखिरी ओवर सौंपा। उन्होंने कहा यह सत्र का सबसे अच्छा मैच था।

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 4.171 |
| 2. | दिल्ली कैपिटल्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.170 |
| 3. | पंजाब किंग्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 0.637 |
| 4. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 5. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | 0.275 |
| 6. | मुंबई इंडियंस | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.206 |
| 7. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.542 |
| 8. | गुजरात टाइटंस | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -0.424 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.964 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -2.562 |

### ऑरेंज कैप





समीर रिजवी
दिल्ली 160 रन
हेनरिच क्लासेन
हैदराबाद 145 रन
रोहित शर्मा
मुंबई 113 रन

### पर्पल कैप



रवि बिश्नोई
राजस्थान 5 विकेट
विजयकुमार वैशक
पंजाब 5 विकेट
टी नटराजन
दिल्ली 4 विकेट



# लगातार 150 की रफ्तार से गेंदबाजी करना चाहते हैं वैशाख

कोलकाता, एजेंसी

पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाख इंडियन आईपीएल में अपनी गेंदबाजी में विविधता लाने के साथ लगातार 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करना चाहते हैं। दो मैच में पांच विकेट लेकर वैशाख ने पिछले सत्र के पांच मैच में लिए गए चार विकेट के मुकाबले इस सत्र में कहीं ज्यादा बेहतर प्रदर्शन किया है।

उन्होंने 2023 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ अपने आईपीएल सफर की शुरुआत की थी जिसके बाद वह पंजाब किंग्स में शामिल हो गए। कर्नाटक के रहने वाले 29 वर्षीय वैशाख ने इस सत्र में अपनी 'वाइड यॉर्कर' और 'स्लो बाउंसर्स' से सभी को प्रभावित किया है। चेन्नई में सीएसके के खिलाफ पिछले मैच में उन्होंने शानदार फॉर्म में चल रहे आयुष म्हात्रे और सरफराज खान को आउट करके विपक्षी टीम को पांच विकेट पर 209 रन पर रोक दिया था जिसे उनकी टीम ने आसानी से हासिल कर लिया। पंजाब किंग्स वैशाख का इस्तेमाल मैच के तीन चरणों में कर रही है और यह तेज गेंदबाज इस चुनौती का भरपूर आनंद ले रहा है। आज के दौर में जब हर चीज का वीडियो विश्लेषण उपलब्ध है तो वैशाख का मानना है कि अपनी गेंदबाजी के कौशल में लगातार सुधार करते रहने के अलावा सफलता पाने का कोई और रास्ता नहीं है। उन्होंने सोमवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ होने वाले मैच से पहले कहा मैं उतनी तेज गेंदबाजी नहीं करता हूं जितनी तेज गेंदबाजी अन्य कर रहे हैं।

# पंजाब के खिलाफ जीत का खाता खोलने उतरेंगे नाइट राइडर्स

कोलकाता, एजेंसी

मुश्किलों में घिरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम सोमवार को यहां फॉर्म में चल रहे पंजाब किंग्स के खिलाफ जब मैदान पर उतरेगी तो उसकी नजरें जीत के साथ मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में अपने अंकों का खाता खोलने पर टिकी होंगी। तीन बार की चैंपियन टीम अपने शुरुआती संघर्ष के लिए शीर्ष तेज गेंदबाजों पेसर मुस्ताफिजुर रहमान, हर्षित राणा, आकाश दीप और मथीशा पथिराना की गैरमौजूदगी को जिम्मेदार ठहरा सकती है लेकिन बड़ा मुद्दा टीम की गलत रणनीति है जिसके कारण टीम ने अब तक अपने दोनों मैच गंवाए हैं। टीम को 2024 में उसे खिताब दिलाने वाले श्रेयस अय्यर को रिटेन (अपने साथ बरकरार रखना) नहीं करने का भी खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

अय्यर ने 2025 में अपनी अगुआई में पंजाब किंग्स को फाइनल में पहुंचाकर खुद को साबित किया है और तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी - दिल्ली कैपिटल्स (2020), नाइट राइडर्स (चैंपियन 2024) और पंजाब किंग्स (2025) - को फाइनल तक पहुंचाने वाले पहले कप्तान बने।

### टीम

**कोलकाता नाइट राइडर्स** : अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, फिन एलेन, तेजस्वी दहिया, मनीष पांडे, रोवमैन पावेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, सार्थक रंजन, टिम सीफर्ट, राहुल त्रिपाठी, दक्ष कामरा, कैमरन ग्रीन, सुनील नारायण, रचिन रविंद्र, वरुण चक्रवर्ती, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी, ब्लेसिंग मुजरबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी और उमरान मलिक।

**पंजाब किंग्स** : श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, निहाल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसेन, मार्कस स्टोइनिस, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्युसन, हरप्रीत बरार, विजयकुमार वैशाख, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, मुशीर खान, प्रवीण दुबे, विशाल निषाद, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह, पायला अविनाश और शशांक सिंह।

**मैच पर बारिश का साया** : मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के बुलेटिन के अनुसार मैच के दौरान बारिश की काफी संभावना है। बारिश के कारण मुकाबला बाधित या रद्द होने या कम ओवरों में होने की आशंका है। केकेआर का अगला घरेलू मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ बृहस्पतिवार को है और इस मैच पर भी बारिश का खतरा है। आईएमडी के अनुसार रविवार सुबह से लगातार बादल छाए हुए हैं और राज्य में रविवार से बृहस्पतिवार तक बारिश और तूफान के दौर चल सकते हैं जिनमें ओले और बिजली गिरने की संभावना है। बारिश की तीव्रता व क्षेत्रीय प्रभाव मंगलवार और बुधवार को चरम पर पहुंचने की संभावना है।

# आरसीबी ने बनाया 250 रनों का विशाल स्कोर


विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते टिम डेविड।

बेंगलुरु, एजेंसी

● डेविड, पाटीदार और पडीक्कल ने किया धमाल

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने टिम डेविड (नाबाद 70), देवदत्त पडीक्कल (50 रन) के अर्धशतकों के साथ कप्तान रजत पाटीदार की नाबाद 48 रन की पारी से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टी20 मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ तीन विकेट पर 250 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। पडिक्कल (29 गेंद, पांच चौके, दो छक्के) और डेविड (25 गेंद, तीन चौके, आठ छक्के) ने धमाकेदार हिटिंग का प्रदर्शन करते हुए सीएसके के बेबस गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। कप्तान पाटीदार ने 19 गेंदों में नाबाद 48 रन बनाए जिसमें एक चौका और छह छक्के जड़े थे। रनों की बारिश की शुरुआत पडीक्कल ने की जिन्होंने दो अहम साझेदारियां निभाईं। उन्होंने दूसरी विकेट के लिए फिल सॉल्ट (46 रन) के साथ 37 गेंद में 56 रन (37 गेंद) की और तीसरी विकेट के लिए कप्तान पाटीदार के साथ 21 गेंद में 58 रन की भागीदारी की। चिन्नास्वामी की पिच पर थोड़ी धीमी थी जिस पर बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद आरसीबी के लिए ये साझेदारियां बहुत अहम रहीं। दूसरी विकेट की साझेदारी के दौरान सॉल्ट ज्यादा हावी रहे और इस भागीदारी से टीम को विराट कोहली (28 रन) के जल्दी आउट होने के झटके से उबरने में मदद की। कोहली जब सात रन के स्कोर पर थे तब शिवम दुबे ने खलील अहमद की गेंद पर उनका कैच छोड़ दिया था। सॉल्ट की तेज पारी से घरेलू टीम को पावरप्ले में एक विकेट पर 51 रन तक पहुंचाने में मदद की। लेकिन सॉल्ट ज्यादा देर तक टिक नहीं पाए, उन्होंने दुबे की गेंद पर डीप में अहमद को एक आसान सा कैच थमा दिया। पडीक्कल इस समय तक 18 रन पर थे, उन्होंने दुबे की गेंद पर दो छक्के और एक चौका जड़ा। इसके साथ ही आरसीबी का रन रेट इस पारी में पहली बार 10 रन प्रति ओवर के आंकड़े को पार कर गया। उन्होंने मैट हेनरी की गेंद पर एक रन लेकर इस सत्र में अपना लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया। लेकिन फिर वह जेमी ओवरटन की गेंद पर 'रिवर्स स्कूप' खेलने की कोशिश में बोल्ड हो गए। लेकिन तब तक आरसीबी ने 11 से 15 ओवरों के बीच 62 रन बना लिए थे। पाटीदार ने डेविड के साथ मिलकर नींव को और मजबूत किया। आरसीबी का स्कोर 15 ओवरों के बाद तीन विकेट पर 153 रन था। इसके बाद टीम ने आखिरी पांच ओवरों में 97 रन और जोड़े। आखिरी ओवरों में की गई खराब गेंदबाजी का भी फायदा उठाया।

### चैलेंजर्स बेंगलुरु

**250/3** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| फिल सॉल्ट का नूर अहमद बो दुबे | 46 |
| विराट कोहली का दुबे बो कंबोज | 28 |
| देवदत्त पडीक्कल बो ओवरटन | 50 |
| रजत पाटीदार नाबाद | 48 |
| टिम डेविड नाबाद | 70 |

अतिरिक्त : 08, गेंदबाजी : खलील 4-0-37-0, हेनरी 3-0-36-0, कंबोज 4-0-52-1, नूर अहमद 4-0-49-0, ओवरटन 3-0-42-1, दुबे 2-0-30-1

**ग्रेनाडा विश्व कप** | पिछले साल के अपने दबदबे वाले प्रदर्शन को जारी रखने के संकल्प के साथ उतरेंगे

# भारतीय निशानेबाज अपनी छाप छोड़ने को तैयार

ग्रेनाडा (स्पेन), एजेंसी

भारतीय पिस्टल और राइफल निशानेबाज सोमवार से यहां होने वाले सत्र के शुरुआती आईएसएसएफ विश्व कप में पिछले साल के अपने दबदबे वाले प्रदर्शन को जारी रखने के संकल्प के साथ उतरेंगे। भारतीय पिस्टल और राइफल निशानेबाजों के लिए विश्व कप का पिछला सत्र शानदार रहा था, जहां उन्होंने लगभग हर प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए नए मानदंड स्थापित किए।

मोरक्को में आयोजित शॉटगन विश्व कप में निराशाजनक शुरुआत के बाद भारतीय निशानेबाजों का सारा ध्यान पिस्टल और राइफल स्पर्धाओं पर केंद्रित है। भारत का पिस्टल और राइफल से जुड़ी स्पर्धाओं में पारंपरिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है।



टीम नए सिरे से जीत की मानसिकता के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक होगी, जिसे ओलंपियन रिदम सांगवान, अंजुम मौदगिल और मेहुली घोष सहित देश के कुछ बेहतरीन निशानेबाजों की उपस्थिति से बल मिलेगा। टीम को हालांकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और विश्व चैंपियन सम्राट राणा के अनुभव की कमी खलेगी, क्योंकि वे दल का हिस्सा नहीं हैं। राष्ट्रीय महासंघ की रोटेशन नीति के तहत राष्ट्रीय टीम के सभी सदस्यों को हुनर दिखाने का मौका सुनिश्चित करने के लिए अनुभवी पिस्टल निशानेबाज भाकर, सुरुचि इंदर सिंह और सम्राट राणा सहित अन्य खिलाड़ी मई में म्यूनिख में होने वाले पिस्टल और राइफल विश्व कप में भाग लेंगे। सत्र के शुरुआती विश्व कप में भाग लेने वाली टीम में हालांकि सितारों की कोई कमी नहीं है। इनमें पिस्टल निशानेबाज संगवान पिछले दो वर्षों में विश्व कप में पदक से चूकने के सिलसिले को पीछे छोड़ने के साथ एशियाई खेलों में चयन के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने के उद्देश्य से पोडियम पर जगह बनाने के लिए उत्सुक होंगी। अनुभवी राइफल निशानेबाज अंजुम और मेहुली भी पिछले निराशाजनक प्रदर्शन के बाद नए सत्र में उतर रही हैं और इस महत्वपूर्ण वर्ष में एक मजबूत छाप छोड़ने के लिए उत्सुक होंगी। इसी तरह, 32 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी और महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन स्पर्धा की विशेषज्ञ अंजुम निराशाजनक सत्र के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म को फिर से हासिल करने के लिए उत्सुक होंगी। इस साल की शुरुआत में दिल्ली में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में उनका कांस्य पदक उन्हें विश्व कप से पहले आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान कर सकता है।

टीम का सबसे उत्साहजनक पहलू लगभग तीन साल बाद मूक एवं बधिर 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाज धनुष श्रीकांत की विश्व कप टीम में वापसी है। श्रीकांत पिछली बार बाकू में आयोजित 2022 विश्व कप में खेले थे और तब से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

### भारतीय दल

**पुरुष** : 10 मीटर एयर राइफल : गजानन खंडागले, अर्शदीप सिंह, धनुष श्रीकांत। 50 मीटर राइफल थ्री-पी : नीरज कुमार, अखिल श्योराण, चैन सिंह। 10 मीटर एयर पिस्टल : मुकेश नेलवल्ली, उज्जवल मलिक, प्रमोद। 25 मीटर रैपिडफायर : विजयवीर सिद्धू, नीरज कुमार, अंकुर गोयल। **महिला** : 10 मीटर एयर राइफल : सोनम मास्कर, श्रुति, मेहुली घोष। 50 मीटर राइफल 3-पी : आयुषी पोद्दार, अंजुम मौदगिल, सुरभि रापोल। 10 मीटर एयर पिस्टल : पलक, सैन्यम, मीनू पाठक। 25 मीटर पिस्टल : रिदम सांगवान, सिमरनप्रीत कौर बराड़, दिव्या टीएस। मिश्रित टीम : एयर राइफल : गजानन खंडागले / सोनम मास्कर, अर्शदीप सिंह / श्रुति।

# ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में बार्सीलोना ने मैड्रिड को हराया

मैड्रिड, एजेंसी

बार्सीलोना ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शनिवार को यहां ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे एटलेटिको मैड्रिड को 2-1 से हराकर खिताब जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। मालोर्का में रीयाल मैड्रिड की 1-2 की हार ने बार्सीलोना की स्थिति और मजबूत कर दी।

बार्सीलोना और एटलेटिको की टीम अब चैंपियन्स लीग के क्वार्टर फाइनल में भी दो बार भिड़ेंगी। बार्सीलोना की ओर से रॉबर्ट लेवानदोवस्की ने 87वें मिनट में विजयी गोल दागा। बार्सीलोना की यह सभी प्रतियोगिताओं में पिछले नौ मैच में आठवीं जीत है और टीम ने ला लीगा तालिका के शीर्ष पर



रीयाल मैड्रिड पर सात अंक की बढ़त बना ली है। बार्सीलोना के 30 मैच में 76 जबकि दूसरे स्थान पर चल रहे मैड्रिड के इतने ही मैच में 69 अंक हैं।

एटलेटिको की टीम 30 मैच में 57 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। अन्य मुकाबलों में रीयाल सोसीदाद ने लेवांते को 2-0 से हराया जबकि रीयाल बेटिस ने एस्पानयोल से गोल रहित ड्रॉ खेला।

### साउथम्पटन ने आर्सेनल, मैनचेस्टर सिटी ने लीवरपूल को हराया

**लंदन।** दूसरे टियर की टीम साउथम्पटन ने शनिवार को यहां एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रीमियर लीग में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल को 1-2 से हरा दिया जबकि मैनचेस्टर सिटी ने एर्लिंग हैलेंड की हैट्रिक से लीवरपूल को 4-0 से शिकस्त दी।